@Qpatrika @qaumipatrika hindi instagram.com/qaumipatrika

# कौमी पत्रिका

राष्ट्रीय दैनिक अखबार

दिल्ली-हरियाणा-पंजाब-चण्डीगढ़-उत्तर प्रदेश से प्रसारित

रविवार, 18 मई 2025

VISIT: www.qaumipatrika.in Email: qpatrika@gmail.com

R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472 सम्पादक - गुरचरन सिंह बब्बर वर्ष 18 अंक 187 qaumipatrikahindi 011-41509689, 23315814, 9312262300 गाजियाबाद संवत् 2077-78, पेज (12) मूल्य 3.00 रुपये (हवाई शुल्क 50 पैसे अतिरिक्त)

## सोच-समझकर ही किसी देश से व्यापार या पर्यटन करें: उपराष्ट्रपति धनखड़

**सी.चन्द्रा**

नई दिल्ली, 17 मई। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को कहा कि भारतीय लोग ऐसे देशों की अर्थव्यवस्था को मदद नहीं दे सकते जो भारत के हितों के खिलाफ काम कर रहे हैं। इसका मतलब यह है कि हमें ऐसे देशों से सामान खरीदने (आयात) या वहां घूमने (पर्यटन) से बचना चाहिए जो भारत विरोधी रुख अपनाते हैं। उनका यह बयान उस समय आया है जब तुर्किये और अजरबैजान के खिलाफ व्यापार और पर्यटन का बहिष्कार चल रहा है। इन दोनों देशों ने हाल ही में पाकिस्तान का साथ दिया, जब भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत आतंकवादी ठिकानों पर हमला किया था। एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि हर व्यक्ति को देश की सुरक्षा में सहयोग देना चाहिए। खासकर व्यापार, वाणिज्य, और उद्योग जैसे क्षेत्र सुरक्षा मामलों में बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने आगे कहा, क्या हम ऐसे देशों को सशक्त बना सकते हैं जो हमारे खिलाफ हैं? समय आ गया है कि हम सभी को आर्थिक राष्ट्रवाद के बारे में गंभीरता से सोचना चाहिए। उपराष्ट्रपति धनखड़ ने यह भी कहा कि हम अब ऐसे देशों की अर्थव्यवस्था को और मजबूत नहीं कर सकते जो संकट के समय भारत के खिलाफ खड़े होते हैं। उनका कहना था कि हर चीज को देशभक्ति के आधार पर देखना जरूरी है। तुर्किये ने पाकिस्तान का समर्थन किया और भारत द्वारा पाकिस्तान और पाकिस्तान-अधिकृत कश्मीर (पीओके) में आतंकियों पर किए गए हमलों की आलोचना की।



# पाकिस्तान के आतंकी चेहरे को बेनकाब करेगी सांसदों की टीमें

**सिम्मी कौर बब्बर**

नई दिल्ली, 17 मई। पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत सरकार आतंकवाद के खिलाफ अपने जीरो टॉलरेंस के संदेश को वैश्विक पटल पर मजबूती से रखने के लिए इस महीने के अंत में सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल को प्रमुख साझेदार देशों में भेजेगी। संसदीय कार्य मंत्रालय की शनिवार को जारी एक बयान में कहा गया, ये सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल भारत की आतंकवाद के विरुद्ध एकमत और दृढ़ रणनीति को दुनिया के सामने रखेगा। वे आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों के खिलाफ भारत के सख्त रुख का संदेश लेकर जाएंगे। सरकार ने इन प्रतिनिधिमंडलों का नेतृत्व करने वाले नेताओं का चयन सभी प्रमुख राजनीतिक दलों से किया है, जो कई वैचारिक पृष्ठभूमि से आते हैं। इनमें से हर एक प्रतिनिधिमंडल करीब पांच देशों का दौरा कर सकता है। इनमें शामिल होंगे संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सदस्य देश और भारत के प्रमुख रणनीतिक साझेदार। बयान में यह भी कहा गया कि हर प्रतिनिधिमंडल में भारत के वरिष्ठ और अनुभवी राजनयिक भी शामिल होंगे। सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल में चार नेता राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) से हैं, जबकि तीन विपक्षी इंडिया गठबंधन से आते हैं। सूत्रों के अनुसार, प्रत्येक प्रतिनिधिमंडल लगभग पांच देशों का दौरा कर सकता है। मंत्रालय के बयान में यह भी बताया गया कि प्रत्येक प्रतिनिधिमंडल में प्रतिष्ठित राजनयिक भी शामिल होंगे। बयान में कहा गया, ऑपरेशन सिंदूर और सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ भारत की सतत लड़ाई की पृष्ठभूमि में ये सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल इस महीने के अंत में महत्वपूर्ण साझेदार देशों और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सदस्य देशों का दौरा करेंगे। वहीं इसे लेकर संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने एक्स पर लिखा, जो क्षण सबसे ज्यादा मायने रखते हैं, उनमें भारत एकजुट होता है। जल्द ही सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल प्रमुख देशों का दौरा करेंगे और आतंकवाद के खिलाफ हमारी साझा नीति को दुनिया के सामने रखेंगे। उन्होंने यह भी कहा, यह राजनीतिक मतभेदों से ऊपर उठकर राष्ट्रीय एकता का मजबूत प्रतीक है। वहीं इसे लेकर कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा कि, मैं भारत सरकार के निमंत्रण से सम्मानित महसूस कर रहा हूं, जिसमें मुझे हाल की घटनाओं पर हमारे देश का दृष्टिकोण पांच महत्वपूर्ण देशों की राजधानियों में जाकर प्रस्तुत करने के लिए सभी दलों के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने को कहा गया है। जबकि एनसीपी एसपी सांसद सुप्रिया सुले ने कहा, पीएम मोदी ने सांसदों की सात समितियां बनाई हैं, जो दूसरे देशों में जाकर ऑपरेशन सिंदूर की कहानी का हमारा पक्ष उन देशों के सामने रखेंगी। कल मुझे केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू का फोन आया, जिन्होंने मुझे इनमें से एक समिति का हिस्सा बनने के लिए कहा। यह बहुत स्पष्ट है कि जब हमारे देश का सवाल होता है, तो हम सब एक साथ होते हैं। सांसदों की प्रत्येक समिति में पांच सदस्य होंगे, जो लगभग 10 दिनों के दौरे पर जाएंगे, जिसमें पांच से आठ देश शामिल होंगे। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, कल सुबह संसदीय कार्य मंत्री ने कांग्रेस अध्यक्ष और लोकसभा में विपक्ष के नेता से बात की। पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद को लेकर भारत के रुख को समझाने के लिए विदेश भेजे जाने वाले प्रतिनिधिमंडलों के लिए चार सांसदों के नाम प्रस्तुत करने के लिए कहा गया था। उन्होंने कहा कि शुक्रवार दोपहर को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने संसदीय कार्य मंत्री को कांग्रेस की ओर से चार नाम देते हुए पत्र लिखा।

रमेश के अनुसार, राहुल गांधी ने प्रतिनिधिमंडल के लिए आनंद शर्मा, गौरव गोगोई, सैयद नासिर हुसैन और राजा बरार का नाम दिया है।



## आप ने लाखों युवाओं को नशे से निकाला बाहर: केजरीवाल

**कौमी संवाददाता**

नई दिल्ली, 17 मई। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को लुधियाना में नशा मुक्त यात्रा को संबोधित किया। केजरीवाल ने कहा आम आदमी पार्टी लाखों युवाओं को नशे की गिरफ्त से मुक्त करवाकर सराहनीय काम कर रही है। पंजाब के गांव अब नशा मुक्त हो चुके हैं। आज एक-एक करके नशा तस्करों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे डाला जा रहा है। बीते दो महीनों में 10 हजार से अधिक नशा तस्करों को पकड़ा गया है। इन नशा तस्करों में 1700 छोटे नशा तस्कर है लेकिन 8300 नशा तस्कर इनमें से बड़े नशा तस्कर हैं। अरविंद केजरीवाल ने कहा पंजाब में इस सराहनीय काम को लेकर हर कोई सीएम भगवंत मान की तारीफ कर रहा है। यह



एक बड़ी कार्रवाई है और एक स्वस्थ, नशा मुक्त समाज के निर्माण की दिशा में एक मजबूत भरा कदम है। अरविंद केजरीवाल ने कहा लोग कह रहे हैं कि छोटे-छोटे नशा तस्कर पकड़े जा रहे हैं लेकिन ऐसा नहीं है। पुलिस ने बड़े-बड़े नशा तस्करों को पकड़ा है। बता दें कि पंजाब सरकार ने इस साल के फरवरी माह से नशे के खिलाफ पंजाब सरकार के अभियान... युद्ध नशे के विरुद्ध को को चलाया था। इसके तहत पंजाब सरकार ने नशा तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कई नशा तस्करों के घरों पर बुलडोजर से कार्रवाई की।

### कंडाघाट नागरिक अस्पताल को पर्याप्त धन उपलब्ध करवाएगी सरकार: सीएम सुक्खू

शिमला। सोलन जिला के कंडाघाट क्षेत्र के एक प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से भेंट कर उन्हें क्षेत्र की विभिन्न मांगों से अवगत करवाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार सोलन क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता प्रदान कर रही है। सुक्खू ने कहा कि सरकार क्षेत्र के लोगों को विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए कंडाघाट नागरिक अस्पताल के सुदृ?ीकरण करने के लिए पर्याप्त धनराशि उपलब्ध करवाएगी। विद्यार्थियों को उनके घर-द्वार के समीप गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए कंडाघाट में आधुनिक सुविधाओं, खेल मैदान, प्रयोगशालाओं आदि से युक्त राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल का निर्माण भी किया जा रहा है। राज्य सरकार विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा सुविधा प्रदान करने के लिए चायल क्षेत्र में आधुनिक सुविधाओं से लैस स्कूल खोलने की संभावनाएं तलाशेगी। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि राज्य सरकार उनकी मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करेगी। इस अवसर पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. कर्नल धनी राम शांडिल तथा जोगिंद्रा केंद्रीय सहकारी बैंक के अध्यक्ष मुकेश शर्मा भी उपस्थित रहे।

## मुझे मंत्री पद का वादा किया गया: केएम शिवलिंगे गौड़ा

बंगलूरू, 17 मई। कर्नाटक की सियासत में इन दिनों मंत्रिमंडल के विस्तार को लेकर गर्माहट तेज है। अटकलें इस बात की तेज है कि कर्नाटक में किसी भी दिन मंत्रिमंडल के विस्तार की घोषणा हो सकती है। ऐसे में कांग्रेस विधायकों की नजर मंत्रिमंडल पर है। इसी बीच कांग्रेस विधायक केएम शिवलिंगे गौड़ा ने मंत्रिमंडल को लेकर खुलकर अपनी मांग रखी है। जहां शनिवार उन्होंने कहा कि उन्हें मंत्री पद का वादा कर जेडीएस से कांग्रेस में लाया गया था और अब उन्हें भरोसा है कि आगामी कैबिनेट विस्तार में उन्हें मंत्री बनाया जाएगा। अरसीकेरे से चार बार विधायक रह चुके गौड़ा ने कहा कि कैबिनेट विस्तार अभी होना बाकी है, लेकिन जब भी होगा, मुझे मंत्री बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने सार्वजनिक रूप से कई बार कहा है कि सरकार के ढाई साल पूरे होने के बाद मुझे मंत्री पद देंगे। उन्होंने आगे कहा कि मैं हासन जिले से कांग्रेस का इकलौता विधायक हूं, पार्टी को मजबूत करने के लिए मुझे मंत्री बनाया जाना चाहिए। यही राजनीतिक गणित है। गौड़ा 2023 विधानसभा चुनाव से पहले जेडीएस छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुए थे। राज्य में सरकार बनने के बाद से अब तक कोई कैबिनेट फेरबदल नहीं हुआ है। ऐसे में कई विधायकों की ओर से मंत्री बनने की मांग की जा रही है। कुछ विधायकों, जैसे कि गौड़ा ने तो यह इच्छा खुलकर जाहिर भी की है। कर्नाटक में कांग्रेस विधायकों की तरफ से मंत्री पद को लेकर उठ रही मांग के बीच शुक्रवार को राज्य गृह मंत्री जी परमेश्वर ने प्रतिक्रिया दी थी।

## कांग्रेस में होना और कांग्रेस का होना, दोनों में अंतर है: जयराम रमेश

**नरेश मल्होत्रा**

नई दिल्ली, 17 मई। ऑपरेशन सिंदूर के बाद आतंकवाद के खिलाफ भारत के कड़े रुख का संदेश लेकर जाने वाले सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल में शामिल किए जाने पर कांग्रेस सांसद शशि थरूर पर महासचिव जयराम रमेश ने तंज कसा है। जयराम रमेश ने थरूर का नाम लिए बगैर कहा कि कांग्रेस में होना और कांग्रेस का होना में अंतर है। कांग्रेस विशाल गंगा जैसी है, जिसकी कई सहायक नदियां हैं। उनमें से कुछ सूख जाती हैं और कुछ प्रदूषित हो जाती हैं। केंद्र सरकार ने पाकिस्तान के खिलाफ भारत का संदेश लेकर विदेश जाने के लिए सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल बनाए हैं। एक प्रतिनिधिमंडल की कमान कांग्रेस सांसद शशि थरूर को मिली है। इस पर सियासत तेज हो गई है। दरअसल कांग्रेस ने जिन चार नामों का प्रस्ताव भेजा था, उनमें शशि थरूर का नाम नहीं था। केंद्र सरकार ने थरूर का नाम खुद से प्रस्तावित किया है। इसे लेकर जयराम रमेश ने कहा कि कांग्रेस में होना और कांग्रेस का होना, जमीन-आसमान का अंतर है। सरकार पार्टी से विचार विमर्श किए बिना उनके किसी सांसद को प्रतिनिधिमंडल में शामिल नहीं कर सकती। यह अच्छी लोकतांत्रिक परंपरा रही है कि आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल में शामिल होने वाले सांसद भी अपने पार्टी नेतृत्व से अनुमति लेते हैं। शशि थरूर पर कार्रवाई को लेकर कांग्रेस महासचिव ने कहा कि सरकार ने कांग्रेस से चार नाम मांगे थे और उसने वे चार नाम भेज दिए हैं। कांग्रेस की ओर से नामों में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा। गेंद अब सरकार के पाले में है। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू की कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व पार्टी प्रमुख राहुल गांधी के साथ बातचीत के दौरान किसी नाम पर चर्चा नहीं हुई। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने के लिए नामांकन स्वीकार करते हुए थरूर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि मैं हाल की घटनाओं पर हमारे देश का दृष्टिकोण प्रस्तुत करने के लिए एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने के लिए भारत सरकार के निमंत्रण से सम्मानित महसूस कर रहा हूं। जब राष्ट्रीय हित की बात होगी और मेरी सेवाओं की आवश्यकता होगी, तो मैं पीछे नहीं रहूंगा। जय हिंद! कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि निश्चित रूप से जब राष्ट्र को मेरी सेवाओं की आवश्यकता होती है, तो मैं उपलब्ध रहता हूं। इसका पार्टी राजनीति से कोई लेना-देना नहीं है। यह इससे संबंधित है कि हमारे देश ने हाल के दिनों में क्या-क्या झेला है और हमें एकजुटता दिखाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि मेरी पार्टी के नेतृत्व को मेरी योग्यताओं या कमी के बारे में अपनी राय रखने का अधिकार है, और मुझे लगता है कि यह वास्तव में उन्हें ही समझाना है।



## मानवता के लिए खतरा बन गया है पाकिस्तान: ओवैसी

**तेजिन्दर कौर बब्बर**

इस्लामाबाद, 17 मई। एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने एक बार फिर पाकिस्तान को लताड़ लगाई है। ओवैसी ने कहा है कि पाकिस्तान मानवता के लिए खतरा बन गया है। ओवैसी ने कहा कि पाकिस्तान आतंकवादियों को ट्रेनिंग, फंडिंग और हथियार दे रहा है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान भारत की अर्थव्यवस्था को बर्बाद करना चाहता है। गौरतलब है कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद से ही असदुद्दीन ओवैसी कई बार पाकिस्तान को निशाने पर ले चुके हैं। एआईएमआईएम प्रमुख ने कहा कि पाकिस्तानी डीप स्टेट और पाकिस्तानी सेना का उद्देश्य भारत की अर्थव्यवस्था को तबाह करना और समुदायों में बंटवारा कराना है। गौरतलब है कि ओवैसी को भी सरकार ने सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल में शामिल किया है। इस पर उन्होंने कहा कि वे विदेशी सरकारों के सामने पाकिस्तान को बेनकाब करेंगे। ओवैसी ने कहा कि पाकिस्तान खुद को इस्लाम और सभी मुसलमानों के रहनुमा के तौर पर पेश करता है, लेकिन यह पूरी तरह से बकवास है। भारत में भी 20 करोड़ मुसलमान हैं और वे पाकिस्तान की कार्रवाई की आलोचना करते हैं। हैदराबाद से सांसद ओवैसी ने कहा कि पाकिस्तान 1948 से ही भारत को अस्थिर करने की कोशिश कर रहा है और अभी भी वह इसी में लगा हुआ है और मुझे नहीं लगता कि वह कभी ऐसा करना बंद करेगा। भारत सरकार को पाकिस्तान का विरोध करना चाहिए, लेकिन कश्मीरियों को अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि दुनिया को इस बारे में बताया जाएगा कि पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद लंबे समय से निर्दोष लोगों की जान ले रहा है। भारत पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद का पीड़ित है। हमने पूरा तमाशा देखा है और जिया उल हक के समय से लोगों को मारा जा रहा है। ओवैसी ने कहा कि भारत को पाकिस्तान की आतंकवाद की नीति को उस समय समझ जाना चाहिए था, जब उसने आजादी के तुरंत बाद कबीलाई घुसपैठियों को जम्मू कश्मीर भेजा था। पाकिस्तान तब से ही ये तमाशा कर रहा है और रुकने का नाम नहीं ले रहा है, लेकिन पहलगाम आतंकी हमले से भारत के सब्र का पैमाना छलक गया है। ओवैसी ने आगे कहा कि अभी तक, मुझे पता है कि मैं जिस ग्रुप में हूं, उसका नेतृत्व मेरे अच्छे दोस्त बैजयंत जय पांडा करेंगे। मुझे लगता है कि इसमें निशिकांत दुबे, फंगनन कोन्याक, रेखा शर्मा, सतनाम सिंह संधू और गुलाम नबी आज़ाद शामिल होंगे। उन्होंने मुझे लगता है कि हम जिन देशों में जाएंगे, वे हैं यूके, फ्रांस, बेल्जियम, जर्मनी, इटली और डेनमार्क। असदुद्दीन ओवैसी ने आगे कहा कि पाकिस्तानियों ने शायद ही कभी मुझ जैसा बेबाक और हैंडसम कोई देखा हो। वे सिर्फ मुझे ही देखते हैं। उन्हें मुझे सुनते रहना चाहिए, इससे उनकी जानकारी बढ़ेगी और उनकी गलतफहमियां दूर होंगी। उन्होंने आगे कहा कि पाकिस्तान की अमेरिका के साथ ट्रेड सिर्फ 10 बिलियन डॉलर की है, जबकि भारत की अमेरिका के साथ 150 बिलियन डॉलर से ज्यादा की।



## टीएमसी सांसद ने सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल में शामिल होने से किया इनकार

नई दिल्ली, 17 मई। सरकार ने टीएमसी सांसद सुदीप बंदोपाध्याय को सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल में शामिल होने का निमंत्रण दिया था, लेकिन टीएमसी सांसद ने इसमें शामिल होने से इनकार कर दिया। गौरतलब है कि आतंकवाद के खिलाफ जीरो टोलेरेंस की नीति, पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर को लेकर भारत के पक्ष को दुनिया के देशों के सामने रखने के लिए सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का एलान किया है। सरकार सात प्रतिनिधिमंडलों को अलग-अलग देशों के दौरे पर भेजेगी, जिसके हर प्रतिनिधिमंडल में छह से सात सांसद होंगे। टीएमसी सांसद सुदीप बंदोपाध्याय ने अपने इनकार की वजह बताते हुए कहा कि मुझे संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू और विदेश मंत्रालय की तरफ से कॉल आई थी और मुझे अमेरिका जाने को कहा गया था, लेकिन मैंने उन्हें बताया कि मैं स्वास्थ्य कारणों से नहीं जा सकूंगा। संसदीय कार्य मंत्रालय ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में बताया कि सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल आतंकवाद से निपटने के लिए भारत की राष्ट्रीय सहमति और दृढ़ दृष्टिकोण को दुनिया के सामने रखेंगे।

## देश के बहादुर सैनिकों ने अनुशासन के साथ ऑपरेशन सिंदूर को दिया अंजाम: मुख्यमंत्री

**सौरभ शर्मा**

चण्डीगढ, 17 मई: हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हमारे बहादुर सैनिकों ने जिस साहस, निष्ठा और अनुशासन के साथ ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया है उससे एहसास होता है कि यह केवल एक सैन्य अभियान नहीं, बल्कि हमारी राष्ट्रीय गरिमा का प्रतीक भी बन चुका है। मुख्यमंत्री ने यह बात आज लाडवा विधानसभा क्षेत्र के गांव बुहावी में तिरंगा यात्रा से पूर्व उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कही। इस अवसर पर भारी संख्या में उपस्थित युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों ने मुख्यमंत्री की अगुवाई में तिरंगा यात्रा में भाग लिया और देश के वीर सैनिकों व ऑपरेशन सिंदूर में शहीद हुए सैनिकों के सम्मान में चलाई जा रही इस मुहिम में ब?-च? कर योगदान दिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने गावं बुहावी की ग्राम पंचायत को विकास कार्यों के लिए 21 लाख रुपये देने की घोषणा की। श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि आज का यह दिन केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि राष्ट्रभक्ति के जज्बे और बलिदान की भावना को सच्ची श्रद्धांजलि देने का अवसर है। हम यहां तिरंगा यात्रा के माध्यम से उन महान सपूतों को नमन करने के लिए एकत्रित हुए हैं, जिन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के तहत देश की रक्षा की और चार दिनों में ही पाकिस्तान को घुटनों पर लाने का काम किया। उन्होंने कहा कि वे उन वीर सैनिकों को नमन करते हैं जिन्होंने ऑपरेशन सिंदूर में भाग लिया। साथ ही वे उन माताओं को भी प्रणाम करते हैं जिन्होंने ऐसे वीरों को जन्म दिया। उन्होंने कहा कि आज उपस्थित सभी लोग इस तिरंगा यात्रा के माध्यम से संकल्प लें कि वे आतंक के विरुद्ध हमेशा एकजुट ख? रहेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा की वीर भूमि से लाखों जवान भारत माता की सेवा के लिए तत्पर रहते हैं। हमारे गांव-गांव के जवान वीरता की मिसाल बन चुके हैं। इस तिरंगा यात्रा के माध्यम से आपने पूरे हरियाणा और देश को यह संदेश दिया है की देशभक्ति गांव की मिट्टी के कण-कण में बसी हुई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का यह संदेश पूरी दुनिया ने सुना कि भारत अपने नागरिकों की सुरक्षा के लिए किसी भी हद तक जाएगा। यही है नए भारत का आत्मविश्वास, यही है विकसित भारत की पहचान। उन्होंने कहा कि हमारी सेनाओं ने ऑपरेशन सिंदूर में आतंकवादियों के अड्डों को नेस्तनाबूद कर पाकिस्तान को स्पष्ट संदेश दिया कि भारत की संप्रभुता पर हमला करने का अंजाम बहुत बुरा होता है। ऑपरेशन सिंदूर में सेना ने पाकिस्तान के 9 आतंकी ठिकाने और पाकिस्तान के 11 एयरबेस को ध्वस्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर ही नहीं बल्कि गैर-सैन्य कार्रवाइयां करते हुए सिंधु जल संधि निलंबित करने के साथ-साथ वीजा, व्यापार सब कुछ बंद कर दिया। भारत में रह रहे पाक नागरिकों को वापिस भेजा, साथ ही अटारी बॉर्डर सील किया गया और पाकिस्तान को पूरे संसार से अलग-थलग कर दिया। उन्होंने कहा कि यह युद्ध नहीं था, यह नए भारत का प्रतिशोध था। श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत सीता नवमी के दिन नौ ठिकानों पर हमला किया गया। पहलगाम में हमारी बहन-बेटियों के सिंदूर उजा? गये थे। इसलिए इस ऑपरेशन का नाम सिंदूर रखा गया। उन्होंने कहा कि पहलगाम में महिलाओं को जिंदा छो?कर आतंकवादियों ने कहा था कि मोदी को जाकर बता देना। अब प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें बता दिया है कि भारत की अस्मिता पर आंख उठाने वालों का क्या हाल होता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब अंतरराष्ट्रीय मंचों पर सीजफायर की बात हुई, तो भारत ने फिर संयम और शांति की मिसाल पेश की। वह केवल एक सैन्य निर्णय नहीं, बल्कि मानवीयता की ओर उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम है। यह हमारे देश की परिपक्वता, विवेकशीलता और आत्मबल का प्रमाण है। भारत युद्ध का पक्षधर नहीं है, लेकिन जब तक शांति को कमजोरी समझा जाएगा, तो भारत चुप नहीं रहेगा। यही शौर्य और संयम भारत को एक महान राष्ट्र बनाता है।



## पाकिस्तान को पहले सूचना देना अपराध: राहुल गांधी

**कौमी संवाददाता**

नई दिल्ली, 17 मई। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को ऑपरेशन सिंदूर को लेकर केंद्र सरकार पर बड़ा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान को पहले से जानकारी दी, जो एक गंभीर अपराध है। साथ ही उन्होंने पूछा कि ऐसा करने की इजाजत किसने दी और इस कारण वायुसेना को कितने विमान खोने पड़े? बता दें कि राहुल गांधी ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वीडियो साझा किया, जिसमें विदेश मंत्री एस. जयशंकर यह कहते हुए नजर आ रहे हैं कि हमने पाकिस्तान को संदेश भेजा था कि हम आतंकवादी ठिकानों पर हमला कर रहे हैं, सेना पर नहीं। सेना चाहे तो इसमें हस्तक्षेप न करे। लेकिन उन्होंने हमारी सलाह नहीं मानी। जयशंकर की टिप्पणी पर राहुल गांधी ने सवाल खड़ा करते हुए जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि हमले की शुरुआत में पाकिस्तान को सूचित करना एक अपराध है। विदेश मंत्री ने खुद ये बात मानी है। किसने इसकी अनुमति दी? क्या इससे हमारी वायुसेना को नुकसान हुआ? हालांकि, भारत सरकार की प्रेस इंफॉर्मेशन ब्यूरो (पीआईबी) ने राहुल गांधी के दावे को गलत बताया है। पीआईबी की फैक्ट चेक यूनिट ने कहा कि विदेश मंत्री जयशंकर ने ऐसा कोई बयान नहीं दिया है, उन्हें गलत तरीके से पेश किया गया है। गौरतलब है कि 6 से 7 मई की दरमियानी रात को 1ः05 बजे से लेकर 1ः30 बजे तक सशस्त्र बलों ने ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया। 25 मिनट के इस ऑपरेशन में 24 मिसाइलों के जरिए नौ आतंकी शिविरों को ध्वस्त कर दिया गया। इन नौ ठिकानों में से पांच पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में थे, वहीं चार पाकिस्तान में थे। इन ठिकानों में आतंकियों को भर्ती किया जाता था। उन्हें प्रशिक्षित किया जाता था।

# यूक्रेन ने लड़ाकू मिशन पर एफ-16 जेट से संपर्क खो दिया




**एजेंसी**
**कीव।** यूक्रेनी वायु सेना ने कहा कि उसने लड़ाकू मिशन के दौरान एक एफ-16 लड़ाकू जेट से संपर्क खो दिया। वायु सेना ने एक बयान में कहा कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, पायलट द्वारा तीन हवाई लक्ष्यों को नष्ट करने और विमान की तोप से चौथे को नष्ट करने के बाद विमान में एक आपात स्थिति उत्पन्न हुई, पायलट ने विमान को आबादी वाले क्षेत्रों से दूर ले जाने में कामयाबी हासिल की और फिर विमान से बाहर निकल गया और बाद में उसे ढूंढकर निकाला गया। यूक्रेन ने बताया कि पिछले महीने एक 26 वर्षीय पायलट एफ-16 से जुड़े लड़ाकू मिशन पर मारा गया था। यूक्रेन को अगस्त 2024 में एफ-16 लड़ाकू विमानों का पहला बैच प्राप्त हुआ।


# अबू धाबी में यूएई, अमेरिकी राष्ट्रपतियों ने साझेदारी बढ़ाने के लिए वार्ता की

अबू धाबी, 16 मई (वार्ता) संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान ने अबू धाबी में राष्ट्रपति भवन में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ वार्ता की। जिसमें दोनों देशों की अपनी रणनीतिक साझेदारी को गहरा करने की प्रतिबद्धता की पुष्टि की गई। यूएई की सनकारी समाचार एजेंसी डब्ल्यूएएम ने यह जानकारी दी।डब्ल्यूएएम के अनुसार दोनों नेताओं ने निवेश, ऊर्जा, उन्नत प्रौद्योगिकी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और उद्योग सहित कई क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। शेख मोहम्मद ने यूएई-अमेरिका संबंधों की गहराई पर प्रकाश डाला, जो उन्होंने कहा कि पांच दशकों से अधिक समय तक फैला हुआ है। उन्होंने बहुपक्षीय सहयोग और अंतरराष्ट्रीय भागीदारों, विशेष रूप से संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ घनिष्ठ समन्वय के माध्यम से वैश्विक शांति, स्थिरता और समृद्धि के लिए यूएई के समर्पण की पुष्टि की।



# पुतिन ने की रूसी सुरक्षा परिषद के उप प्रमुख की नियुक्ति

**मास्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने सेना के जनरल ओलेग साल्युकोव को रूसी सुरक्षा परिषद का उप सचिव नियुक्त किया है । रूसी सरकार द्वारा प्रकाशित एक आधिकारिक आदेश में यह जानकारी दी गयी। जनरल साल्युकोव को रूसी ग्राउंड फोर्सेज के कमांडर-इन-चीफ के अपने वर्तमान पद से मुक्त कर दिया जाएगा, जिस पद पर वह 2014 से है। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने प्रमुख सैन्य अभियानों की देखरेख की और मॉस्को में रेड स्क्वायर पर विजय दिवस सैन्य परेड की कमान संभाली, जिसमें इस साल 9 मई को आयोजित सबसे हालिया परेड भी शामिल है। तास समाचार एजेंसी ने बताया। रिपोर्ट में कहा गया है कि 1955 में सारातोव में जन्मे जनरल साल्युकोव दशकों का अनुभव रखने वाले सैन्य अधिकारी हैं।



# नाइजीरिया में लासा बुखार से मरने वालों की संख्या 138 हुई

**अबूजा।** अफ्रीका के सबसे अधिक आबादी वाले देश नाइजीरिया में लासा बुखार के प्रकोप से मरने वालों की संख्या इस साल की शुरुआत से 138 हो गई है। सार्वजनिक स्वास्थ्य अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अपनी वेबसाइट पर पोस्ट किए गए एक बयान में, नाइजीरिया रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र (एनसीडीसी) ने कहा कि अब तक 717 पुष्ट मामले दर्ज किए गए हैं। एनसीडीसी ने कहा कि इस साल अब तक देश के 36 राज्यों में से कम से कम 18 राज्य वायरल रक्तस्रावी बीमारी से प्रभावित हुए हैं, जिसमें दक्षिणी राज्य ओंडो और उत्तरी राज्य बाउची और तराबा सबसे अधिक प्रभावित हैं, जहाँ कुल पुष्ट मामलों का 71 प्रतिशत से अधिक हिस्सा है। सार्वजनिक स्वास्थ्य एजेंसी के अनुसार, इस विकास ने ÷देशव्यापी हस्तक्षेप के बावजूद लगातार हॉटस्पॉट का संकेत दिया है।÷ एनसीडीसी ने कहा कि नवीनतम मृत्यु दर के साथ, मृत्यु दर बढ़कर 19.2 प्रतिशत हो गई है, तथा कुल मिलाकर, हताहतों की संख्या में यह वृद्धि चिंताजनक बनी हुई है।



# सुप्रीम कोर्ट से ट्रम्प प्रशासन को झटका, वेनेजुएला के लोगों को अमेरिका से निकालने पर रोक लगाई


**एजेंसी**
**वाशिंगटन।** अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट से ट्रम्प प्रशासन को करारा झटका लगा है। अदालत ने वेनेजुएला के लोगों को देश से निकालने पर रोक लगा दी है। अदालत ने कहा है कि लोगों को देश से निकालने से पहले उन्हें कानूनी प्रक्रिया अपनाने का पूरा मौका देना चाहिए। उधर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अदालत के फैसले पर नाराजगी व्यक्त की है। टेक्सास के एक हिरासत केन्द्र में वेनेजुएला के लोग बंद हैं। ट्रम्प प्रशासन वेनेजुएला के लोगों को सन 1798 में बने एलियन एनिमीज एक्ट के तहत देश से बाहर भेजना चाहता है। मानवाधिकार संगठन अमेरिकन सिविल लिबर्टीज यूनियन (एसीएलयू) के जरिए मामला अदालत पहुंचा। अदालत ने सुनवाई के बाद कहा कि 24 घंटे में बिना सुनवाई अप्रवासी लोगों को अमेरिका से बाहर भेजना सही नहीं हैं। एसीएलयू के प्रवक्ता के मुताबिक सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले को निचली अदालत सर्किट कोर्ट को भेज दिया है, जिससे इस मुद्दे वर विस्तार से सुनवाई हो सके। उधर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद डोनाल्ड ट्रम्प ने गहरी नाराजगी व्यक्त की है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि सुप्रीम कोर्ट हमे अपराधियों को देश से बाहर निकालने की इजाजत नहीं दे दे रहा। गौरतलब है कि इससे पहले यह मामला अमेरिका का निचली अदालत में पहुंचा था। लेकिन अदालत ने इसे सुनने से इंकार कर दिया था। उसके बाद एसीएलयू संगठन ने सुप्रीम कोर्ट ने दस्तक दी थी। क्या है एलियन एनिमीज एक्ट एलियन एनिमीज एक्ट एक युद्ध कालीन कानून है। इसके तहत अमेरिकी राष्ट्रपति को शत्रु देशों के नागिरकों को हिरासत में लेने या फिर देश से बाहर निकालने का अधिकार है। यह कानून 1798 में बनाया गया था। इस कानून को आखिरीबार द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान लागू किया था। इसके बाद अब ट्रम्प ने इस कानून का प्रयोग वेनेजुएला के लोगों के ऊपर कर रहे हैं।



# शहबाज ने माना-नूरखान एयरबेस पर किया था भारत ने हमला

**एजेंसी**
**इस्लामाबाद।** तमाम झूंठ बोलने के बाद आखिर पाकिस्तान ने भारत द्वारा किए गए एयरबेस व अन्य स्थानों पर हमलों की बात मान ली है। वहां के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कबूल किया है कि भारत की सेना ने रावल पिंडी स्थित नूर खान एयरबेस समेत कई स्थानों पर हमले किए थे।

पहलगाम हमले के बाद भारत ने पहले जहां पाकिस्तान स्थित आतंकवादियों के ठिकानों पर एयर स्ट्राइक कर उन्हें तबाह किया, वहीं उसके बाद वहां के एयरबेस को हमला बनाया था। इस दौरान भारत ने रावलपिंडी के नूरखान, पंजाब के रहीम यार खान, सरगोधा समेत 11 प्रमुख एयरबेस पर बैलिस्टक मिसाइलों से हमला किया था। भारतीय हमले में पाकिस्तान के नौ एयरबेस को भारी नुकसान पुहंचा था। लेकिन पाकिस्तान इन हमलों को लगातार नकार रहा था। यहां तक कि संसद तक में वहां के विदेश मंत्री समेत कई नेताओं ने झूठ बोलते हुए उल्टे भारत को भारी नुकसान होने की बात कही थी। लेकिन अब देर से सही पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने नूर खान एयरबेस पर भारत के हमले की बात स्वीकार कर ली है। द पैट्रियट के मुताबिक शुक्रवार की रात को पाकिस्तान के प्रधानमंत्री ने स्वीकार किया कि दस मई की रात करीब ढाई बजे सेना प्रमुख आसिम मुनीर का उनके पास सेफ लाइन से फोन आया था। उन्होंने बताया था कि भारत की बैलिस्टक मिसाइलों ने नूर खान एयरबेस समेत कई इलाकों को नुकसान पहुंचाया है।



# इज़रायल के बेन गुरियन हवाई अड्डे पर ताज़ा मिसाइल हमले की ज़िम्मेदारी ली हूती ने

**एजेंसी**
**सना/यरूशलम।** यमन के हूती समूह ने कहा कि उसने मध्य इज़रायल में बेन गुरियन हवाई अड्डे पर एक नया बैलिस्टिक मिसाइल हमला किया है, जिसे कथित तौर पर रात में इज़रायली रक्षा प्रणालियों द्वारा रोक दिया गया था। हूती के सैन्य प्रवक्ता याह्या सरिया ने हूती द्वारा संचालित अल-मसीरा टीवी द्वारा प्रसारित एक बयान में कहा, ÷हमने हाइपरसोनिक बैलिस्टिक मिसाइल का उपयोग करके बेन गुरियन हवाई अड्डे को निशाना बनाकर एक गुणात्मक सैन्य अभियान चलाया। प्रवक्ता ने कहा कि ÷बेन गुरियन हवाई अड्डे पर हवाई नेविगेशन पर प्रतिबंध लगाने के लिए हूतियों का अभियान तब तक जारी रहेगा जब तक कि इज़रायल गाजा पट्टी के फिलिस्तीनी एन्क्लेव के खिलाफ़ अपना आक्रमण और नाकाबंदी समाप्त नहीं कर देता। इससे पहले रात में इज़रायल रक्षा बलों ने एक बयान में कहा कि उन्होंने यमन से दागी गई एक मिसाइल को रोक दिया। प्रक्षेपण के बाद, आईडीएफ ने मध्य इज़रायल के क्षेत्रों में निवासियों को एक स्मार्टफोन एप्लिकेशन अलर्ट जारी किया। लगभग दो मिनट बाद, उन क्षेत्रों में सायरन सक्रिय हो गए, जिससे निवासियों को आश्रय लेना पड़ा। इज़रायल की राष्ट्रीय आपातकालीन सेवा, मैगन डेविड एडोम ने बताया कि कुछ मामलों में घबराहट और आश्रय की ओर भागते समय लोगों के घायल होने के अलावा कोई हताहत नहीं हुआ।



# अमेरिका ने उन्नत मिसाइलों के लिए तुर्की को 22.5 करोड़ डॉलर की विदेशी सैन्य बिक्री को मंजूरी दी

**एजेंसी**
**वाशिंगटन।** अमेरिका ने उन्नत मध्यम दूरी की हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलों (एएमआरएएएम) के लिए तुर्की को 22.5 करोड़ डॉलर की विदेशी सैन्य बिक्री को मंजूरी प्रदान की है। विदेश मंत्रालय ने घोषणा की कि 22.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर की अनुमानित लागत पर तुर्की को एआईएम-120सी-8 उन्नत मध्यम दूरी की हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलों और संबंधित रसद एवं कार्यक्रम समर्थन तत्वों की संभावित विदेशी सैन्य बिक्री को मंजूरी प्रदान करने का निर्णय लिया गया है।

मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि प्रस्तावित बिक्री नाटो सहयोगी की सुरक्षा में सुधार करके अमेरिकी विदेश नीति के लक्ष्यों और राष्ट्रीय सुरक्षा का समर्थन करेगी, जो यूरोप में राजनीतिक और आर्थिक स्थिरता के लिए एक ताकत बनी हुई है। बयान में कहा गया है कि यह प्रस्तावित बिक्री तुर्की को अपनी मातृभूमि और वहां तैनात अमेरिकी कर्मियों की रक्षा करने में सहायता करने के लिए एक महत्वपूर्ण हवाई रक्षा क्षमता प्रदान करेगी। तुर्की को इन वस्तुओं एवं सेवाओं को अपने सशस्त्र बलों में शामिल करने में कोई कठिनाई नहीं होगी। इस उपकरण एवं सहायता की प्रस्तावित बिक्री से क्षेत्र में बुनियादी सैन्य संतुलन में कोई बदलाव नहीं आएगा।



# जलवायु परिवर्तन का वैश्विक प्रभाव कम करने के लिए भारत सरकार प्रतिबद्ध : भूपेन्द्र यादव



**एजेंसी**
**काठमांडू।** भारत सरकार के वन तथा वातावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव ने कहा है कि जलवायु परिवर्तन के वैश्विक प्रभाव से भारत बहुत ही गंभीरता से लेता है और इसके समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। नेपाल सरकार की ओर से जलवायु परिवर्तन का हिमालयी क्षेत्रों पर पड़ने वाले असर को लेकर आयोजित सागरमाथा संवाद कार्यक्रम में भूपेन्द्र यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जलवायु परिवर्तन के कारण होने वाले प्रभाव को कम करने के लिए सतत प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन में भारत की भूमिका न्यूनतम है, लेकिन उसके प्रभाव को कम करने के लिए प्रयास अधिकतम हो रहा है। अपने संबोधन के दौरान मंत्री भूपेन्द्र यादव ने माना कि जलवायु परिवर्तन का नकारात्मक असर हिमालयी क्षेत्र के देशों में हो रहा है। उन्होंने बताया कि भारत भी इसके प्रभाव से अछूता नहीं है। उनका कहना है कि भारत के हिमालयी क्षेत्र के प्रदेश की जनता की चिंता को राष्ट्रीय महत्व के साथ देखती है और उसे समाधान के उपायों को लेकर कार्य कर रही है।

# सुप्रीम कोर्ट से ट्रम्प प्रशासन को झटका, वेनेजुएला के लोगों को अमेरिका से निकालने पर रोक लगाई

**एजेंसी**
**वाशिंगटन।** अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट से ट्रम्प प्रशासन को करारा झटका लगा है। अदालत ने वेनेजुएला के लोगों को देश से निकालने पर रोक लगा दी है। अदालत ने कहा है कि लोगों को देश से निकालने से पहले उन्हें कानूनी प्रक्रिया अपनाने का पूरा मौका देना चाहिए। उधर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अदालत के फैसले पर नाराजगी व्यक्त की है। टेक्सास के एक हिरासत केन्द्र में वेनेजुएला के लोग बंद हैं। ट्रम्प प्रशासन वेनेजुएला के लोगों को सन 1798 में बने एलियन एनिमीज एक्ट के तहत देश से बाहर भेजना चाहता है। मानवाधिकार संगठन अमेरिकन सिविल लिबर्टीज यूनियन (एसीएलयू) के जरिए मामला अदालत पहुंचा। अदालत ने सुनवाई के बाद कहा कि 24 घंटे में बिना सुनवाई अप्रवासी लोगों को अमेरिका से बाहर भेजना सही नहीं हैं। एसीएलयू के प्रवक्ता के मुताबिक सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले को निचली अदालत सर्किट कोर्ट को भेज दिया है, जिससे इस मुद्दे वर विस्तार से सुनवाई हो सके। उधर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद डोनाल्ड ट्रम्प ने गहरी नाराजगी व्यक्त की है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि सुप्रीम कोर्ट हमे अपराधियों को देश से बाहर निकालने की इजाजत नहीं दे दे रहा। गौरतलब है कि इससे पहले यह मामला अमेरिका का निचली अदालत में पहुंचा था। लेकिन अदालत ने इसे सुनने से इंकार कर दिया था। उसके बाद एसीएलयू संगठन ने सुप्रीम कोर्ट ने दस्तक दी थी। क्या है एलियन एनिमीज एक्ट एलियन एनिमीज एक्ट एक युद्ध कालीन कानून है। इसके तहत अमेरिकी राष्ट्रपति को शत्रु देशों के नागिरकों को हिरासत में लेने या फिर देश से बाहर निकालने का अधिकार है। यह कानून 1798 में बनाया गया था। इस कानून को आखिरीबार द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान लागू किया था। इसके बाद अब ट्रम्प ने इस कानून का प्रयोग वेनेजुएला के लोगों के ऊपर कर रहे हैं।



# नेपाल दौरे पर भारतीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने प्रधानमंत्री, विदेश मंत्री सहित अन्य से मुलाकात



**एजेंसी**
**काठमांडू।** नेपाल के दौरे पर आये भारत के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने आज नेपाल में कई बैठकें की हैं। इनमें प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली, विदेश मंत्री डॉ. आरजू राणा और वन मंत्री ऐन बहादुर शाही के साथ अलग-अलग मुलाकात हुई। नेपाल सरकार की ओर से आयोजित सागरमाथा संवाद में शामिल होने आए मंत्री भूपेन्द्र यादव ने प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली के साथ शिष्टाचार मुलाकात की है। प्रधानमंत्री के सरकारी निवास पर इस मुलाकात के दौरान ओली ने भारत के केन्द्रीय मंत्री से आग्रह किया कि जलवायु परिवर्तन के असर को लेकर भारत एक हिमालयी देशों की एक बैठक आयोजन करे, जिसमें पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन के असर पर और उसके उपायों पर चर्चा हो सके। प्रधानमंत्री ओली के साथ अन्य द्विपक्षीय मुद्दों के अलावा पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन के क्षेत्र में दोनों पड़ोसी देशों की साझा समस्या और साझा एजेंडा बनाकर सहकार्य करने को लेकर चर्चा हुई। मंत्री भूपेन्द्र यादव ने कहा कि भारत पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन के मुद्दे को भारत हमेशा ही प्राथमिकता में रखा है और आने वाले दिन में भारत के ही नेतृत्व में विश्व कल्याण के लिए ऐसे मुद्दों को आगे ले जाएगी। भूपेन्द्र यादव ने आज ही नेपाल की विदेश मंत्री डॉ. आरजू राणा से मुलाकात की है। इस बैठक के दौरान उन्होंने नेपाल-भारत संबंधों, आपसी हितों और सहयोग के विभिन्न आयामों पर चर्चा की। इस अवसर पर विदेश मंत्री राणा ने सागरमथा संबाद के उद्घाटन संस्करण में भाग लेने के लिए मंत्री यादव और भारत सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया। केन्द्रीय मंत्री यादव ने नेपाल के वन तथा पर्यावरण मंत्री ऐन बहादुर शाही के साथ साइडलाइन द्विपक्षीय बैठक की। इस दौरान नेपाल की तरफ से भारत के साथ साझा एजेंडा बनाकर वन, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन के क्षेत्र में सहयोग करने का आग्रह किया।

# पाकिस्तान में अहमदिया समुदाय के डाक्टर की गोली मारकर हत्या

**एजेंसी**
**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में अब अहमदिया समुदाय पर भी हिंसा होना शुरू हो गई है। बीती रात अहमदिया समाज के वरिष्ठ डाक्टर शेख महमूद की गोली मारकर हत्या कर दी गई। एक हमलावर उनके क्लीनिक में घुसा और गोलियों की बौछार कर दी। हमलाकर मौके से फरार होने में सफल रहा। पिछले दो महीने में अहमदिया समुदाय के तीसरे व्यक्ति की हत्या है। जमात ए अहमदिया पाकिस्तान (जेएपी) के मुताबिक घटना पाकिस्तान में पंजाब प्रांत के सरगोधा में शाम की है। डा. शेख महमूद अपने क्लीनिक पर थे। तभी उन पर हमला कर दिया गया। डाक्टर की हत्या करने में तहरीक ए पाकिस्तान का हाथ होने की आशंका व्यक्त की जा रही है। उनकी हत्या को लेकर मानवाधिकार समूहों ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की है। डा. शेख महमूद मानवतावादी थे, इसलिए उन्हें समय-समय पर चरमपंथियों से धमकियां मिलती रहती थीं। वह पहले सरकारी नौकरी में थे। लेकिन चरमपंथी गुट तहरीक ए पाकिस्तान के दबाव में उन्हें नौकरी छोड़नी पड़ी थी। इस घटना के बाद अहमदिया समुदाय में भय का माहौल है। उन्होंने सुरक्षा की मांग की है।



# संयुक्त राष्ट्र मिशन ने हिंसक झड़पों के बाद सशस्त्र समूहों से लीबिया की राजधानी से हटने का किया आग्रह

**एजेंसी**
**त्रिपोली।** लीबिया में संयुक्त राष्ट्र सहायता मिशन (यूएनएसएमआईएल) ने गुरुवार को सशस्त्र समूहों से लीबिया की राजधानी त्रिपोली से तुरंत हटने और अपने बैरकों में लौटने का आह्वान किया, क्योंकि दो दिनों तक हिंसक झड़पों में कम से कम छह लोग मारे गए थे।

**कौमी पत्रिका**
**संपादक-गुरचरन सिंह बब्बर**
स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक, गुरचरन सिंह बब्बर ने कौमी पत्रिका प्रिटिंग प्रेस, सेक्टर ए-4/ए-144 इंडस्ट्रीयल एरिया ट्रोनिका सिटी लोनी (गाजियाबाद), उत्तर प्रदेश से छापकर प्रकाशित किया।
**Corporate Office:**
5, Bahadurshah Zafar Marg
ITO, New Delhi-110002
फोन : 011-41509689, 23315814
**मोबाइल नंबर** : 9312262300
**E - mail address :** qpatrika@gmail.com
**Website:** www.qaumipatrika.in
**R.N.I. No.**
**UP-HIN/2007/21472**
**Legal Advisors:**
Advocate Mohd. Sajid
Advocate Dr. A.P.Singh
Advocate Manish Sharma
Advocate Pooja Bhaskar Sharma

# गाजा में जारी युद्ध को लेकर मैं नेतन्याहू से निराश नहीं : डोनाल्ड ट्रंप

**एजेंसी**
**वाशिंगटन ।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि गाजा में जारी संघर्ष के बीच भी वह इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से 'निराश' नहीं हैं। ट्रंप ने फॉक्स न्यूज के ब्रेट बैयर को अबू धाबी से दिए गए साक्षात्कार में नेतन्याहू का बचाव करते हुए कहा, 'नहीं, देखिए, उनके सामने मुश्किल स्थिति है। आपको याद रखना होगा, 7 अक्टूबर की वह घटना थी जिसे हर कोई भूल जाता है। यह दुनिया के इतिहास में सबसे हिंसक दिनों में से एक था, मध्य पूर्व में नहीं, बल्कि दुनिया में, जब आप टेप (रिकॉर्डेड क्लिप्स) देखते हैं।'

'यह समस्या कभी नहीं होनी चाहिए थी।' दरअसल, मध्य पूर्व की अपनी पहली आधिकारिक विदेश यात्रा के दौरान ट्रंप इजरायल में नहीं रुके, और सीधे सऊदी अरब, कतर और संयुक्त अरब अमीरात पहुंचे। सवाल इसी रवैए को लेकर पूछा गया था। बैयर ने ट्रंप से पूछा कि क्या उन्हें लगता है कि नेतन्याहू का मानना है कि ईरान के साथ संभावित परमाणु समझौता क्षेत्र के लिए बुरा है, क्योंकि प्रशासन वार्ता में लगा हुआ है। ट्रंप ने जवाब दिया, बीबी, वह एक गुस्सैल आदमी हैं, और उन्हें 7 अक्टूबर की वजह से ऐसा होना चाहिए, और वह इससे बुरी तरह आहत हुए हैं, लेकिन दूसरे तरीके देखें तो उन्हें काफी मदद भी मिली है क्योंकि मुझे लगता है कि उन्होंने कड़ी मेहनत और बहादुरी से लड़ाई लड़ी है।हालांकि ट्रंप बार-बार कहते रहे हैं कि अमेरिका को गाजा अपने कब्जे में लेना चाहिए और उसकी तरक्की पर ध्यान दिया जाना चाहिए। अमेरिकी राष्ट्रपति ने दोहराया कि इस क्षेत्र को स्वतंत्र क्षेत्र बनना चाहिए।ट्रंप ने कहा, गाजा एक बुरा स्थान है। यह सालों से ऐसा ही है। मुझे लगता है कि इसे एक मुक्त क्षेत्र बन जाना चाहिए, मैं इसे स्वतंत्र क्षेत्र कहता हूं। उनके पास हमास है। हर जगह हर कोई मारा जा रहा है। मेरा मतलब है, क्या आपने कभी अपराध के आंकड़ों के बारे में बात की है? यह एक बुरी जगह है। राष्ट्रपति ट्रंप ने शुक्रवार को संकेत दिया कि वे चाहते हैं कि गाजा की डांवाडोल स्थिति को संभालने में अमेरिका मदद करे, उन्होंने कहा कि बहुत से लोग भूख से मर रहे हैं और उन्हें अगले महीने बहुत सारी अच्छी चीजों की उम्मीद है।ट्रंप ने मध्य पूर्व की अपनी यात्रा के बाद अमेरिका लौटते समय एयर फोर्स वन में संवाददाताओं से कहा, मुझे लगता है कि अगले महीने बहुत सारी अच्छी चीजें होने वाली हैं, और हम देखेंगे, हमें फ़लिस्तीनियों की भी मदद करनी होगी।जब एक संवाददाता ने पूछा कि क्या वे गाजा में युद्ध की इजरायली योजनाओं का समर्थन करते हैं? तो राष्ट्रपति ने जवाब दिया- आप जानते हैं, गाजा में बहुत से लोग भूख से मर रहे हैं, इसलिए हमें दोनों पक्षों को देखना होगा।उन्होंने कहा, लेकिन हम अच्छा काम करने जा रहे हैं। तीन खाड़ी देशों की अपनी यात्रा के अंतिम चरण में संयुक्त अरब अमीरात में ट्रंप ने दोहराया- ÷हम गाजा को देख रहे हैं, और हमें दोनों पक्षों को देखना होगा। इसका ध्यान रखा जाना चाहिए। बहुत से लोग भूख से मर रहे हैं। बहुत से लोग। बहुत सी बुरी चीजें हो रही हैं।

इजरायली सेना ने गुरुवार को गाजा में जबरदस्त एयर स्ट्राइक की। इस हमले में 100 से ज्यादा लोग मारे गए। गाजा सिविल डिफेंस के अनुसार, उत्तरी गाजा में जबाल्या और दक्षिण में खान यूनिस में बहुत से लोग हताहत हुए।

गुरुवार को, अमेरिकी राष्ट्रपति ने कतर में एक व्यापार गोलमेज सम्मेलन में गाजा पट्टी पर कब्जा करने की अपनी इच्छा दोहराई और कहा कि अमेरिका इसे एक स्वतंत्रता क्षेत्र बनाएगा।

## दिल्ली विश्वविद्यालय में वाइस चांसलर इंटर्नशिप स्कीम का तीसरा दिनः छात्रों का उत्साह चरम पर

एजेंसी
**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय में वाइस चांसलर इंटर्नशिप स्कीम का आज तीसरा दिन छात्रों के लिए नई सीख और अनुभवों से भरपूर रहा। इस दो महीने की ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप के दौरान चयनित छात्र विश्वविद्यालय के विभिन्न प्रशासनिक विभागों में 20 घंटे प्रति सप्ताह कार्य करेंगे। इंटर्नशिप में भाग ले रही नेहा ने कहा कि यह इंटर्नशिप हमारे लिए एक अनूठा अवसर है। जिससे हम विश्वविद्यालय की कार्यप्रणाली को नजदीक से समझ पा रहे हैं और प्रशासनिक कार्यों में भागीदारी कर रहे हैं। एक अन्य छात्र यश ने बताया कि इस इंटर्नशिप के माध्यम से हमें नेतृत्व कौशल, टीमवर्क और निर्णय लेने की क्षमता विकसित करने का अवसर मिल रहा है। यह हमारे करियर के लिए बेहद लाभकारी है। यह दो महीने का इंटर्नशिप कार्यक्रम जून और जुलाई के दौरान आयोजित किया जा रहा है। जिसमें चयनित छात्रों को विश्वविद्यालय के विभिन्न प्रशासनिक विभागों में व्यावहारिक अनुभव प्रदान किया जाएगा। इस इंटर्नशिप के लिए छात्रों को प्रति माह ?11,025 का स्टाइपेंड प्रदान किया जाएगा। यह इंटर्नशिप छात्रों को विश्वविद्यालय की कार्यप्रणाली में व्यावहारिक अनुभव प्रदान करती है। जिससे वे अपने करियर में आगे बढ़ने के लिए आवश्यक कौशल विकसित कर सकते हैं।

## ठगी के मामले में आरोपित गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दक्षिणी दिल्ली जिला की साइबर थाना पुलिस ने मनी ट्रांसफर एजेंट से ठगी करने वाले एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित सूरज शर्मा ने ठगी के पैसे से आई-फोन खरीदा था। पुलिस ने आरोपित के पास से आई-फोन बरामद कर लिया है। फिलहाल पुलिस ने आरोपित को जेल भेज दिया है। दक्षिण जिले के डीसीपी अंकित चौहान ने बताया कि साइबर थाना पुलिस को ठगी की शिकायत मिली। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि वह छतरपुर इलाके में मनी ट्रांसफर सेवा संचालित करता है। 27 मई को उसके पास एक अज्ञात नंबर से फोन आया। फोन करने वाले ने बताया कि उसका भाई आपकी दुकान पर पैसे ट्रांसफर करवाने के लिए आने वाला है। फोन कटते ही एक शख्स उसकी दुकान पर आया और भुगतान के लिए एक क्यूआर कोड दिखाया। फोन पर बात करने वाल ने पीड़ित से 70 हजार रुपये हस्तांतरित करवा लिए। कॉलर ने बताया कि वह नगदी वापस करेगा। जब मनी ट्रांसफर एजेंट ने कैश मांगा तो पैसे ट्रांसफर करवाने वाले शख्स ने बताया कि वह तो रैपिडो चालक है और उसे सिर्फ क्यूआर कोड देकर भेजा गया था। एजेंट को ठगी का एहसास होने पर उसने पुलिस को मामले की शिकायत की। पुलिस ने रैपिडो बाइक चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ की और सबूत जमा किए। साथ ही बैंक खाते का सावधानीपूर्वक विश्लेषण किया। तकनीकी विवरण की मदद से संदिग्ध को ट्रैक किया तो पता चला कि ठगी गई राशि का इस्तेमाल बुराड़ी में एक मोबाइल की दुकान से आईफोन खरीदने के लिए किया गया था।

## सरोजनी नगर में दस दिवसीय विकसित भारत ग्रीष्मकालीन कला कार्यशाला का आयोजन

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने सरोजनी नगर स्थित नवयुग स्कूल में आयोजित 10 दिवसीय विकसित भारत ग्रीष्मकालीन कला कार्यशाला का उद्घाटन किया। यह कार्यशाला 16 से 25 मई तक, पंचतंत्र की कहानियों के विषय पर आधारित हैं और कक्षा 5वीं से 11वीं तक के छात्रों के लिए आयोजित की गई है। उद्घाटन के बाद चहल ने कहा कि हमने एनडीएमसी के स्कूली छात्रों को देश के विभिन्न राज्यों की कलाओं से अवगत कराने के लिए देश के कोने-कोने से प्रसिद्ध कलाकारों को आमंत्रित किया है, ताकि हमारे छात्र देश के विभिन्न क्षेत्रों की कलाओं का अनुभव कर सकें और उसे अपने ज्ञान में शामिल कर सकें। कुलजीत सिंह चहल ने आगे कहा कि कला एक ऐसी विधा है जिसकी अपनी सार्वभौमिक भाषा होती है। जिसे हर कोई कहीं भी समझ सकता है। दुनिया की अनेक भाषाएं और उनके अनुभव कला के माध्यम से ही पूरे विश्व में एक समान रूप से समझे जाते हैं। यही कला की सर्वोच्च शक्ति है। चहल ने कहा कि आज का भारत न केवल विकसित भारत बनने की ओर अग्रसर है, बल्कि एक वीर भारत भी बन रहा है। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता इसी वीर भारत का प्रमाण है।

## निजामुद्दीन में चाकू से गला रेतकर युवक की हत्या, पांच को पकड़ा

**नई दिल्ली।** दिल्ली के निजामुद्दीन इलाके में एक युवक की गला रेतकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान मोहम्मद साद (18) के रूप में हुई है। पुलिस ने वारदात में शामिल नाबालिग समेत पांच आरोपितों को पकड़ा है। पकड़े गए आरोपितों की पहचान अल्तमश , फैजान, दिलशाद और अबरार उर्फ साबू व एक नाबालिग के रूप में हुई है। मुख्य आरोपित इसमें अल्तमश मृतक के दोस्त की प्रेमिका का भाई है। दक्षिण पूर्वी जिले के डीसीपी रवि कुमार सिंह ने बताया कि निजामुद्दीन में नाले की तरफ एक युवक का शव पड़ा होने की सूचना मिली थी। पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो पता लगा गला रेतकर वारदात को अंजाम दिया गया है। जांच में मृतक की पहचान निजामुद्दीन बस्ती निवासी मोहम्मद साद के रूप में हुई। जांच में सामने आया कि उसके खिलाफ दो आपराधिक मामले दर्ज थे। पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की।

# ऑपरेशन सिंदूर प्रधानमंत्री मोदी की दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति का प्रतीक : अमित शाह

एजेंसी
**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने नई दिल्ली के नॉर्थ ब्लॉक में नए मल्टी एजेंसी सेंटर (एमएसी) का उद्घाटन किया। इस अवसर पर अमित शाह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति, खुफिया एजेंसियों की सटीक सूचनाओं और हमारी तीनों सेनाओं की अचूक मारक क्षमता का अनूठा प्रतीक है। भारत को अपनी तीनों सेनाओं, सीमा सुरक्षा बल और सभी सुरक्षा एजेंसियों पर गर्व है। केंद्रीय गृहमंत्री ने हाल ही में छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा पर कर्रेगट्टालु हिल्स (केजीएच) में केंद्रीय अर्धसैनिक बलों द्वारा चलाए गए ऐतिहासिक नक्सल विरोधी अभियानों के बारे में कहा कि नक्सलियों के खिलाफ ये ऐतिहासिक अभियान हमारे सुरक्षा बलों के बीच बेहतरीन समन्वय को



प्रदर्शित करते हैं। इसी तरह का समन्वय ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भी देखने को मिला, जिससे पता चलता है कि हमारी खुफिया एजेंसियों तथा तीनों सशस्त्र बलों द्वारा कार्य को अंजाम देने की प्रक्रिया और सोच में काफी बेहतर समन्वय है। अमित शाह ने कहा कि नया एमएसी आज के परिवेश में सामने आ रही जटिल और परस्पर जुड़ी राष्ट्रीय सुरक्षा चुनौतियों से निपटने में सभी एजेंसियों के प्रयासों में तालमेल बिठाने के लिए एक सहज और एकीकृत मंच प्रदान करेगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह नया नेटवर्क आतंकवाद, उग्रवाद, संगठित अपराध और साइबर हमलों जैसे गंभीर खतरों से निपटने के लिए देश के प्रयासों को मजबूत करेगा। उन्होंने नए एमएसी नेटवर्क की सराहना की और रिकॉर्ड समय में हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर से संबंधित कार्यों को सफलतापूर्वक पूरा करने पर संतोष व्यक्त किया। इसमें एम्बेडेड एआई/एमएल तकनीक जैसी भविष्य की क्षमताओं को शामिल किया गया है ताकि एमएसी और जीआईएस सेवाओं के साथ विशाल डेटाबेस की क्षमता का दोहन किया जा सके। उन्होंने नए एमएसी के साथ उपलब्ध उन्नत डेटा एनालिटिक्स का लाभ उठाने के लिए विभिन्न साइलो में विभिन्न केंद्रीय एजेंसियों के पास मौजूद अन्य महत्वपूर्ण डेटाबेस को इस प्लेटफॉर्म पर एकीकृत करने की आवश्यकता पर बल देते हुए भविष्य की रूपरेखा भी रखी।

## एनआईए ने पंजाब में बबर खालसा आतंकी समूह से जुड़े 15 स्थानों पर की छापेमारी

एजेंसी
**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने पंजाब के गुरदासपुर जिले में दिसंबर में हुए पुलिस थाने पर ग्रेनेड हमले के संबंध में बबर खालसा आतंकी समूह से जुड़े 15 स्थानों पर छापेमारी की। ये छापेमारी गुरदासपुर, बटाला, अमृतसर और कपूरथला में की गई। इस दौरान कई आपत्तिजनक सामग्री, मोबाइल और दस्तावेज़ जब्त किए गए।इन छापेमारी का लक्ष्य अमेरिका में स्थित बबर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) ऑपरेटर और गैंगस्टर हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी पासियन से जुड़े संदिग्धों को पकड़ना था। हैप्पी के सहयोगियों में शमशेर सिंह शेरा उर्फ हनी भी शामिल है। पाकिस्तान में स्थित बीकेआई आतंकवादी हारविंदर सिंह उर्फ रिंदा को हाल ही में कई ग्रेनेड हमलों का मुख्य आरोपित माना गया है। गुरदासपुर जिले के पुलिस स्टेशन घनी के बंगर पर हाथ से ग्रेनेड हमले के मामले में एनआईए की जांच में पता चला है कि गिरफ्तार आरोपितों ने हैप्पी के निर्देश पर कार्य किया। बीकेआई के ऑपरेटिव विभिन्न देशों में सक्रिय हैं और भारत में सहयोगियों को भर्ती करने, धन, हथियार और विस्फोटक प्रदान करने की साजिश में लिप्त हैं। एनआईए इस मामले में आगे की जांच जारी रखे हुए है। यह मामला मंत्रालय के निर्देश पर दर्ज किया गया है।

## एनसीआर में मौसम का बदला मिजाज, धूप-बारिश और आंधी से लोग परेशान

एजेंसी
**नई दिल्ली।** एनसीआर (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र) में मौसम ने एक बार फिर करवट ली है। एक तरफ दिन के समय तेज धूप और भीषण गर्मी से लोग परेशान हैं, तो वहीं सुबह और शाम के वक्त मौसम थोड़ा सुहावना हो रहा है। मौसम विभाग ने आगामी दिनों में तेज बारिश, आंधी और बिजली गिरने की चेतावनी भी जारी की है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) की वेबसाइट से प्राप्त जानकारी के अनुसार, 17 मई और 18 मई को क्षेत्र में गरज के साथ बारिश और आंधी आने की संभावना है। साथ ही धूल भरी हवाएं चलने की चेतावनी दी गई है। इस दौरान सतही हवाएं भी तेज रहेंगी। अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 26 से 28 डिग्री के आसपास रहने की संभावना है। इन दिनों में आंधी-तूफान के साथ बिजली गिरने का भी अलर्ट जारी किया गया है। 19 और 20 मई को भी तेज सतही हवाएं दिन के समय सक्रिय रहेंगी। हालांकि, 21 और 22



मई को मौसम कुछ हद तक सामान्य रहने की संभावना जताई गई है। इन दिनों आसमान आंशिक रूप से बादलों से घिरा रहेगा और कोई चेतावनी जारी नहीं की गई है। तापमान इस दौरान भी 38 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना है, जिससे गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद कम ही है। मौसम में लगातार हो रहे इन बदलावों ने लोगों की दिनचर्या को प्रभावित किया है। एक तरफ जहां सुबह और शाम को हल्की ठंडक महसूस हो रही है, वहीं दोपहर के समय चिलचिलाती धूप और गर्म हवाओं से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो रहा है। बारिश और आंधी के बावजूद तापमान में गिरावट नहीं देखी जा रही, बल्कि अधिकतम और न्यूनतम तापमान दोनों में बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह बदलाव जलवायु परिवर्तन का एक संकेत हो सकता है। साथ ही, इस प्रकार का मौसम न केवल आम जनमानस को प्रभावित कर रहा है, बल्कि किसानों और दिहाड़ी मजदूरों के लिए भी कठिनाइयां खड़ी कर रहा है। मौसम विभाग ने नागरिकों को सतर्क रहने और आवश्यक सावधानियां बरतने की सलाह दी है, खासकर उन लोगों को जो खुले में कार्य करते हैं या यात्रा कर रहे हैं।

## 'ऑपरेशन सिंदूर' पर सवाल उठाना दुर्भाग्यपूर्ण : नलिन कोहली

एजेंसी
**नई दिल्ली।** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता नलिन कोहली ने 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेताओं द्वारा उठाए गए सवालों को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। उन्होंने कहा कि यह बेहद चिंताजनक है कि हमारे देश में कुछ राजनीतिक दल और उनके नेता ऐसे गंभीर और संवेदनशील मुद्दों पर भी राजनीति करने से बाज नहीं आ रहे हैं। नलिन कोहली ने समाचार एजेंसी कहा, 'हमने पहले भी देखा है, जब सेना या वायुसेना ने बालाकोट में कार्रवाई की थी, जब सर्जिकल स्ट्राइक हुई थी, तब भी इन दलों ने सवाल उठाए थे। आज पाकिस्तान भी भारत के सैन्य अभियानों पर सवाल करता है और दुर्भाग्य की बात है कि हमारे ही देश के नेता ऐसे मामलों पर वही रवैया अपनाते हैं।'

उन्होंने कहा कि सेना जो कह रही है, उस पर भरोसा न करके ऐसे प्रश्न उठाना अपमानजनक है। साथ ही उन्होंने चेताया कि इस तरह के बयानबाजी और संदेह विदेशों में, खासकर पाकिस्तान में, भारत विरोधी दुष्प्रचार का हिस्सा बन सकते हैं। 'ऐसे नेताओं और पार्टियों को यह भी सोचना चाहिए कि उनके इन बयानों का किस तरह दुरुपयोग हो सकता है। वायुसेना की अधिकारी विंग कमांडर व्योमिका सिंह पर समाजवादी पार्टी नेता रामगोपाल यादव की टिप्पणी की आलोचना करते हुए नलिन कोहली ने कहा कि इस तरह की भाषा और जातिगत संदर्भों का प्रयोग बेहद आपत्तिजनक है। हमारे सैनिक किसी भी जाति, धर्म या वर्ग से ऊपर उठकर देश की सेवा करते हैं। पिछले कुछ दिनों में कई निंदनीय बयान



सामने आए हैं जो न सिर्फ अनुचित हैं, बल्कि हमारी सेना के मनोबल को भी प्रभावित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना के जवान और अधिकारी खुद को एक भारतीय के रूप में देखते हैं और देश की सुरक्षा के लिए अपने प्राणों की बाजी लगाते हैं। ऐसे में राजनीतिक लाभ के लिए उनकी पहचान को जाति या अन्य सामाजिक आधारों से जोड़ना पूरी तरह अनुचित है। इस तरह की बयानबाजी से बचना चाहिए और सेना को राजनीति से दूर रखना चाहिए।

# स्मृति ईरानी ने तुर्किये और अजरबैजान के व्यापार बहिष्कार को दिया समर्थन

एजेंसी
**नई दिल्ली।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) की स्ट्रैटेजिक एडवाइजर स्मृति ईरानी ने तुर्किये और अजरबैजान के साथ सभी व्यापारिक संबंध को समाप्त करने के देशभर के व्यापारिक नेताओं के निर्णय का पूर्ण समर्थन किया है। उन्होंने इस निर्णय को भारतीय सेनाओं के शौर्य और पराक्रम के प्रति सम्मान की भावना से प्रेरित बताया और देशभक्ति से ओत-प्रोत बताया। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) की ओर से एक होटल में राष्ट्रीय व्यापारी सम्मेलन में उन्होंने कहा कि पूर्व सांसद होने के नाते मिलने वाली पेंशन आज तक नहीं ली है। अब मैं यह पूरी पेंशन नेशनल डिफेंस फंड को समर्पित कर रही हूं। स्मृति ईरानी ने कहा कि छोटे व्यापारी न केवल देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में योगदान दे रहे हैं, बल्कि भारत को आत्मनिर्भर बनने




और मेक-इन-इंडिया के सपने को पूरा करने में भी मदद कर रहे हैं। स्मृति ईरानी ने यह भी स्पष्ट किया कि यह कोई सरकारी आदेश नहीं, बल्कि उन माताओं, बहनों और पत्नियों के नाम एक भावनात्मक अपील है, जिनके अपनों ने देश के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया है। ईरानी ने मंच से व्यापारियों की राष्ट्रसेवा भावना को नमन करते हुए कैट से आग्रह किया कि वह नेशनल डिफेंस फंड (राष्ट्रीय रक्षा कोष) में व्यापारियों से स्वेच्छा से योगदान देने के लिए एक अभियान चलाए, जिससे शहीद सैनिकों के परिवारों की सहायता में व्यापार समुदाय भी सक्रिय भूमिका निभा सके। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल ने ईरानी के इस सुझाव को स्वीकार करते हुए घोषणा की कि संगठन देशभर में व्यापारियों के बीच जागरूकता अभियान चलाकर नेशनल डिफेंस फंड में प्रभावी योगदान सुनिश्चित करेगा। भाजपा सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने कहा कि तुर्किये और अजरबैजान के साथ व्यापारिक संबंधों को लेकर एक राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया था, जिसमें 24 से अधिक राज्यों के व्यापारियों और व्यापार जगत के नेताओं ने भाग लिया। सभी प्रतिभागियों ने सर्वसम्मति से सहमति व्यक्त की कि तुर्किये और अजरबैजान की यात्रा का बहिष्कार किया जाएगा।

## पी. चिदंबरम ने कांग्रेस को आईना दिखाया है, इनके पास न नीति न नेता : शहजाद पूनावाला

एजेंसी
**नई दिल्ली।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी. चिदंबरम ने इंडिया अलायंस को बिखरता हुआ बताया है। उनके इस बयान का भाजपा के प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने समर्थन किया है। भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने वरिष्ठ कांग्रेसी नेता पी. चिदंबरम के इंडिया अलायंस के बिखरने वाले बयान को कांग्रेस के लिए आईना बताया है। बात करते हुए पूनावाला ने कहा, वह कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हैं। उन्होंने कांग्रेस को सच का सामना करवाया है। इंडिया अलायंस किसी मिशन पर नहीं बना। केवल अपने-अपने भ्रष्टाचार, अपने कमीशन, अपनी महत्वाकांक्षा के लिए ये लोग मोदी के खिलाफ एकजुट हुए हैं। इनके पास न नीति है न नेता। पूनावाला ने आगे कहा, अलायंस की सारी पार्टियां राहुल गांधी को अपने नेता के रूप में अस्वीकार कर चुकी हैं। केरल में कांग्रेस और वामपंथी पार्टी अलग-अलग हैं, दिल्ली में साथ हैं, बंगाल



में तृणमूल और कांग्रेस अलग-अलग हैं, दिल्ली में साथ हैं, पंजाब में आप और कांग्रेस अलग हैं और दिल्ली में साथ हैं। कुश्ती और दोस्ती वाला मॉडल नहीं चलता। जनता ऐसे अलायंस को कई बार ध्वस्त कर चुकी है। इसलिए चिदंबरम ने इस बात को स्वीकारा है कि इंडिया अलायंस में फूट है और भाजपा के सामने ये टिक नहीं सकती।

# राष्ट्रपति ने जगद्गुरु रामभद्राचार्य को प्रदान किया ज्ञानपीठ पुरस्कार


एजेंसी
**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित समारोह में जगद्गुरु रामभद्राचार्य को ज्ञानपीठ पुरस्कार प्रदान किया। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने श्रेष्ठता के प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत किए हैं। राष्ट्रपति ने अपने संबोधन में जगद्गुरु रामभद्राचार्य को ज्ञानपीठ पुरस्कार प्राप्त करने पर बधाई दी और कहा कि आप अनेक प्रतिभाओं से सम्पन्न हैं तथा आपके योगदान बहुआयामी हैं। आपने शारीरिक दृष्टि से बाधित होने के बावजूद अपनी अंतर्दृष्टि बल्कि दिव्यदृष्टि से साहित्य और समाज की असाधारण सेवा की है। राष्ट्रपति ने कहा कि भारतीय साहित्य की सभी भाषाओं में भारतीय मिट्टी की सुगंध स्पष्ट रूप से मौजूद है। यह ज्ञानपीठ पुरस्कार भारतीय साहित्य की इसी महत्ता को दर्शाता है। भारतीय ज्ञानपीठ के इन दो शब्दों में भारत के लोगों के ज्ञान और परंपराओं की मूल एकता व्यक्त होती है। यह एकता भारत के लोगों की सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और साहित्यिक एकता की अभिव्यक्ति है। वाल्मीकि, व्यास और कालिदास से



लेकर रवींद्रनाथ टैगोर जैसे महान कवियों की रचनाएं एक जीवंत भारत की धड़कन को दर्शाती हैं। यह धड़कन भारतीयता का सार है और हमारी भारतीय चेतना की नींव है।राष्ट्रपति ने ज्ञानपीठ पुरस्कार के चयनकर्ताओं और प्रशासकों की सराहना करते हुए कहा कि ज्ञानपीठ पुरस्कार के चयनकर्ताओं ने भारतीय भाषाओं के श्रेष्ठ लेखकों का चयन करके इस पुरस्कार की प्रतिष्ठा को बढ़ाया है। मैं सभी पूर्व और वर्तमान चयनकर्ताओं, चयन समिति के अध्यक्षों और भारतीय ज्ञानपीठ ट्रस्ट के प्रशासकों की सराहना करती हूं। साहित्य समाज को जोड़ता भी और जगाता भी है। 19वीं सदी के सामाजिक जागरण से लेकर बीसवीं सदी में हमारे स्वाधीनता संग्राम से जन-जन को जोड़ने में कवियों और रचनाकारों ने महानायकों की भूमिका निभाई है। वर्ष 1965 से विभिन्न भारतीय भाषाओं के उत्कृष्ट साहित्यकारों को पुरस्कृत करके, 'भारतीय ज्ञानपीठ' ने, साहित्य-सेवा के माध्यम से देश की सेवा की है। ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित महिला रचनाकारों में आशापूर्णा देवी, अमृता प्रीतम, महादेवी वर्मा, कुर्रतुल-ऐन-हैदर, महाश्वेता देवी, इंदिरा गोस्वामी और कृष्णा सोबती जैसी असाधारण महिलाएं शामिल हैं।

## मतदाता रजिस्ट्रेशन प्रणाली में धोखाधड़ी, सहायक सिस्टम मैनेजर निलंबित

एजेंसी
**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना ज़िले के काकद्वीप सब-डिविजन में मतदाता सूची से जुड़ी गड़बड़ी सामने आई है। सहायक सिस्टम मैनेजर अरुण गोरेन को इस मामले में निलंबित कर दिया गया है। चुनाव आयोग के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई है। जानकारी के अनुसार अरुण गोरेन ने एईआरओ के लॉगिन का गलत इस्तेमाल किया। उन्होंने एईआरओ 131-काकद्वीप एसी के लॉगिन में अपना मोबाइल नंबर जोड़कर ओटीपी के माध्यम से लॉगिन किया और 6, 7 और 8 नंबर के फॉर्म संसाधित किए। यह कार्य उन्होंने बिना अधिकृत अनुमति के किया। ज़िला निर्वाचन अधिकारी और एसडीओ द्वारा पूछताछ में अरुण गोरेन ने गलती स्वीकार की और भविष्य में पुनरावृत्ति रोकने का आश्वासन भी दिया, लेकिन चुनाव आयोग ने इसे गंभीर अनियमितता माना है। चुनाव आयोग ने इस कृत्य को धोखाधड़ी, अनुशासनहीनता और निर्वाचन प्रक्रिया में गंभीर उल्लंघन करार दिया है। यह आचरण जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 32 का स्पष्ट उल्लंघन है, जिसके तहत उनके विरुद्ध अभियोजन की कार्रवाई संभव है। अब अरुण गोरेन को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। साथ ही



उनके खिलाफ विभागीय जांच और दंडात्मक कार्यवाही शुरू की जा रही है। निलंबन की अवधि में उन्हें नियमानुसार निर्वाह भत्ता मिलेगा। चुनाव आयोग की यह त्वरित कार्रवाई यह दर्शाती है कि निर्वाचन प्रक्रिया में किसी भी तरह की गड़बड़ी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## पिछले 15 साल से विकास की राह देख रही आजादपुर मंडी, अब सफाई और सुरक्षा पर होगा पुख्ता काम : रेखा गुप्ता

एजेंसी
**दिल्ली ।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता आजाद पुर मंडी पहुंची थी। मुख्यमंत्री मंडी में सफाई, सुरक्षा की स्थिति से काफी निराश दिखीं और इसके लिए पूर्व की आम आदमी पार्टी सरकार को दोषी ठहराया। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता अपने मंत्रियों और अधिकारियों के साथ आजादपुर मंडी पहुंची थीं। मंडी की व्यवस्था देख वे दिल्ली की पूर्व की आम आदमी सरकार पर आक्रामक दिखीं और अपनी सरकार द्वारा विकास का आश्वासन दिया।

बात करते हुए रेखा गुप्ता ने कहा, इस क्षेत्र के दौरे पर अपने मंत्रियों और अधिकारियों के साथ आई हूं। आजादपुर मंडी दिल्ली की सबसे महत्वपूर्ण मंडी है लेकिन यहां की जो व्यवस्था है और पिछली सरकार ने जो स्थिति बनाई है, वह काफी निराशाजनक है। पिछले 15 साल में यहां विकास का कोई कार्य नहीं हुआ है।रेखा गुप्ता ने आगे कहा, सफाई और सुरक्षा की यहां कोई सुविधा नहीं है। सैकड़ों व्यापारी यहां काम करते हैं। सैकड़ों ट्रकों के माध्यम से लोगों का खाद्य पदार्थ यहां आता है। आम आदमी पार्टी की पिछली सरकार ने इस क्षेत्र में कोई भी काम नहीं किया



है और इस क्षेत्र को भ्रष्टाचार का अड्डा बनाकर रखा है। उनके मंत्री और चेयरमैन किसी ने भी इस क्षेत्र के विकास के लिए कुछ नहीं किया। जो लोग दिल्ली को लंदन और पेरिस बना रहे थे, उन्हें बताना चाहती हूं कि यहां इतनी गंदगी है कि खड़ा नहीं हुआ जा सकता। पिछली सरकार ने सिर्फ आजादपुर मंडी ही नहीं बल्कि दिल्ली की तमाम मंडियों को भ्रष्टाचार का अड्डा बनाकर रखा है। मुख्यमंत्री ने आगे कहा, ÷हमारी सरकार मंडियों के विकास के लिए दृढ़ संकल्पित है। हम योजना तैयार कर रहे हैं। मंडियों में सफाई और सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था की जाएगी। भ्रष्टाचार को समाप्त किया जाएगा। हमारे मंत्री खुद इस काम को देख रहे हैं।÷ आजादपुर मंडी के फल व्यापारियों ने तुर्किये से सेब के आयात को समाप्त कर दिया है। यह फैसला भारत-पाकिस्तान संघर्ष में तुर्किये द्वारा पाकिस्तान का साथ देने की वजह से लिया गया है। रेखा गुप्ता ने कहा, मैं यहां के व्यापारियों को तुर्किये द्वारा सेब का आयात बंद किए जाने के फैसले के लिए साधुवाद देना चाहती हूं। यह फैसला दिखाता है कि देश एकजुट है। भारत के खिलाफ जो भी देश जाएगा, उसका बहिष्कार किया जाएगा। आतंकवादियों और उनके आकाओं से कोई व्यापार नहीं किया जाएगा। ऐसे सभी देशों का बहिष्कार होना चाहिए जो भारत के खिलाफ हैं। दिल्ली स्थित जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय और जामिया मिलिया विश्वविद्यालय ने भी तुर्किये के साथ किए गए शैक्षणिक समझौते रद्द कर दिए हैं।

# अवैध रूप से रह रहे 13 बांग्लादेशी पकड़े

एजेंसी
**नई दिल्ली ।** अवैध रूप से भारत में रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों की पहचान कर उन्हें उनके देश वापस भेजने के लिये दिल्ली पुलिस लगातार सर्च ऑपरेशन चला रही है। इसी क्रम में दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने दिल्ली के औचंदी गांव से 13 बांग्लादेशी नागरिकों को हिरासत में लिया। ये सभी बिना किसी वैध दस्तावेज़ के भारत में रह रहे थे। इनके पास से बांग्लादेशी पहचान पत्र बरामद किए गए हैं। इनमें पांच नाबालिग बच्चे शामिल है। क्राइम ब्रांच के डीसीपी आदित्या गौतम ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ बांग्लादेशी नागरिक औचंदी गांव, दिल्ली में किराए पर घर की तलाश कर रहे हैं। सूचना को पुख्ता करपुलिस टीम ने जाल बिछाया और इन सभी को पकड़ा। पूछताछ में सभी ने कबूल किया कि वे बांग्लादेश के जिला खुदीग्राम के गांव खुशावली से हैं और उनके पास भारत में रहने के लिए कोई वैध दस्तावेज नहीं हैं।

पकड़े गए आरोपितों की पहचान मो. रफीकुल (50), खोतेजा बेगम (41), पत्नी रफीकुल, मो. अनवर हुसैन (37),मो. अमिनुल इस्लाम (28), जोरीना बेगम (27), पत्नी अनवर हुसैन, अफरोजा खातून (25) पत्नी अमिनुल इस्लाम, मो. खाखोन (20), हसना (19 वर्ष) के साथ ही 5 नाबालिग बच्चे के रूप में हुई है।कैसे पहुंचे भारत पूछताछ में पकड़े गए आरोपितों बताया कि वे करीब दो साल पहले बांग्लादेश से एक व्यक्ति जलील अहमद की मदद से भारत आए थे। उन्होंने अपने गांव से बस पकड़ कर भारत-बांग्लादेश सीमा तक की यात्रा की। वहां वे बिना बाड़ वाले खेतों के रास्ते से भारत में घुसे और फिर एक ऑटो से कूच बिहार रेलवे स्टेशन पहुंचे। वहां से ट्रेन द्वारा दिल्ली और फिर हरियाणा के खरखौदा पहुंचे। जहां वे गांव सिसाना के एक ईंट भट्टे में मजदूरी करने लगे।

## तावडू में आगामी सोमवार को सब्जी मंडी की जाएगी स्थानांतरित, व्यापारियों में रोष

**तावडू।** शहर की सब्जी मंडी वर्षों से अनाज मंडी में चली आ रही है। लेकिन हरियाणा राज्य कृषि विप्पण बोर्ड पंचकूला ने एक बार फिर अस्थाई सब्जी मंडी को उसके स्थान पर स्थानांतरण को लेकर 18 सब्जी मंडी व्यापारियों को नोटिस दिया है। जिससे व्यापारियों में रोष व्याप्त है। व्यापारियों ने शुक्रवार को बैठक कर निर्णय लिया कि वह नई सब्जी मंडी में नहीं जाएंगे। जिसके लिए चाहे वह बाहर ही कहीं अपना व्यापार क्यों न कर लें। व्यापारियों का मानना था कि इस स्थान पर वह सुरक्षित नहीं है और उनका जान माल भी सुरक्षित नहीं है।सब्जी मंडी व्यापारियों ने मार्किट कमेटी सचिव को दी गई शिकायत में बताया कि नई सब्जी मंडी में स्थानांतरित करने संबंधी आपका पत्र प्राप्त हुआ है जिसके संदर्भ में पूर्व में भी हम व्यापारियों ने रोजमर्रा में होने वाली परेशानियों से अवगत कराया था कि किस प्रकार यहां से सब्जी मंडी को स्थानांतरित किया जाना उचित नहीं है। हरियाणा सरकार के द्वारा जो नई सब्जी मंडी बनाई गई है वहां पर व्यापारियों के जान व माल सुरक्षित नहीं है। क्योंकि वर्तमान में अनाज मंडी परिसर जहां पर अस्थाई सब्जी मंडी चल रही है वहां पर तावडू शहर का थाना स्थित होने के बावजूद भी लगातार आए दिन कुछ न कुछ वारदात होती रहती है। पिछले कुछ वर्षों में घटित कुछ घटनाएं निम्नलिखित प्रकार से हैं।

## जिले के हर गांव में प्रत्येक नागरिक को आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण दिया जाना अनिवार्य

**नूंह।** जिला उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा के निर्देशन जिले के हर गांव तक प्रत्येक नागरिक को किसी भी आपदा का प्रबंधन करने में प्रशिक्षण दिया जाना अनिवार्य एवं अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप सिंह मलिक के मार्गदर्शन में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण नूंह व रेडक्रॉस सोसायटी के सहयोग से आपदा प्रबंधन एवं बेसिक फर्स्ट एड प्रशिक्षण निरंतर कर रहा है। जिला उपायुक्त का उद्देश्य है जिले के हर गांव तक प्रत्येक नागरिक को किसी भी आपदा का प्रबंधन करने में प्रशिक्षण दिया जाना अनिवार्य है।इसी कड़ी में आपदा प्रबंधन जागरूकता अभियान के तहत रेड क्रॉस भवन नूंह जिले के विभिन्न गांव के नागरिकों को जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण नूंह के जिला आपदा प्रबंधन सलाहकार भगवान राम शर्मा की देखरेख प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने बताया कि आपदा कभी बताकर नहीं आती हम सभी को आपदा के समय सतर्कता एवं सहनशीलता से कार्य करना आना चाहिए। साथ ही कभी कोई लंबा सायरन बजे तो सचेत होकर हर नागरिक की जिम्मेदारी होती है कि अपने अपने घरों की लाइट बंद करते हुए ब्लैकआउट में सहयोग करें। जिला रैड क्रॉस सोसाइटी नूंह के जिला प्रशिक्षण अधिकारी महेश सिंह मलिक ने किसी भी आपदा, सड़क दुर्घटना, आगजनी, पानी में डूबने, बिजली का करंट, बेहोशी के दौरान पीड़ित को सुरक्षित करने, जान मॉल के नुकसान से बचाने, मौके पर एंबुलेंस पहुंचने या अस्पताल पहुंचने तक उपयुक्त प्राथमिक सहायता, हार्ट अटैक, सिक्का निगलना, आगजनी के दौरान धुआं होने, बिजली का करंट लगने, शरीर से काफी रक्त बहने।

## नूंह के आकेड़ा गांव में पीने के पानी के लिए महिलाओं ने किया मटका फोड़ प्रदर्शन

**नूंह।** प्रदेश व केंद्र सरकार भले की जल जीवन मिशन के तहत हर घर को नल से जल दिए जाने की योजना से गांव-गांव में शुद्ध पानी उपलब्ध कराने की बात करती हो,लेकिन सरकार के करोड़ों रुपए के ड्रीम प्रोजेक्ट को सम्बंधित अधिकारियों ने बट्टा लगाने का काम किया है। अधिकारियों की लापरवाही से नूंह जिले के ऐसे दर्जनों गांव है,जिनमें लोग पानी की एक-एक बूंद के लिए तरस रहे है। नूंह जिले के गांव आकेड़ा में पिछले कई वर्षों से पानी नही आ रहा है। जिसको लेकर महिलाओं ने शुक्रवार को सरपंच के घर के सामने मटका फोड़ प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने कई बार विभाग के अधिकारियों को पानी की समस्या से अवगत कराया है। लेकिन अधिकारी ग्रामीणों की एक बात सुनने को तैयार नहीं है। जिससे ग्रामीणों में प्रशासन के प्रति रोष पनप रहा है। नूंह खंड के गांव आंकेड़ा निवासी ताहिरा ,रिहाना ,रुक्सार ,साहूनि,महबूब ,सुरेश ,अजीज नंबरदार , हासम ,शहरूना सहित अन्य लोगों ने बताया कि गांव में जल जीवन मिशन योजना के तहत करीब 40 प्रतिशत कार्य किया गया है। गांव में कहीं-कहीं पर ही पाइप लाइन डाली गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार ने जल जीवन मिशन योजना के तहत कागजों में कार्य को लगभग पूरा दिखा दिया है, लेकिन धरातल पर कार्य नहीं हुआ है। गांव में जल जीवन मिशन योजना के तहत किसी भी घर में ठूंठी नहीं लगाई गई है। जिससे उनका गांव भी भ्रष्टाचार की भेट चढ़ा हैं। उन्होंने कहा कि उनके गांव में कई वर्षों से पीने का पानी नहीं आ रहा है।

## अवैध कॉलोनियों पर चला डी.टी.पी का पीला पंजा, दो अवैध कॉलोनियों के विरुद्ध की गई कार्रवाई

**करनाल।** जिला नगर योजनाकार सतीश कुमार ने बताया कि गत दिवस कस्बा करनाल में 2 अवैध कॉलोनियों के विरूद्ध तोडफोड़ की कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि एक अवैध कॉलोनी नई आनंद विहार कॉलोनी के पिछे लगभग 3 एकड़ में पनप रही थी । इस कॉलोनी में सभी कच्ची सडकों व 12 डी.पी.सी., 3 चारदिवारी, 2 निर्माणाधीन मकान के विरूद्ध तोडफोड़ की कार्रवाई की गई।

इसी प्रकार दूसरी अवैध कॉलोनी घोघरीपुर रोड पर लगभग 3.5 एकड में पनप रही थी। जिसमें सभी कच्ची सडकों, मैनहॉल एवं सीवर नैटवर्क के विरूद्ध तोड़फोड की कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान जिला नगर योजनाकार व कार्यालय की टीम, ड्यूटी मजिस्ट्रेट व थाना सदर की पुलिस फोर्स उपस्थित रहे।

# पाकिस्तान के दुस्साहस का भारतीय सेना ने दिया करारा जवाब: डॉ अरविंद शर्मा

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सैन्य बल की क्षमता व आत्मविश्वास में हुई बढ़ोतरी

● 30 मई को रोहतक के पहरावर में भगवान परशुराम जयंती में मुख्यमंत्री होंगे मुख्यातिथि

एजेंसी

**नारनौल।** सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत व पर्यटन मंत्री डा. अरविंद शर्मा ने कहा कि पाकिस्तान व उनके समर्थित आतंकवादियों ने पहलगाम में जो दुस्साहस किया था, उसका भारतीय सेना ने करारा जवाब देते हुए आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्पष्ट तौर पर कहते हैं कि भविष्य में यदि पाकिस्तान ने अपने नापाक इरादों का इजहार करने की कोशिश की तो उनका नामो-निशां मिट जाएगा। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से भारतीय सेना की कार्रवाई व उनके जोश, जज्बे की सराहना की। सहकारिता मंत्री डा. अरविंद शर्मा ने नारनौल के एक निजी रेस्टोरेंट में पत्रकार वार्ता करते हुए विभिन्न विषयों पर अपनी राय रखी। सहकारिता मंत्री डा. अरविंद शर्मा ने कहा कि अप्रैल में पहलगाम आतंकी हमले का 7 मई की सुबह भारतीय सेना ने एकजुटता के साथ आतंकवाद व आतंकवादियों पर करारा प्रहार करते हुए न केवल उनके 9 ठिकानों को नेस्तनाबूद किया, अपितु 100 हार्डकोर आतंकियों का खात्मा किया। इससे आतंक परस्त पाकिस्तान के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सेना ने पूरी दुनिया को बड़ा संदेश दिया कि भारतीय जमीन पर आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान जिन देशों के हथियारों को भारत के खिलाफ इस्तेमाल कर रहा था, उसे हमारी मजबूत सेना ने स्वदेशी प्रणाली के



माध्यम से आसमान में ही ध्वस्त कर दिया। आज पूरा देश ऑपरेशन सिन्दूर व सैन्यबल के सम्मान में तिरंगा यात्रा में उमड़ रहा है और अपनी भावनाओं को हर सैनिक के आत्मविश्वास के साथ जोडक़र मजबूती दे रहा है। कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में जन-जन के कल्याण के लिए काम कर रही है। उन्होंने सहकारिता विभाग को लेकर पूछे गए प्रश्न के जवाब में कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने इस बजट में सहकारिता विभाग के लिए 58.80 प्रतिशत अधिक बजट का आबंटन किया है। इस बार हम 700 से अधिक पैक्सों के कम्प्यूटरीकरण को सिरे चढ़ा रहे हैं, जिससे उनका काम ऑनलाइन होने से कार्यप्रणाली में सरलता आएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह का विचार हर गांव-हर परिवार को सहकार से जोडक़र समृद्धि लाने का है। इस कड़ी में सरकार, विभाग आमजन से मिलकर गांव-गांव पैक्स स्थापित करने की दिशा में काम कर रहे हैं, ताकि हर परिवार आत्मनिर्भर बनकर देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में अपना योगदान दे।

## तावडू के ग्रीन डेल्ज पब्लिक स्कूल में बच्चों ने किया ब्रह्मांड का रोमांचक अनुभव 360 इमर्सिव प्लैनेटेरियम शो बना विज्ञान का नया मंच

**तावडू।** ग्रीन डेल्ज पब्लिक स्कूल में एक अभिनव शैक्षिक पहल के तहत विद्यार्थियों को अंतरिक्ष की रहस्यमयी दुनिया की रोमांचक यात्रा कराई गई। दिल्ली के नवोदयालय रिसर्च सेंटर एलएलपी के सहयोग से आयोजित 360 इमर्सिव पोर्टेबल प्लैनेटेरियम शो ने छात्रों को विज्ञान से जुडने का नया और रोमांचक मंच प्रदान किया। उल्लेखनीय है कि यह संस्था आईएसआरओ द्वारा मान्यता प्राप्त स्पेस ट्यूटर के रूप में कार्यरत है। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के चेयरमैन भुवनेश्वर शर्मा एवं प्रबंध निदेशक हिमांशु भारद्वाज ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्या हेमा शर्मा और उप प्रधानाचार्या, भव्या शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि के रूप में सेंटर के चेयरमैन डाक्टर पंकज वर्मा एवं मह संस्थापक ओमप्रकाश यादव कार्यक्रम में शामिल हुए।

# सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद कुमार शर्मा ने जन परिवेदना समिति की बैठक में की जनसुनवाई

### जिला में हाई टेंशन 504 लाइनों को घरों के ऊपर से हटाया जाएगा : डॉ. अरविंद कुमार शर्मा

एजेंसी

**नारनौल।** हरियाणा के सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद कुमार शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में चल रही हरियाणा सरकार की योजना अनुसार जिला महेंद्रगढ़ में खतरनाक चिन्हित हो चुकी 11/33 केवी की 504 बिजली की लाइनों को घरों के ऊपर से हटा दिया जाएगा। यह कार्य इस साल के अंत तक पूरा कर लिया जाएगा। श्री शर्मा आज पंचायत भवन में जिला लोक संपर्क एवं जन परिवेदना समिति की मासिक बैठक में बोल रहे थे। इस मौके पर उन्होंने पहले से निर्धारित 14 मामलों की सुनवाई की। बैठक के बाद भी नागरिकों की समस्या सुनीं।

इस दौरान उनिंदा गांव के बलवान सिंह की शिकायत पर बोलते हुए उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पहले से ही चिन्हित की गई



खतरनाक लाइनों का टेंडर खुल चुका है। ऐसे में इस कार्य को निर्धारित समय में पूरा करवाया जाए। ग्राम पंचायत बचीनी द्वारा अवैध कब्जे की शिकायत के संबंध में निर्देश दिए कि 18 मई के मुख्यमंत्री के दौरे कार्यक्रम के बाद इस कार्य को पूरा करवाया जाए। खटोटी सुल्तानपुर के मोतीलाल की शिकायत के संबंध में अधिकारियों ने बताया कि इस मामले में 24-ए के तहत नोटिस जारी किए जा चुके हैं। जल्द अवैध कब्जे हटा दिए जाएंगे। सहकारिता मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जन परिवेदना समिति पर नागरिकों को बहुत विश्वास है। सभी अधिकारी मिलकर इस विश्वास को बरकरार रखें ताकि लोगों के कार्य समय पर पूरे हो। इस मौके पर उपायुक्त डा. विवेक भारती तथा पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ ने सहकारिता मंत्री का स्वागत किया। बैठक में पूर्व मंत्री एवं नारनौल के विधायक ओम प्रकाश यादव, नांगल चौधरी की विधायक मंजू चौधरी, बीजेपी के जिला प्रधान यतेंद्र राव, नगर परिषद की चेयरपर्सन कमलेश सैनी, मनीष मित्तल, दयाराम यादव, वैद्य किशन वशिष्ठ, अशोक सैनी, नरेंद्र झिमरिया के अलावा अन्य गणमान्य मौजूद थे।

## साईबर अपराधों व नशे के दुष्प्रभावों के बारे जानकारी देकर किया जागरूक

एजेंसी

**गुरुग्राम।** पुलिस आयुक्त विकास अरोड़ा व पुलिस उपायुक्त मुख्यालय डा. अर्पित जैन के निर्देशानुसार महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने व उन्हें जागरूक करने के उद्देश्य से महिला निरीक्षक गीता, प्रबंधक महिला थाना पश्चिम, गुरुग्राम की पुलिस टीम ने स्टॉफ/कर्मचारियों को महिलाओं/बच्चों के विरुद्ध होने वाले अपराधों, साइबर अपराधों, सेल्फ डिफेंस, पॉक्सो एक्ट, डॉयल 112 व दुर्गा शक्ति ऐप व नशा करने के दुष्परिणामों के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया गया। इस दौरान पुलिस टीम द्वारा कर्मचारियों/स्टाफ को महिलाओं/बच्चों के विरूद्ध होने वाले अपराधों, साइबर अपराधों के प्रकार, इनसे बचाव व ये अपराध होने के उपरान्त उनके बचाव/निवारण के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई तथा इन अपराधों के लिए कानून के दिए गए प्रावधानों व सजा इत्यादि के बारे में भी जानकारी देते हुए जागरूक किया गया। इस दौरान उपस्थित कर्मचारियों व स्टॉफ को पुलिस टीम द्वारा नशा करने के दुष्प्रभावों, नशा करने के आदि लोगों को नशा मुक्ति उनके पुनर्वास के बारे में जानकारी देकर भी जागरूक किया गया तथा नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। इस विशेष जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से पुलिस टीम द्वारा पुलिस की डायल-112 व दुर्गा शक्ति एप्लिकेशन/ऐप के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि डायल-112 ऐप को इंस्टॉल करके ऐप में अपनी डिटेल्स जैसे नाम, मोबाईल नंबर, पता इत्यादि एक बार अपडेट करना है, उसके बाद जब भी किसी असुरक्षित परिस्थिति में पुलिस सहायता की जरूरत हो तो डायल-112 ऐप से माध्यम से पुलिस सहायता प्राप्त कर सकती है और उस समय पीड़िता को अपना नाम मोबाईल नंबर व पता/लोकेशन बताने की जरूरत नहीं पड़ेगी। पुलिस को पीड़ित का पता/लोकेशन मोबाईल नंबर इत्यादि डायल-112 ऐप के माध्यम से प्राप्त होंगे और पीड़िता को तत्परता से पुलिस सहायता मिल सकेगी।

## एक लाख रुपए रिश्वत लेने की आरोपी एचसीएस अधिकारी मीनाक्षी दहिया बहाल

### एग्रीकल्चर डिपार्टमेंट का एडिशनल डायरेक्टर लगाया

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने एक लाख रुपए रिश्वत लेने की आरोपी एचसीएस अधिकारी मीनाक्षी दहिया को बहाल कर दिया है। उन्हें सरकार की ओर से एग्रीकल्चर डिपार्टमेंट का एडिशनल डायरेक्टर लगाया गया है। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी की ओर से उनकी नियुक्ति के ऑर्डर भी जारी कर दिए गए हैं। मीनाक्षी दहिया के खिलाफ 29 मई 2024 को रिश्वत केस का खुलासा हुआ था। नाम आने के बाद मीनाक्षी दहिया करीब 5 महीने अंडरग्राउंड रहीं। पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट ने भी केस की गंभीरता को देखते हुए HCS ऑफिसर मीनाक्षी दहिया की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी। इसके बाद सितंबर में एंटी करप्शन ब्यूरो (ACB) ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया था। फिलहाल वह जमानत पर हैं।

## तय समय में हो शिकायतों का समाधान, निवारण में शिकायतकर्ता की संतुष्टि महत्वपूर्ण : डीसी

एजेंसी

**गुरुग्राम।** समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों का निवारण त्वरित रूप से हो व आमजन को हरियाणा सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ निर्धारित लक्ष्यों के साथ प्राप्त हो। इस संदर्भ में डीसी अजय कुमार ने शुक्रवार को लघु सचिवालय में विभिन्न विभागीय अधिकारियों संग बैठक कर समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों की निवारण प्रक्रिया का मूल्यांकन किया। बैठक से पूर्व हरियाणा परिवहन विभाग के आयुक्त एवं सचिव टी.एल. सत्यप्रकाश ने वीसी के माध्यम से प्रदेश के सभी




डीसी संग बैठक कर जिलावार प्राप्त शिकायतों एवं उनके निवारण की दिशा में की जा रही कार्यप्रगति की समीक्षा की। डीसी अजय कुमार ने वीसी के उपरांत विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी शिकायतों को प्राथमिकता देते हुए उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित करना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर जनता और सरकार के बीच एक विश्वास का सेतु है। जिसे कायम व प्रभावी बनाए रखना प्रत्येक अधिकारी के प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिविर में जो भी शिकायतें प्राप्त हो रही हैं। उन पर शिकायतकर्ता का नम्बर अवश्य होना चाहिए ताकि निवारण के बाद उसे इससे अवगत कराया जा सके। डीसी ने कहा कि अधिकारी शिकायतों की स्थिति को ऑनलाइन पोर्टल पर नियमित अपडेट करें और समीक्षा बैठकों से पूर्व तकनीकी टीम से मिलकर लंबित मामलों की वास्तविक स्थिति अवश्य जानें।

# डेंगू बुखार एडीज मच्छर के काटने से होता है: सिविल सर्जन

### हकेंवि में विशेषज्ञ व्याख्यान का हुआ आयोजन

एजेंसी

**नारनौल।** सिविल सर्जन डा. अशोक कुमार ने बताया कि डेंगू बुखार एडीज मच्छर के काटने से होता है। यह साफ पानी में पैदा होता है। हमें अपने घरों के आसपास पानी इकठ्ठा नहीं होने देना चाहिए। घरों में पानी के स्त्रोतों कूलर, टंकी, होदी और अन्य पानी के बर्तनों को सप्ताह में एक बार जरूर साफ करना चाहिए और सूखा कर दोबारा भरना चाहिए। प्रत्येक रविवार को ड्राई डे के रूप में मनाना चाहिए। उन्होंने बताया कि कोई भी बुखार डेंगू हो सकता है। बहुत तेज बुखार आना, तेज सिर दर्द होना, आंखों में जलन और दर्द होना, मांसपेशियों और जोड़ों में दर्द होना इसके मुख्य लक्षण हो सकते हैं।

सिविल सर्जन ने बताया कि महेंद्रगढ़ जिले में वर्ष 2021 में 161, वर्ष 2022 में 72, वर्ष 2023 में 44, वर्ष 2024 में 62 डेंगू संक्रमित मरीज मिले थे, जबकि वर्ष 2025 में अभी तक कोई डेंगू संक्रमित मरीज नहीं मिला है। उन्होंने बताया कि जिले में 152 टीम घर-घर जाकर बुखार के मरीजों की और लारवा की जांच कर रही है। इस वर्ष अभी तक 900295 घरों की जांच




में 165 घरों में लारवा पाया गया है जिनको नोटिस दिए गए हैं। विभाग डेंगू की रोकथाम के लिए तत्पर है।

**पीरआगा व सलामपुरा में जागरूकता शिविर आयोजित:** राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर मोहल्ला पीरआगा व सलामपुरा की आंगनवाड़ी में कार्यक्रम का आयोजन कर डेंगू से बचाव के बारे में जागरूक किया। इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने नागरिकों को डेंगू के कारण, लक्षण और बचाव के बारे में विस्तार से बताया व पैंपलेट बांटकर जागरूकता अभियान चलाया।

# बाढ़ से निपटने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित की जाएं - उपायुक्त मीणा

### बाढ़ बचाव एवं प्रबंधन को लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक आयोजित

सभी विभागों को आपसी समन्वय से कार्य करने के दिए निर्देश

एजेंसी

**नूंह।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा की अध्यक्षता में शुक्रवार को सभी एसडीएम व संबंधित विभागों के साथ जिला स्तर पर बाढ़ बचाव एवं प्रबंधन को लेकर बैठक हुई, जिसमें उपायुक्त ने आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि आगामी मानसून सीजन से पहले संबंधित विभागों के अधिकारी सभी तैयारियां व प्रबंध सुनिश्चित कर लें तथा अपने-अपने विभागों से संबंधित कार्य जैसे नालों, सीवरों, ड्रेन आदि की गाद निकालकर साफ-सफाई व उनकी मरम्मत संबंधी कार्य जरूर कर लें। ड्रेन आदि के तटबंध मजबूत कर लिए जाएं, ताकि बाद में कोई दिक्कत न आए।

उपायुक्त ने बैठक में कहा कि बाढ़ संभावित क्षेत्रों व गांवों की पहले




से पहचान कर ली जाए तथा वहां आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। इन गांवों व क्षेत्रों में पानी निकासी के लिए अतिरिक्त पंप या बिजली कनैक्शन जरूर ले लें। सभी पंप की मरम्मत करवाकर इन्हें चालू हालत में रखें। नगर परिषद, नगर पालिकाएं पानी की निकासी व्यवस्था को दुरुस्त रखें और नालों की नियमित सफाई करवाएं। सभी शहरी क्षेत्रों में सभी नालों व सीवर की साफ-सफाई करवाकर इसकी रिपोर्ट आगामी 10 जून तक भिजवाई जाए। केएमपी, डीएनडी, डीएनई आदि एक्सप्रैस-वे के आसपास के क्षेत्र में बनी सभी पुलिया की अच्छी प्रकार से सफाई करवाई जाएं तथा जो नई पुलिया बनाई जानी प्रस्तावित हैं, उसके लिए उचित व त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जाए, ताकि खेतों में जमा होने वाले पानी की निकासी का भी उचित समाधान हो सके और फसलों के खराबे की संभावना को कम किया जा सके। इन एक्सप्रैस-वे के साथ बनी सभी पुलिया की सफाई करवाकर जल्द रिपोर्ट भेजी जाए। उपायुक्त ने कहा कि वे भी आगामी 20 मई को दौरा कर नूंह, फिरोजपुर झिरका के शहरी क्षेत्रों व सिंचाई विभाग के बाढ़ बचाव कार्यों व साफ-सफाई का निरीक्षण भी करेंगे।

उपायुक्त ने कहा कि बरसात के सीजन में सिंचाई विभाग सभी ड्रेन, नहरों व नालों की स्थिति पर लगातार निगरानी रखे।

## गोली चलाने के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी को पकड़ा

**नारनौल।** नांगल चौधरी के गांव नांगल नूनिया में गोली चलाने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना नांगल चौधरी की पुलिस टीम ने मुख्य आरोपित अमित उर्फ बिजेन्द्र वासी बुढवाल नांगल चौधरी को गिरफ्तार किया। जिससे पूछताछ में पुलिस ने पता लगाया कि आरोपी ने आपसी रंजिश के चलते वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस द्वारा आरोपी के पास से अवैध हथियार पहले बरामद कर लिया गया था। आरोपी से पूछताछ कर न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

इस मामले में पुलिस द्वारा दो आरोपियों बुढ़वाल निवासी साहिल और मनोज को पहले गिरफ्तार किया था, जिनसे पूछताछ में वारदात में प्रयोग की गई बाइक को बरामद किया गया था। शिकायतकर्ता जयपाल निवासी नांगल नुनिया ने थाना नांगल चौधरी में दी शिकायत में बताया कि 7 मई को रात्रि करीब 10.30 बजे वह घर की बैठक में सो रहा था, अचानक एक बाईक आई और घर के सामने से दो चक्कर लगाए, फिर बाइक पर बैठे लडक़ों ने गाली गलोच की।

# राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर गुरुग्राम में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

एजेंसी

**गुरुग्राम।** राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर जिला स्तर पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता सीएमओ डॉ. अलका सिंह ने की। कार्यक्रम का उद्देश्य जिले में डेंगू की रोकथाम एवं जन-जागरूकता को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम में डिप्टी सीएमओ डॉ विकास स्वामी ने सभी एमपीएच एसमेल, एमपीएच डब्लु मेल और मलेरिया एलटी को राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर डेंगू से बचाव बारे जानकारी दी। डॉ अलका सिंह ने कहा कि जिले में डेंगू से बचाव हेतु सभी आवश्यक कदम उठाए जा चुके हैं और स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह सतर्क है। उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया कि वे अपने घरों व आसपास के क्षेत्रों में पानी इकट्ठा न होने दें और हर सप्ताह 'शुष्क दिवस' मनाकर मच्छर-जनित बीमारियों से बचाव करें। सीएमओ ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा यह सुनिश्चित किया गया है कि सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और अस्पतालों में डेंगू से संबंधित जांच और उपचार की समुचित व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष हमें जिला गुरुग्राम में अधिक सजग होकर एकजुटता से काम करना है ताकि डेंगू के केसों में वृद्धि न हो व जीरो मलेरिया का मूल मंत्र सकारात्मक रूप से अमल में लाया जा सके। उन्होंने ग्राम स्तर पर ग्राम पंचायत के मुखिया को डेंगू व मलेरिया के बारे में बचाव हेतु जागरूकता अभियान चलाने के लिए सामंजस्य स्थापित करने के लिए कहा। डॉ विकास स्वामी ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए सभी स्तरों पर प्रयासरत है। स्वास्थ्य विभाग और नगर निगम के कर्मचारी घर-घर जाकर कूलरों, टंकीयो, हौदियो, गमलों व टायर इत्यादि की चैकिंग कर लार्वा के ठहराव वाले स्थानों की सफाई करने के लिए लोगों को भी जागरूक कर रहे है।

## भारतीय कारोबारियों ने तुर्की और अजरबैजान के साथ किया व्यापारिक बहिष्कार

**नई दिल्ली।**खुदरा कारोबारियों के संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय सम्मेलन में देशभर से आए 125 से अधिक प्रमुख कारोबारी लीडरों ने तुर्की और अजरबैजान के साथ सभी तरह के व्यापारिक और व्यावसायिक संबंधों को पूरी तरह से खत्म करने का निर्णय लिया। कैट के दिल्ली में आज आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में व्यापारियों ने सर्वसम्मति से यह फैसला किया कि अब भारत का व्यापारी समुदाय तुर्की और अजरबैजान के साथ सभी तरह के व्यापारिक और व्यावसायिक संबंधों को पूरी तरह से खत्म करेगा। इसमें यात्रा, पर्यटन और फिल्मों की शूटिंग भी शामिल है। कारोबारी लीडरों ने भारतीय फिल्म उद्योग से अपील की है कि वे इन देशों में शूटिंग न करें और यदि कोई फिल्म वहां शूट होती है तो उसका बहिष्कार किया जाएगा। इसी तरह किसी भी कॉरपोरेट हाउस को भी इन देशों में अपने विज्ञापन या प्रचार की शूटिंग करने से रोका जाएगा। यह फैसला इसलिए लिया गया क्योंकि हाल ही में तुर्की और अजरबैजान ने पाकिस्तान के पक्ष में खुलेआम समर्थन जताया। वहीं, इस समय भारत एक संवेदनशील सुरक्षा संकट से गुजर रहा है। व्यापारियों का मानना है कि यह भारत की दोस्ती और मदद का अपमान है, खासकर तब जब भारत ने इन देशों को संकट के समय मानवीय और कूटनीतिक सहयोग दिया था।

## बीएलएस इंटरनेशनल का मुनाफा 69.9 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** बीएलएस इंटरनेशनल सर्विसेज लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही में समेकित शुद्ध लाभ 69.9 प्रतिशत बढ़कर 145.2 करोड़ रुपये जबकि राजस्व 54.7 प्रतिशत की बढ़ोतरी लेकर 692.8 करोड़ रुपये तक पहुंच गया। कंपनी का ईबीआईटीडीए (ब्याज, कर, मूल्यह्रास पूर्व लाभ) इस तिमाही में 92.8 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 174.1 करोड़ रुपये पर रहा और ईबीआईटीडीए मार्जिन 496 आधार अंक बढ़कर 25.1 प्रतिशत पर पहुंच गया। अपवादों को छोड़कर कर पूर्व लाभ (पीबीटी) 78.3 प्रतिशत बढ़कर 166.7 करोड़ रुपये रहा। बीएलएस का वीजा एवं कांसुलर सेवा क्षेत्र से राजस्व 19 प्रतिशत बढ़कर 440.8 करोड़ रुपये जबकि ईबीआईटीडीए 150.9 करोड़ रुपये रहा, जो दोगुना से अधिक है। इस क्षेत्र में ईबीआईटीडीए मार्जिन 34.2 प्रतिशत तक पहुंचा। तिमाही में 9.83 लाख वीजा आवेदन प्रोसेस किए गए, जो पिछले वर्ष से 37.7 प्रतिशत अधिक है। प्रति आवेदन औसत राजस्व 26 प्रतिशत बढ़कर 3,149 रुपये रहा। डिजिटल सेवा खंड से राजस्व में 226.1 प्रतिशत की जबरदस्त वृद्धि हुई और यह 252 करोड़ रुपये तक पहुंच गया। बीएलएस इंटरनेशनल के संयुक्त प्रबंध निदेशक शिखर अग्रवाल ने कहा, वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही हमारे लिए ऐतिहासिक रहा। रिकॉर्ड प्रदर्शन ने हमारे कारोबार मॉडल की मजबूती, रणनीतिक अधिग्रहण और डिजिटल विस्तार की दिशा में हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाया।

## पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बदलाव नहीं

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में आज कोई बदलाव नहीं हुआ, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपये प्रति लीटर पर रहा।वैश्विक स्तर पर साप्ताहांत पर अमेरिकी क्रूड 0.11 प्रतिशत फिसलकर 61.55 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। इसी तरह लंदन ब्रेंट क्रूड 0.12 प्रतिशत की गिरावट लेकर 64.45 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। देश के चार महानगरों में पेट्रोल और डीजल की कीमत इस प्रकार रही।

## सरकार ने खरीदा पिछले साल से अधिक गेहूं

**नई दिल्ली।** सरकार की गेहूं खरीद पिछले साल के स्तर को पार कर गई है। चालू विपणन वर्ष 2025-26 में अब तक 2.86 करोड़ टन गेहूं की खरीदारी की गई है। यह खरीद 2022-23 विपणन वर्ष के बाद से सबसे अधिक है। भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) और राज्य एजेंसियां केंद्रीय भंडार के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदती हैं। इस वर्ष 11.53 करोड़ टन गेहूं उत्पादन का अनुमान है। गेहूं खरीद करने वाले सभी पांच प्रमुख राज्यों में पंजाब, हरियाणा, मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश ने पिछले वर्ष की तुलना में चालू वर्ष में अधिक खरीद की है। 16 मई तक पंजाब ने 1.15 करोड़ टन, मध्य प्रदेश ने 74 लाख टन, हरियाणा ने 70 लाख टन और राजस्थान ने 16 लाख टन खरीद की है। 62,346 करोड़ का न्यूनतम समर्थन मूल्य भुगतान किया गया है, जिससे 22.7 लाख किसानों को लाभ मिला है।



# इस्पात मंत्रालय ने अपने कार्यों में दक्षता बढ़ाने के लिए नई वेबसाइट शुरू की

**एजेंसी**
**नई दिल्ली,।** केंद्रीय इस्पात एवं भारी उद्योग मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने इस्पात मंत्रालय की नई वेबसाइट लॉन्च की। नई वेबसाइट को मंत्रालय के संचालन में पारदर्शिता, पहुंच और दक्षता बढ़ाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। नई वेबसाइट में एक आधुनिक और उपयोगकर्ताओं के अनुकूल इंटरफ़ेस है, जिससे वेबसाइट का इस्तेमाल करना और वहां से प्रासंगिक जानकारी हासिल करना सहज हो जाता है।

राजधानी नई दिल्ली स्थित उद्योग भवन में आयोजित एक विशेष समारोह में नई वेबसाइट का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर इस्पात मंत्रालय के सचिव संदीप पौंड्रिक और इस्पात मंत्रालय के अन्य अधिकारी उपस्थित थे। मंत्रालय ने कहा कि नई वेबसाइट प्रशासन को बेहतर बनाने और भारतीय इस्पात क्षेत्र के विकास को बढ़ावा देने के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने की सरकार की प्रतिबद्धता में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस वेबसाइट से भारतीय इस्पात उद्योग के बारे में व्यापक जानकारी मिलेगी, जिसमें उत्पादन आंकड़े, नीतिगत अपडेट और विभिन्न योजनाओं और पहलों के विवरण शामिल हैं। इसमें इंटरैक्टिव टूल, सभी डिवाइस पर सहज पहुंच के लिए उत्तरदायी डिज़ाइन और नियमित अपडेट भी शामिल हैं।





नई वेबसाइट में संवेदनशील डेटा की सुरक्षा और मंत्रालय की ऑनलाइन उपस्थिति की अखंडता सुनिश्चित करने के लिए नवीनतम साइबर सुरक्षा उपायों को शामिल किया गया है।

यह वेबसाइट भारतीय सरकार की वेबसाइटों के लिए नवीनतम दिशानिर्देशों (जीआईजीडब्ल्यू) के अनुरूप भी है, जिससे विकलांगों सहित सभी नागरिकों के लिए पहुंच सुनिश्चित होती है। यह वेबसाइट विभिन्न भारतीय भाषाओं में उपलब्ध है।

# यस बैंक पर 29.6 लाख का जुर्माना, ग्राहकों की शिकायतों की जानकारी छुपाने का आरोप





**एजेंसी**
**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने ग्राहकों की शिकायतों से जुड़ी जानकारी को अपने वार्षिक वित्तीय विवरणों में सही ढंग से न दर्शाने के आरोप में येस बैंक लिमिटेड पर 29 लाख 60 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। आरबीआई ने बताया कि यह जुर्माना वित्तीय विवरण प्रस्तुति और प्रकटीकरण से संबंधित निर्देशों के उल्लंघन के चलते लगाया गया है। बैंक के वित्त वर्ष 2023-24 की समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि उसने ग्राहकों की शिकायतों के आंकड़ों को अधूरी या गलत तरह से पेश किया। केंद्रीय बैंक ने निरीक्षण के बाद बैंक को कारण बताओ नोटिस जारी किया था, जिसमें पूछा गया था कि नियमों के उल्लंघन पर उस पर जुर्माना क्यों न लगाया जाए। बैंक की ओर से जवाब और सुनवाई के दौरान दी गई दलीलों के बावजूद आरबीआई ने नियमों के उल्लंघन को सही पाया और जुर्माना लगाने का निर्णय लिया।

# देश का विदेशी मुद्रा भंडार 4.5 अरब डॉलर बढ़कर 690.61 अरब डॉलर पर

**एजेंसी**
**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार नौ मई को समाप्त हफ्ते में 4.55 अरब डॉलर बढ़कर 690.62 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। इससे पिछले हफ्ते में कुल विदेशी मुद्रा भंडार 2.06 अरब डॉलर घटकर 686.06 अरब डॉलर रह गया था।

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के जारी आंकड़ों के मुताबिक मुख्य रूप से स्वर्ण भंडार बढ़ने से देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार नौ मई को समाप्त हफ्ते में 4.55 अरब डॉलर बढ़कर 690.62 अरब डॉलर रहा है। इससे पिछले हफ्ते में कुल विदेशी मुद्रा भंडार 2.06 अरब डॉलर घटकर 686.06 अरब डॉलर रहा था। आंकड़ों के मुताबिक नौ मई को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का अहम घटक विदेशी मुद्रा आस्तियां 19.6 करोड़ डॉलर बढ़कर 581.37 अरब डॉलर हो गईं। आरबीआई के मुताबिक स्वर्ण भंडार का मूल्य 4.52 अरब डॉलर बढ़कर 86.34 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। हालांकि, इस दौरान विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 2.6 करोड़ डॉलर घटकर 18.53 अरब डॉलर रहा। आंकड़ों के मुताबिक इस अवधि में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास भारत का आरक्षित भंडार भी 13.4 करोड़ डॉलर घटकर 4.37 अरब डॉलर रह गया। इससे पहले सितंबर, 2024 के अंत में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 704.89 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था।



# बेलाराइज इंडस्ट्रीज का आईपीओ 21 मई को खुलेगा, प्राइस बैंड 85-90 रुपये प्रति शेयर

**एजेंसी**
**नई दिल्ली/मुंबई।** बेलराइज इंडस्ट्रीज लिमिटेड का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) निवेशकों के लिए 21 मई को खुलेगा और शुक्रवार, 23 मई को बंद होगा। कंपनी ने इसके लिए मूल्य का दायरा (प्राइस बैंड) 85-90 रुपये प्रति शेयर तय किया है। बेलराइज इंडस्ट्रीज लिमिटेड के आईपीओ के लिए बड़े (एंकर) निवेशक 20 मई को बोली लगा सकेंगे। कंपनी ने बताया कि अपने पहले आरंभिक सार्वजनिक निर्गम के लिए 5 रुपये अंकित मूल्य वाले प्रत्येक इक्विटी शेयर के लिए मूल्य का दायरा 85-90 रुपये निर्धारित किया गया है। निवेशक इसमें न्यूनतम 166 इक्विटी शेयरों और उसके बाद 166 इक्विटी शेयरों के गुणकों में बोली लगा सकते हैं। बेलराइज इंडस्ट्रीज लिमिटेड का यह आईपीओ पूर्णतः 2,150 करोड़ रुपये तक का नया निर्गम है, जिसमें बिक्री पेशकश (ओएफएस) का कोई प्रस्ताव नहीं है। कंपनी के मुताबिक इस इश्यू से प्राप्त धनराशि के एक हिस्से का उपयोग वह कर्ज का भुगतान करने के लिए 1,618 करोड़ रुपये खर्च करने का इरादा रखती है। पुणे स्थित ऑटोमोटिव कंपोनेंट कंपनी बेलराइज इंडस्ट्रीज भारत में दोपहिया, तिपहिया, चार पहिया, वाणिज्यिक वाहनों एवं कृषि वाहनों के लिए सुरक्षा-महत्वपूर्ण प्रणालियों एवं अन्य इंजीनियरिंग समाधानों की विविध श्रृंखला पेश करती है। कंपनी के उत्पाद पोर्टफोलियो में मेटल चेसिस सिस्टम, पॉलीमर कंपोनेंट, सस्पेंशन सिस्टम, बॉडी-इन-व्हाइट कंपोनेंट और एग्जॉस्ट सिस्टम आदि हैं। कंपनी के प्रमुख ग्राहकों में बजाज ऑटो लिमिटेड, होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर, हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड, जगुआर लैंड रोवर लिमिटेड और रॉयल एनफील्ड मोटर्स लिमिटेड जैसे प्रमुख बहुराष्ट्रीय ओईएम हैं।





# भारतीय विदेश व्यापार संस्थान का पहला विदेशी परिसर दुबई में खुला, गोयल ने आईआईएफटी को बधाई दी

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** भारतीय विदेश व्यापार संस्थान (आईआईएफटी) ने अपना पहला विदेशी परिसर संयुक?त अरब अमीरात के दुबई में खोला है। ये परिसर एक्सपो सिटी में इंडिया पैवेलियन में स्थित है। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए आईआईएफटी को बधाई दी है।वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि यह आईआईएफटी की वैश्विक उपस्थिति का विस्तार करने और अंतरराष्ट्रीय व्यापार शिक्षा में भारत की भागीदारी को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। आईआईएफटी का दुबई परिसर शिक्षा मंत्रालय से मंजूरी और विदेश मंत्रालय, गृह मंत्रालय और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से अनापत्ति प्रमाण पत्र मिलने के बाद संभव हुआ है। यह भारतीय उच्च शिक्षा के वैश्वीकरण में एक गौरवपूर्ण क्षण भी है, जो एनईपी 2020 के दृष्टिकोण के अनुरूप है। यह भारतीय संस्थानों के अंतरराष?ट्रीयकरण और वैश्विक शिक्षण केंद्रों के निर्माण पर जोर देता है। दुबई में बनने वाला यह परिसर यूएई के साथ भारत के बढ़ते शैक्षिक सहयोग को दर्शाता है। यह न केवल भारतीय प्रवासियों और वैश्विक शिक्षार्थियों की गतिशील जरूरतों को पूरा करेगा, बल्कि खाड़ी क्षेत्र में भारत की शैक्षिक उपस्थिति को भी मजबूत करेगा। मंत्री पीयूष गोयल ने आईआईएफटी के इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए आईआईएफटी को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह वास्तव में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की भावना को दर्शाता है, जो भारतीय शिक्षा के अंतर्राष्ट्रीयकरण और वैश्विक स्तर पर विचार नेतृत्व को आकार देने में इसकी बढ़ती भूमिका में एक नया अध्याय जोड़ता है, जो भारत-यूएई साझेदारी को मजबूत करने का भी प्रमाण है। उन्होंने कहा कि यह नया परिसर भविष्य के व्यावसायिक नेताओं को गढ़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। आईआईएफटी को उसके पहले अंतरराष्ट्रीय विस्तार पर बधाई देते हुए वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने कहा कि यह आईआईएफटी के 62 साल के इतिहास में एक महत्वपूर्ण मोड़ है कि संस्थान दुबई में एक पूर्ण परिसर स्थापित कर रहा है।

भारतीय विदेश व्यापार संस्थान
IIFT
INDIAN INSTITUTE OF FOREIGN TRADE

# बीएलएस ई-सर्विसेज का मुनाफा 58.7 प्रतिशत बढ़ा

BLS E-SERVICES

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** तकनीक सक्षम डिजिटल सेवा प्रदाता कंपनी बीएलएस ई-सर्विसेज लिमिटेड का 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष जनवरी-मार्च तिमाही में उसका मुनाफा इसके पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही के 10.9 करोड़ रुपये के मुकाबले 58.7 प्रतिशत की बढ़ोतरी लेकर 17.3 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। कंपनी ने यहां बयान जारी कर बताया कि 31 मार्च 2025 को समाप्त वित्त वर्ष 2024-25.

# थॉमस कुक इंडिया ने यूरोपीय संघ में रखा कदम, साइप्रस में खोला पहला कार्यालय

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर यात्रा से जुड़ी व्यापक सेवाएं उपलब्ध कराने वाली कंपनी थॉमस कुक इंडिया (टीसीआई) लिमिटेड ने यूरोपीय संघ में अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए साइप्रस की राजधानी निकोसिया में अपना पहला कार्यालय स्थापित किया है। कंपनी ने बयान जारी कर बताया कि यह कदम उसकी वैश्विक विस्तार रणनीति के तहत उठाया गया है, जिसका उद्देश्य तेजी से बढ़ते व्यावसायिक यात्रा सेगमेंट का लाभ उठाना है। यह नया कार्यालय ट्रैवल सर्कल इंटरनेशनल (साइप्रस) लिमिटेड (टीसीआई यूरो) के अंतर्गत कार्य करेगा, जो थॉमस कुक इंडिया की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है। कंपनी यूरोप में काम कर रहे बहुराष्ट्रीय ग्राहकों के साथ-साथ भारत स्थित कॉरपोरेट ग्राहकों की व्यावसायिक यात्रा आवश्यकताओं को पूरा करने पर ध्यान केंद्रित करेगी। टीसीआई यूरो को इस प्रकार रणनीतिक रूप से स्थापित किया गया है कि यह व्यावसायिक यात्रियों को विशेष स्थानीय मूल्य निर्धारण और इन्वेंट्री तक पहुंच प्रदान करता है, जो भारत में उपलब्ध नहीं है। यह स्थानीय उपस्थिति ग्राहकों को अधिक सहज और प्रतिस्पर्धी सेवा अनुभव प्रदान करने में मदद करेगी। थॉमस कुक इंडिया के लिए यह विस्तार यूरोपीय संघ के 27 देशों में निर्बाध संचालन, प्रतिस्पर्धी लाभ और भविष्य में अवकाश यात्रा, मीटिंग्स एवं इवेंट्स जैसे अन्य यात्रा खंडों में विस्तार के लिए द्वार खोलता है।कंपनी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) महेश अय्यर ने कहा, ÷साइप्रस में कार्यालय की स्थापना यूरोपीय बाजार में कंपनी के प्रवेश का प्रतीक है और इसका उद्देश्य वहां कार्यरत कॉरपोरेट ग्राहकों को बेहतर सेवा, स्थानीय मूल्य लाभ और मजबूत नेटवर्क प्रदान करना है। इस अवसर पर आयोजित उद्घाटन समारोह में साइप्रस के पर्यटन उप मंत्री कोस्टास कौमिस, भारत के उच्चायुक्त मनीष मनीष, यूरोबैंक ग्रीस के सीईओ करावियास फोकियन, एलटीआई माइंडट्री के सीबीओ श्रीनी राव, फेयरफैक्स डिजिटल सर्विसेज के सीईओ संजय तुगनेत और थॉमस कुक इंडिया के अध्यक्ष इंदिवर रस्तोगी समेत कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।





# कर्नाटक को 'पीएम ई-ड्राइव' के तहत दी जाएंगी इलेक्ट्रिक बसें : कुमारस्वामी

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने कहा कि केंद्र सरकार की प्रमुख 'पीएम ई-ड्राइव' योजना के तहत कर्नाटक को चरणबद्ध तरीके से और प्राथमिकता के आधार पर इलेक्ट्रिक बसें दी जाएंगी। पीएम ई-ड्राइव पहल के तहत 9 प्रमुख शहरों को 14,000 इलेक्ट्रिक बसें आवंटित की जानी हैं। केंद्र और राज्य सरकारों के बीच चर्चा में चार्जिंग स्टेशन, बस डिपो और वाहन रखरखाव प्रणाली सहित संबंधित बुनियादी ढांचे को शामिल किया गया है। दरअसल, भारी उद्योग मंत्रालय को कर्नाटक सरकार से एक औपचारिक प्रस्ताव मिला है, जिसमें केंद्र प्रायोजित पीएम ई-ड्राइव पहल के तहत इलेक्ट्रिक बसों के आवंटन की मांग की गई है। कर्नाटक के परिवहन मंत्री रामलिंगा रेड्डी ने मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श करने के बाद कर्नाटक सरकार को केंद्र से पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया। केंद्रीय मंत्री ने पुष्टि की कि आवंटन की प्रक्रिया पहले से ही चल रही है और कर्नाटक को चरणबद्ध और प्राथमिकता वाले तरीके से इलेक्ट्रिक बसें मिलेंगी।मंत्रालय के मुताबिक एचडी कुमारस्वामी ने कहा, हम सिर्फ बसें वितरित नहीं कर रहे हैं, बल्कि हम भारत के लोगों के लिए एक स्वच्छ, स्मार्ट और अधिक समावेशी परिवहन भविष्य का निर्माण कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में शुरू की गई पीएम ई-ड्राइव पहल का उद्देश्य 14,028 इलेक्ट्रिक बसों के साथ शहरी बस संचालन को बढ़ाना है। इस योजना का परिव्यय 01 अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2026 तक दो वर्षों की अवधि में 10,900 करोड़ रुपये है। भारी उद्योग मंत्रालय सभी राज्य सरकारों और हितधारकों के सहयोग से इस परिवर्तनकारी मिशन को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है।





## आरबीआई ने ड्यूश बैंक इंडिया पर लगाया 50 लाख का जुर्माना

**एजेंसी**
**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने नियमों के पालन नहीं करने के आरोप में ड्यूश बैंक एजी, इंडिया पर 50 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। आरबीआई ने बताया कि बैंक ने बड़े कर्ज़दारों की जानकारी समय पर केंद्रीय डेटाबेस में नहीं दी, जो नियमों के मुताबिक जरूरी है। यह लापरवाही बैंक की वित्तीय निगरानी के दौरान सामने आई, जो 31 मार्च 2024 तक की स्थिति पर आधारित थी। केंद्रीय बैंक ने जांच के बाद बैंक को नोटिस भेजा और जवाब मांगा कि नियमों के उल्लंघन के लिए उस पर जुर्माना क्यों न लगाया जाए। बैंक के जवाब और सुनवाई के बाद आरबीआई ने पाया कि नियमों का उल्लंघन हुआ है इसलिए उस पर मौद्रिक जुर्माना लगाया गया।





# तूफानी तेजी के बाद शेयर बाजार में कंसोलिडेशन, सेंसेक्स और निफ्टी लुढ़के

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।**तूफानी तेजी के बाद आज सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन घरेलू शेयर बाजार में कंसोलिडेशन होता हुआ नजर आया। आज के कारोबार की शुरुआत भी दबाव में हुई थी। बाजार खुलने के बाद लिवालों और बिकवालों के बीच खींचतान की स्थिति बन गई, जिसके कारण बेंचमार्क इंडेक्स सेंसेक्स और निफ्टी की चाल भी लगातार ऊपर नीचे होती रही। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.24 प्रतिशत और निफ्टी 0.17 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुए।आज दिनभर के कारोबार के दौरान डिफेंस सेक्टर के शेयरों में जोरदार तेजी का माहौल बना रहा। इसके साथ ही रियल्टी, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज और एनर्जी सेक्टर के शेयरों में भी लगातार खरीदारी होती रही। इसके अलावा एफएमसीजी, ऑटोमोबाइल, कैपिटल गुड्स, कंज्यूमर ड्युरेबल्स और ऑयल एंड गैस इंडेक्स भी बढ़त के साथ बंद होने में सफल रहे। दूसरी ओर टेक, मेटल, हेल्थ केयर और आईटी सेक्टर के शेयरों में बिकवाली का दबाव बना रहा। निफ्टी का बैंकिंग इंडेक्स पूरे दिन के कारोबार के बाद सपाट स्तर पर बंद हुआ। ब्रॉडर मार्केट में आज लगातार खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.85 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 1.18 प्रतिशत की मजबूती के साथ आज के कारोबार का अंत किया।आज शेयर बाजार में आई कमजोरी के बावजूद मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में हुई खरीदारी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में ढाई लाख करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 442.74 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी गुरुवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 440.19 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 2.55 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया।

आज दिनभर के कारोबार में बीएसई में 4,126 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2,616 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,370 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 140 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,617 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,790 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 827 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 16 शेयर बढ़त के साथ और 14 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 25 शेयर हरे निशान में और 25 शेयर लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स आज 138.11 अंक की गिरावट के साथ 82,392.63 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही बाजार में बिकवाली का दबाव बन गया, जिसके कारण यह सूचकांक 383.79 अंक टूट कर 82,146.95 अंक के स्तर तक गिर गया। हालांकि खरीदारी का सपोर्ट मिलने पर यह सूचकांक उछल कर 82,514.81 अंक तक पहुंचने में भी सफल रहा, लेकिन बिकवाली का दबाव इतना अधिक था कि यह सूचकांक लगातार लाल निशान में ही कारोबार करता रहा। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 200.15 अंक लुढ़क कर 82,330.59 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

# मार्केट से केमिकल वाला जैम क्यों लाना इन तरीकों से घर पर ही करें तैयार



**मार्केट वाले जैम को खाने से अच्छा है कि आप घर पर ही टेस्टी और हेल्दी जैम बनाएं जो आप बच्चों को ब्रेड, रोटी, पराठे के साथ खिला सकते हैं. ये जैम बच्चों की सेहत को नुकसान भी नहीं पहुंचाएगा और उनको हेल्दी रखने में हेल्प करेंगे. तो आज हम आपको इस आर्टिकल के जरिए बताएंगे कि घर पर आप टेस्टी और हेल्दी जैम कैसे बना सकते हैं. जानें रेसिपी.**

फ्रूट जैम हर किसी का फेवरेट होता है. बच्चे हो या बड़े हर किसी को ब्रेड पर लगाकर जैम खाना पसंद ही होता है. पर ऐसे में ये सोचने वाली बात है कि मार्केट में मिलने वाला जैम जिसे हम इतना स्वाद लेकर खाते हैं वो हमारी सेहत के लिए नुकसानदायक तो नहीं है. इस तरह के जैम में आर्टिफिशियल कलर, प्रिजरवेटिव और केमिकल्स होते हैं जो हमारी सेहत को नुकसान पहुंचाते हैं. ऐसे में अगर आपको घर पर ही जैम बनाने की रेसिपी मिल जाएं तो आपकी स्वाद के साथ-साथ अच्छी सेहत भी मिलेगी.

जैम को घर पर बनाना बहुत आसान है. सबसे अच्छी बात ये है कि इसे आप बनाकर फ्रिज में रखकर 1-2 महीने के लिए स्टोर भी कर सकती हैं. अगर आपका बच्चा होस्टल में पढ़ता है और उसे जैम बहुत पसंद है. तो आप उसे ये होममेड जैम बनाकर दे सकती हैं.13 साल के छात्र ने किया 23 साल की लेडी टीचर को प्रेग्नेंट, कोर्ट के आदेश पर हुआ अबॉर्शनठेले पर श्मशान ले जाई गई थी इस एक्ट्रेस की लाश... क्या इस अदाकारा की जिंदगी की कहानी है ओम शांति ओम?पिकअप कम, गियर बदलते समय झटका? क्लच प्लेट खराब होने के ये हैं संकेत

घर पर बनाएं इन 3 तरह के जैम

**मैंगो जैम है टेस्टी**

मैंगो जैम यानि की आम का जैम बनाने के लिए सबसे पहले आम को छीलकर टुकड़ों में काट लें. अब ब्लेंडर में आम को डालकर इसे ब्लेंड कर लें. पैन में आम का पेस्ट डालकर 5 मिनट तक पकाएं फिर चीनी डालकर इसके घुलने तक पकाते रहें. अब इसमें 2 चम्मच नींबू का रस डालकर पकाएं और पेस्ट गाढ़ा हो जाए तो इसे एक प्लेट में निकाल लें. मैंगो जैम तैयार है इसे ब्रेड में लगाकर खाएं. मैंगो जैम को हेल्दी बनाने के लिए आप इसमें चीनी न डालें तो बेहतर रहेगा.

**सेब से बनाएं स्वादिष्ट जैम**

सेब या एप्पल जैम बनाने के लिए सबसे पहले सेब को अच्छे से धुल लें फिर इसका बीज निकाल कर इसके छोटे-छोटे टुकड़े कर लें. एक बर्तन में सेब के टुकड़े और पानी को डालकर सेब को उबाल लें. सेब को तब तक उबालें जब तक वो नरम न हो जाए. नरम हो जाने पर इसे मैस कर लें और चीनी डालकर मिला लें. जैम को ठंडा होने पर एक कांच की शीशी में निकाल लें. एप्पल जैम को अगर हेल्दी बनाना चाहते हैं तो इसमें गुड़ या देसी खांड का यूज कर सकते हैं.

**स्ट्रॉबेरी जैम है हेल्दी**

स्ट्रॉबेरी जैम बनाने के लिए आप स्ट्रॉबेरी को धुल कर उसे छोटे-छोटे टुकड़ों में काट लें. फिर इसे एक पैन में चीनी डालकर पका लें और स्ट्रॉबेरी को मैश कर लें.

# द्वि-राष्ट्रवाद के बाद से कई राष्ट्रों में बंटा पाकिस्तान

बलूचियों को यह भी लगता है कि पाकिस्तान ने अपने बदहाल आर्थिक तंत्र को दुरुस्त करने के लिए चीनियों को उनके इलाके में बुला लिया है। चीन ने 62 अरब डॉलर का भारी निवेश किया है और वह बलूचिस्तान में ग्वादर पोर्ट को संचालित करता है। चाइना-पाकिस्तान इकानॉमिक कॉरिडोर (सीपैक) के तहत इस बंदरगाह से चीन जहां दुनिया से जुड़कर अपना माल बेचने की राह आसान करता है।

लगता है कि पाकिस्तान का एक और हिस्सा उसके गले की फांस बनने जा रहा है। पाकिस्तानी सेनाध्यक्ष आसिफ़ मुनीर ने पिछले महीने ज़रूर कश्मीर को अपने गले की नस बताया था लेकिन सच्चाई यह है कि अब जिसने पाकिस्तान की नाक के नीचे विध्वंस मचा रखा है, वह उसी के देश का अपना हिस्सा बलूचिस्तान है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद एक बलोच नेता मीर यार बलूच ने बलूचिस्तान को आज़ाद घोषित कर दिया है बाक़ायदा अपने एक झंडे और राष्ट्गीत के साथ। बलूच जनजाति का संघर्ष यूं तो सदियों पुराना है लेकिन कुछ समय से यह सतह पर है जिसका जन्म पाकिस्तान बनते ही हो गया था। पाकिस्तान ने हमेशा इस संघर्ष को विद्रोह मानकर कुचलने की कोशिश की। देश का सबसे बड़ा और संसाधनों के हिसाब से बेहद समृद्ध हिस्सा होने के बावजूद बलूचिस्तान को कोई तवज्जो नहीं मिली। पाकिस्तान में पहले दिन से ही पंजाब मूल के हुक्मरानों, सेनाध्यक्षों और बुद्धिजीवियों का दबदबा रहने से उसके अन्य हिस्से छिटके ही रहे। सिंध, खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान जैसे सूबे हमेशा विकास से कटे रहे। नतीजतन वहां की जनता आज भी ग़रीबी और अशिक्षा से ग्रस्त है। उस पर दुविधा यह है कि पाकिस्तान पर राज करने वाले कभी परवाह भी नहीं करते कि इन विद्रोहियों से बातचीत कर कोई रास्ता निकाला जाए।

बलूचियों को यह भी लगता है कि पाकिस्तान ने अपने बदहाल आर्थिक तंत्र को दुरुस्त करने के लिए चीनियों को उनके इलाके में बुला लिया है। चीन ने 62 अरब डॉलर का भारी निवेश किया है और वह बलूचिस्तान में ग्वादर पोर्ट को संचालित करता है। चाइना-पाकिस्तान इकानॉमिक कॉरिडोर (सीपैक) के तहत इस बंदरगाह से चीन जहां दुनिया से जुड़कर अपना माल बेचने की राह आसान करता है, वहीं बलूची मानते हैं कि यह उनकी आज़ादी में दख़ल है और उनकी ज़मीन पर कब्ज़े की साज़िश है। चीन का विस्तारवादी अतीत भी उन्हें ऐसा सोचने पर मजबूर करता है। बलूचिस्तान न केवल पाकिस्तान का सबसे बड़ा राज्य है बल्कि प्राकृतिक गैस, सोना, तांबा, रेडियम जैसे कई महत्वपूर्ण खनिजों के भंडार भी वहां हैं। पहले-पहल सिंगापुर की एक कंपनी इसका संचालन कर रही थी, फिर चीन ने इसे अपने ही देश



की कंपनी को दे दिया। चीन यहां काम करते रहने के लिए अपनी सेना रखना चाहता है क्योंकि छह महीने पहले उसके पांच इंजीनियर यहां मारे जा चुके हैं। पाकिस्तान के बारे में यह कहना ग़लत नहीं होगा कि अपने खस्ताहाल अर्थतंत्र को ज़िंदा करने के लिए चीन एक बड़े उत्प्रेरक के रूप में वहां काम कर रहा है और पाकिस्तान यह कीमत अपने सूबों का दमन करके दे रहा है। दमन का यह सिलसिला ऐसा रहा कि एमनेस्टी इंटरनेशनल की रपट के मुताबिक 2011 से अब तक दस हज़ार बलूच गायब कर दिए गए हैं।

पाकिस्तान के ख्यतिनाम पत्रकार हामिद मीर के लफ़्ज़ों में लिखी यह कहानी बताती है कि पाकिस्तानी शासक किस कदर बलूचियों के प्रति क्रूर रहे हैं। वे लिखते हैं-%यह सिर्फ एक लड़की की कहानी नहीं है, बल्कि बलूचिस्तान की हजारों माताओं, बेटियों, बहनों और पत्नियों की कहानी है। सामी दीन को तब से जानता हूं, जब वह सिर्फ 10 साल की थी। उसके पिता डॉ. दीन मोहम्मद बलूच बलूचिस्तान के खुजदार जिले के ओरनाच में एक सरकारी अस्पताल में डॉक्टर थे। 28 जून 2009 को उन्हें पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने बलूच अलगाववादियों के साथ संबंध होने के संदेह में गिरफ्तार कर लिया। लेकिन उन्हें कभी किसी अदालत में पेश नहीं किया गया। उनकी पत्नी और स्कूल जाने वाली दो बेटियों ने अदालत में याचिका दायर की, लेकिन उन्हें कभी न्याय नहीं मिला। एक दिन 10 साल की सामी अपने पिता के लिए आवाज उठाने इस्लामाबाद आई। मैंने उसे प्रेस क्लब के सामने देखा। उसके हाथ में अपने पिता की तस्वीर थी। वह बलूचिस्तान के अन्य लापता लोगों के परिवारों के साथ बैठी थी। सामी की बस यही मांग थी कि अगर उसके पिता किसी अवैध गतिविधि में शामिल हैं, तो उन्हें अदालत में पेश किया जाए, वरना रिहा किया जाए।

हामिद आगे लिखते हैं-फरवरी, 2014 में, जब वह सिर्फ 15 साल की थी, एक ऐतिहासिक लॉन्ग मार्च का हिस्सा बनी। यह मार्च क्वेटा से कराची और फिर कराची से इस्लामाबाद तक (2,000 किलोमीटर) किया गया था, जिसमें बलूचिस्तान में जबरन गायब किए गए लोगों के मुद्दे को उठाया गया था। इस मार्च की अगुवाई सामी के मामा 72 वर्षीय कदीर बलूच कर रहे थे। जब वे इस्लामाबाद पहुंचे, तो मैंने अपने टीवी शो में मामा कदीर और सामी को आमंत्रित किया, लेकिन मेरे शो से कुछ मिनट पहले पाकिस्तानी सेना के तत्कालीन प्रवक्ता जनरल असीम सलीम बाजवा मेरे ऑफिस आए और मुझसे इंटरव्यू न लेने के लिए कहा। मैंने मना कर दिया। शो के दौरान जब ब्रेक हुआ, तो मुझे तत्कालीन प्रधानमंत्री नवाज शरीफ का फोन आया, जो मेरा शो देख रहे थे। उन्होंने इन बलूच कार्यकर्ताओं से मिलने की इच्छा जताई। मैंने अगले दिन सुबह 11 बजे उनकी मुलाकात तय कर दी। सामी इस बात से बेहद उत्साहित थी कि वह प्रधानमंत्री से मिलेगी और फिर उसके पिता लौट आएंगे, पर उसी रात मामा कदीर, सामी और अन्य प्रदर्शनकारियों को इस्लामाबाद से जबरन बाहर निकाल दिया गया। खुफिया एजेंसियों ने प्रधानमंत्री को कभी भी बलूच कार्यकर्ताओं से मिलने नहीं दिया। कुछ हफ्तों बाद कराची में मुझ पर एक जानलेवा हमला हुआ।

मुझे छह गोलियां लगीं, लेकिन किस्मत से मैं बच गया। कुछ समय बाद नवाज शरीफ को सुप्रीम कोर्ट ने अयोग्य घोषित कर दिया।क्या यह घटना काफ़ी नहीं पाकिस्तान की उथल-पुथल को बताने के लिए? दुनिया को जैसे बलूचियों की आवाज़ से भी कोई मतलब नहीं है। वह वक्त देखकर अपने स्वार्थ के हिसाब से पांसे फेंकती है। तभी तो अमेरिकी राष्ट्पति डोनाल्ड ट्रम्प भारत और पकिस्तान को एक ही पलड़े में रखकर युद्ध रुकवाने की बात कह देते हैं। भारत और पाकिस्तान को ही यह समझना होगा कि देश में या देश के बाहर, माहौल बातचीत से ही बदला जा सकता है।

आपसी संवाद ही काम कर सकता है वरना दो बिल्लियों की लड़ाई में फ़ायदा सिर्फ बंदर का होता है जो सारी रोटी चट कर जाता है। इस माहौल में बलूच नागरिकों को भी लगता है कि दुनिया उनकी भी आवाज़ सुने। बलूच नेता मीर यार बलूच ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि बलूचिस्तान के लोगों ने अपना राष्ट्रीय फैसला ले लिया है।रिपब्लिक ऑफ़ बलूचिस्तान एक स्वतंत्र राष्ट है और अब दुनिया को भी चुप नहीं रहना चाहिए। उन्होंने भारत समेत अंतरराष्ट्रीय समुदाय से समर्थन की अपील की है कि वे बलूचों को पाकिस्तान के लोग कहना बंद करें। उन्होंने कहा कि हम अपनी नस्ल बचाने के लिए निकले हैं, आओ हमारा साथ दो। मीर ने कहा-पाकिस्तान को दी जाने वाली अंतरराष्ट्रीय सहायता और कर्ज पैसे की बर्बादी थी। 1947 से 2025 तक पाकिस्तान ने पश्चिम, आईएमएफ, विश्व बैंक से अरबों डॉलर प्राप्त किए और हजारों जिहादी समूहों का समर्थन किया। पाकिस्तान ने आतंकवाद के खिलाफ़ युद्ध के नाम पर अमेरिका से फंड लिया, लेकिन इन पैसों का इस्तेमाल 9/11 हमले के बाद अफगानिस्तान में 5000 से अधिक अमेरिकी सैनिकों, नाटो सैन्य बलों और नागरिकों को मारने के लिए आतंकियों पर खर्च किया। पाकिस्तान के आतंकवादी व्यवहार के कारण बलूचिस्तान पर संयुक्त राष्ट सुरक्षा परिषद और संयुक्त राष्ट महासभा की आपातकालीन बैठक बुलानी चाहिए।% पोस्ट में भारत से समर्थन की आस में भारत की पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर को खाली कराने की मांग का भी पूरा समर्थन किया है। इसके साथ ही यह मुद्दा सोशल मीडिया पर ट्रेंड करने लगा।हालांकि ऐसा पहली बार नहीं है। सैंतीस बरस की करीमा बलूच वहां की जानी-मानी मानवाधिकार कार्यकर्ता थीं। बलूच राष्ट्रीय आंदोलन को महिलाओं के मध्य ले जाने का श्रेय उन्हें ही जाता है। बीबीसी ने उनका नाम दुनिया की सौ सबसे प्रभावशाली महिलाओं की सूची में शामिल किया था। रक्षाबंधन के मौक़े पर करीमा बलोच ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बलूचिस्तान में हो रहे मानवाधिकार उल्लंघन के ख़िलाफ़ आवाज़ उठाने की अपील की थी। पाकिस्तान में हालात ख़राब होने लगे तब करीमा ने कनाडा में शरण ली, जहां से 22 दिसंबर 2020 को संदिग्ध परिस्थितियों में उनका शव बरामद किया गया। बलूचिस्तान में कई संगठन हैं जो अपनी आज़ादी के लिए लड़ रहे हैं। वे जब-तब अपनी उदारवादी सोच को ज़ाहिर भी करते हैं।नेता ताराचंद बलोच वहां की बलोच नेशनल पार्टी के चुने हुए नेता थे और बलूच आज भी उन्हें बहुत सम्मान से याद करते हैं। बाद में आंदोलन हिंसक हो गया। बलूच लिबेरशन आर्मी ने मार्च में एक ट्रेन को अगुआ कर चुन-चुन कर पाकिस्तानी सेना के जवानों को निशाना बनाया था।

संपादकीय

# राष्ट्रभक्ति की सीमाओं से परे सौदेबाजी

बाप बड़ा न भैया, सबसे बड़ा रुपैया। पुरानी कहावत है, लेकिन जब तक राजनीति और कारोबार कायम हैं, यह बात भी सोलह आने सच ही रहेगी। भाजपा तिरंगा यात्रा निकालकर राष्ट्वाद की नयी हुंकार भर रही है (हालांकि उसी तिरंगे से नाक पोंछने और यात्रा के बाद सड़क पर पड़े रहने के वीडियो सामने आए हैं), ऑपरेशन सिंदूर का सारा श्रेय मोदीजी के खाते में जमा किया जा रहा है। इसके साथ ही पाकिस्तान का साथ देने वाले अजरबेजान और तुर्किए का भी बड़े पैमाने पर बहिष्कार हो रहा है। लेकिन उधर नरेन्द्र मोदी के करीबी उद्योगपति मुकेश अंबानी डोनाल्ड ट्रंप से कतर में मुलाकात करते हैं।इस बीच ट्रंप का एक और भारत विरोधी बयान सामने आ गया है, जिसमें वो एप्पल के सीईओ टिम कुक का नाम लेकर कह रहे हैं कि मैंने टिम से कहा कि वे भारत में आईफ़ोन बनाना बंद करें। उन्होंने कहा कि भारत को अपने हितों का ध्यान खुद रखने दें।

भारत का दुश्मन देश जिस तरह के बयान दे सकता है, लगभग उसी तरह के बयान डोनाल्ड ट्रंप लगातार दिए जा रहे हैं। अमेरिका में बिना पूरे कागजात के रह रहे भारतीयों को जिस तरह हथकड़ी के साथ अपने सैन्य विमान में भेजा गया, वो दृश्य जनता नहीं भूली है। इसके बाद उन्होंने नरेन्द्र मोदी की अमेरिका यात्रा के दौरान उनके सामने ही कहा था कि वे भारत पर उतना ही टैरिफ लगाएंगे, जितना भारत लगाता है। इस धमकी के बाद उन्होंने भारत पर दबाव डाला कि वह अपना टैरिफ कम करे। टैरिफ के अलावा भारत और पाकिस्तान को लेकर डोनाल्ड ट्रंप ने बयान दिया कि दोनों देशों के नेता उनके अच्छे मित्र हैं, दोनों देशों को ट्रंप ने एक पलड़े पर रखा। जबकि भारत पाक समर्थित आतंकवाद से पीड़ित देश है। ऑपरेशन सिंदूर के बीच में ही ट्रंप ने ऐलान कर दिया कि उन्होंने दोनों देशों के नेताओं से लंबी चर्चा की और युद्धविराम करवा दिया है। इसके बाद पाकिस्तान की तरफ से हमले हुए, लेकिन ट्रंप की नजर में फिर भी दोनों देश एक समान ही रहे।सऊदी अरब और कतर के दौरे पर भी ट्रंप ने युद्धविराम के लिए व्यापार का दबाव डालने वाला बयान दिया और भारत ने इसे नहीं नकारा। एक के बाद एक सारे भारत विरोधी बयानों के बाद अब ताजा बयान एप्पल के भारत में निवेश को रोकने के लिए ट्रंप ने दिया है। ट्रंप ने एक तरफ टिम कुक से कहा कि वे भारत में आईफोन बनाना बंद करे, दूसरी तरफ ये भी कहा कि %अगर आप भारत की मदद करना चाहते हो, तो ठीक है, लेकिन भारत दुनिया के सबसे ज्यादा टैरिफ़ वाले देशों में से एक है। वहां बेचना मुश्किल है।

भारत ने हमें एक प्रस्ताव दिया है, जिसमें उन्होंने हमारे सामानों पर कोई टैरिफ़ नहीं लगाने का वादा किया है।गौर करने वाली बात है कि भारत क्या करने जा रहा है, या उसने क्या प्रस्ताव दिया है, यह बात नुक्कड़ की चाय दुकान पर होने वाली चर्चा में किसी आम शख्स ने नहीं कही है, बल्कि अमेरिका के राष्ट्पति की तरफ से ये बयान आए हैं, इसके बाद भी भारत सरकार कुछ कह क्यों नहीं रही। इन बयानों की सच्चाई सामने क्यों नहीं रख रही, यह समझ से परे है।ट्रंप लगातार भारत विरोधी बयान दे रहे हैं और मुकेश अंबानी उन्हीं ट्रंप से मिलने कतर पहुंच रहे हैं, लेकिन इस पर न कोई देशभक्ति सवाल उठ रहा है, न कोई विरोध हो रहा है। जबकि रहना चाहिए कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहब शरीफ ने युद्ध में साथ देने के लिए न केवल अमेरि चीन, तुर्किए, अजरबेजान, यूएई और सऊदी अरब जिक्र किया था, बल्कि कतर को भी शुक्रिया कहा तुर्किए और अजरबेजान का विरोध तो भारत के लोगं करना शुरु कर दिया है।

खासकर पर्यटन उद्योग में यह विरोध देखा जा है, लेकिन ऐसा ही है तो फिर कतर, सऊदी अरब, च अमेरिका के लिए वैसी नाराजगी क्यों नहीं देखी जा र क्या देशभक्ति चयनित तरीकों से की जा सकती है।व में ट्रंप और अंबानी समूह के बीच कौन सी ट्रेड डील ह है, यह तो पता चल ही जाएगा, लेकिन इधर देश के ब व्यापारियों को भी देखना होगा कि वे तो तुर्की अजरबेजान से व्यापार को रोक लेंगे, लेकिन सरकार इन दोनों देशों के साथ संबंध तोड़ रही है या अ सिर्फ हवा बांधी जा रही है।

# भारत में अभी बयानबाजी की नहीं बल्कि राजनेतृत्व की जरूरत

कभी भी देर नहीं होती। युद्ध विराम अभी भी जारी है, भले ही कमजोर आधार पर, लेकिन हम इसे मजबूत बना सकते हैं। दोनों देशों को इसके लिए जिम्मेदारी से काम करना चाहिए। पाकिस्तान के लिए सेना को मनाना एक बड़ा काम है। नागरिक सरकार और नागरिक समाज को अच्छे पड़ोसी संबंधों के लिए जोरदार आवाज उठानी होगी।

युद्ध दुख और मौतें लेकर आता है। पूर्व सेना प्रमुख मनोज नरवाने ने पुणे में कॉस्टअकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, युद्ध न तो रोमांटिक है और न ही कोई बॉलीवुड फिल्म। उन्होंने कहा कि कूटनीति उनकी पहली पसंद होगी, सीमावर्ती क्षेत्रों में रहने वाले लोगों में सदमा है, जिनमें बच्चे भी शामिल हैं, जिन्होंने गोलाबारी देखी है और जिन्हें रात में आश्रयों की ओर भागना पड़ता है। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खो दिया है, उनके लिए यह सदमा पीढ़ियों तक रहेगा। उन्होंने आगे कहा कि जिन लोगों ने भयानक दृश्य देखे हैं, उनमें पोस्ट ट्रॉमेटिक स्ट्रेस डिसऑर्डर (पीटीडीएस) है, जो 20 साल बाद पसीने से तरबतर हो उठते हैं और उन्हें मनोचिकित्सकीय देखभाल की आवश्यकता होती है। युद्ध अंतिम विकल्प होना चाहिए, कूटनीति को आगे बढ़ना चाहिए।यही कारण है कि भारत और पाकिस्तान के बीच युद्धविराम का न केवल शांति कार्यकर्ताओं बल्कि पूरे देश के लोगों ने जोरदार स्वागत किया। सीमावर्ती क्षेत्रों में रहने वाले लोग इस घोषणा से बहुत राहत महसूस कर रहे थे। पाकिस्तान में आतंकवादी शिविरों पर हमला करने का निर्णय लेने के तुरंत बाद, यह महसूस किया गया कि पाकिस्तान जवाबी कार्रवाई करेगा और यह बालाकोट की पुनरावृत्ति नहीं होगी। इसलिए सीमावर्ती क्षेत्रों के गांवों को खाली करवा दिया गया और लोगों को अस्थायी शिविरों में स्थानांतरित कर दिया गया। ऐसे शिविरों में जीवन हमेशा दयनीय होता है। यह मैं 1965 के युद्ध के दौरान एक किशोर के रूप में अपने अनुभव से कह सकता हूं जब हमारे स्कूल खाली करवा दिये गये थे, कक्षाएं बंद कर दी गयी थीं और सीमा से सटे गांवों के लोगों को हमारे स्कूल में स्थानांतरित कर दिया गया था। हम उनके लिए भोजन एकत्र कर रहे थे और उन्हें इन नये तथाकथित घरों में आपूर्ति कर रहे थे। कोई गोपनीयता नहीं, कोई पसंद का भोजन नहीं, कोई उचित आश्रय नहीं, कोई काम नहीं और बच्चों के लिए स्कूल के दिनों का नुकसान, मैं महसूस कर सकता था कि युद्ध कितना भयानक है। यह सर्वविदित तथ्य है कि दुनिया के किसी भी हिस्से में शरणार्थी शिविर में जीवन बहुत कठिन है, चाहे वह क्षेत्र कितना भी विकसित क्यों



न हो। इसलिए जब युद्ध विराम हुआ, तो लोगों ने राहत की सांस ली।

इस पृष्ठभूमि में सोमवार रात प्रधानमंत्री के भाषण से बहुत कुछ अपेक्षित था। एक महत्वपूर्ण सवाल जो लोगों के मन में पहले से ही आ रहा था, वह यह था कि हमारे प्रधानमंत्री के भाषण से कुछ मिनट पहले ही अमेरिकी राष्टपति डोनाल्ड ट्रंप ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कैसे की? यह आश्चर्यजनक था कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध विराम समझौते की घोषणा की और दोनों देशों को युद्ध विराम के लिए सहमत होने के लिए मजबूर किया, जबकि उन्होंने धमकी दी कि अगर वे युद्ध नहीं रोकेंगे तो वे व्यापार नहीं करेंगे। अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद बोलने वाले नरेंद्र मोदी अमेरिकी राष्टपति द्वारा कही गयी बातों का खंडन करने में विफल रहे।इससे पता चलता है कि भारत और पाकिस्तान के मामलों में ट्रंप का स्पष्ट हस्तक्षेप और द्विपक्षीय वार्ता के माध्यम से मुद्दों को सुलझाने की हमारी समझ पर उनका हावी होना हमारे नेतृत्व द्वारा स्वीकार कर लिया गया है। द्विपक्षीय वार्ता से मुद्दों के सुलझाने की समझ शिमला समझौता1972 से बनी थी। लेकिन दुर्भाग्य से प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में इस बारे में एक भी शब्द नहीं कहा। उनका पूरा भाषण पाकिस्तान की आलोचना करने और यह बताने पर केंद्रित था किभारत भविष्य में भी जरूरत पड़ने पर बल का प्रयोग करता रहेगा।

इस समय उन्हें युद्ध विराम को मजबूत करने के बारे में बात करनी चाहिए थी और शांति के लिए भारत की प्रतिबद्धता को स्पष्ट शब्दों में व्यक्त करना चाहिए था। हमेशा की तरह भारतीय सेना ने 7 मई को पहले ही दिन आतंकवादी शिविरों को निशाना बनाकर बेहतरीन काम किया। जैसा कि प्रेस काफ्रेंस में प्रधान सचिव विक्रम मिसरी ने कहा कि हमारा काम केवल आतंकवादी शिविरों को निशाना बनाना था और हमारा इरादा नागरिकों को मारना या पाकिस्तान के सैन्य क्षेत्रों को निशाना बनाना नहीं है।हालांकि 7 मई के बाद पाकिस्तान द्वारा की गयी जवाबी कार्रवाई ने स्थिति को और खराब कर दिया। प्रधानमंत्री अगर भारत और पाकिस्तान के बीच स्थायी युद्ध विराम से शुरू करके दक्षिण एशियाई क्षेत्र में शांति को मजबूत करने की बात करते तो वे दक्षिण एशिया के एक बड़े नेता के रूप में आगे बढ़ते। लेकिन उन्होंने यह मौका गंवा दिया। बयानबाजी से भरा उनका भाषण केवल अंधभक्ति पैदा करके अपने ुनावी आधार को मजबूत बनाने के लिए था।

उन्हें सार्क को मजबूत करने की बात करनी चाहिए थी ताकि सभी दक्षिण एशियाई देश मिलकर उन मुद्दों को सुलझा सकें जहां भारत पाकिस्तान पर आतंकवादी तंत्र को तोड़ने के लिए दबाव डाल सकता था। जहां भारत आजादी के बाद धर्मनिरपेक्ष लोकतांत्रिक देश के रूप में विकसित हुआ, वहीं पाकिस्तान लंबे समय तक एक धर्मशासित राज्य के रूप में सेना के शासन में रहा। सेना के अधिकारी बड़े कारोबार को नियंत्रित करते हैं और वे पाकिस्तान में बड़े भू-स्वामी हैं। इसलिए हमें अर्ध-लोकतांत्रिक राज्य के साथ मामलों में सावधानी से आगे बढ़ना होगा।

26 नवंबर, 2008 को मुंबई में ताजमहल होटल पर हुए हमले के दौरान भारत ने सफलतापूर्वक हमले में पाकिस्तान की संलिप्तता के सुबूत दिये थे। इसलिए जब कसाब को मौत की सजा सुनाई गयी और उसे फांसी दी गयी, तो दुनिया में कहीं भी कोई शोर-शराबा नहीं हुआ। वर्तमान भारतीय सरकार को भी अब ऐसा ही करना चाहिए था और पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों को मारने वाले आतंकवादियों के बारे में पाकिस्तान को सुबूत देने चाहिए थे। इससे हमारी विश्वसनीयता बढ़ती और भारत की स्थिति मजबूत होती।बहरहाल, कभी भी देर नहीं होती। युद्ध विराम अभी भी जारी है, भले ही कमजोर आधार पर, लेकिन हम इसे मजबूत बना सकते हैं। दोनों देशों को इसके लिए जिम्मेदारी से काम करना चाहिए। पाकिस्तान के लिए सेना को मनाना एक बड़ा काम है। नागरिक सरकार और नागरिक समाज को अच्छे पड़ोसी संबंधों के लिए जोरदार आवाज उठानी होगी।भारत को सार्क को मजबूत करने में अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए। किसी भी परिस्थिति में बातचीत की प्रक्रिया जारी रखनी चाहिए। दक्षिण एशिया को साझा सुरक्षा प्रणाली विकसित करनी चाहिए। दक्षिण एशियाई देशों की संयुक्त बैठकों के माध्यम से पाकिस्तान को अपने परमाणु सिद्धांत के रूप में परमाणु हथियारों का पहले इस्तेमाल न करने के लिए राजी करना चाहिए।



# चाइल्ड काउंसलर बनकर संवारें अपना भविष्य

**एक चाइल्ड काउंसलर के पास संभावनाओं की कमी नहीं है। वह स्कूल से लेकर हॉस्पिटल्स तक में काम कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त विभिन्न एनजीओ व बच्चों के लिए काम कर रही संस्थाओं में उनकी आवश्यकता होती है। वहीं आप स्पेशल स्कूल्स या बाल सुधार गृह में भी अपनी सेवाएं दे सकते हैं।**

आज के तनावपूर्ण जीवन में सिर्फ बड़े ही नहीं, बल्कि बच्चे भी कई तरह की परेशानियों जैसे माता-पिता व अन्य लोगों से रिश्ते, एग्जाम प्रेशर व पीयर प्रेशर आदि से दो-चार होते हैं। यहां सबसे बड़ी समस्या यह होती है कि वह अपनी परेशानी किसी से शेयर नहीं करते और कई बार तो अपनी परेशानियों को मन में ही रखने के कारण वह अवसादग्रस्त हो जाते हैं। ऐसे में उनकी परेशानियों को समझकर उन्हें अंधेरे से निकालकर उजाले में लाने का काम करते है चाइल्ड काउंसलर। यह एक ऐसा क्षेत्र है, जहां पर व्यक्ति को दूसरों की सहायता करके एक अजीब सी संतुष्टि का अनुभव होता है।

## क्या होता है काम

एक चाइल्ड काउंसलर बच्चों के व्यवहार और भावनात्मक मुद्दों पर उनकी सहायता प्रदान करते हैं। साथ ही वह बच्चों के डेवलपमेंट मुद्दों जैसे चिंता, नींद, पर्सनैलिटी डिसआर्डर व ईटिंग डिसआर्डर को भी दूर करते हैं। उनका मुख्य काम पहले बच्चों के साथ एक रिश्ता विकसित करना होता है ताकि वह अपने मन की उन बातों को भी साझा करें, जिसे वह किसी से भी नहीं कह पाते। इसके बाद वह उनकी बातों को सुनकर व उसके हाव-भावों के जरिए उसके मन की परेशानी को गहराई से समझते हैं। वह न सिर्फ बच्चों को काउंसिल करता है, बल्कि समस्या को जड़ से खत्म करने के लिए पैरेंट्स को भी काउंसिल करते हैं। जिससे माता-पिता बच्चों के मन की बात समझकर उनके लिए सपोर्ट सिस्टम बन सकें।

## स्किल्स

जो लोग एक सफल चाइल्ड काउंसलर बनना चाहते हैं, उनमें कम्युनिकेशन स्किल्स व इंटरपर्सनल स्किल्स काफी अच्छे होने चाहिए। इसके अतिरिक्त उसमें बच्चे को आसानी से सहज करने व बेहतरीन तालमेल बिठाने की भी क्षमता होनी चाहिए। अगर आप सच में एक बेहतरीन चाइल्ड काउंसलर बनने की इच्छा रखते हैं तो आपको तटस्थ व निष्पक्ष होकर बच्चे की बातों को सुनना व समझना चाहिए। अधिकतर बच्चे अपने दोस्तों या माता-पिता को महज इसलिए अपनी बात नहीं बताते क्योंकि उन्हें लगता है कि वह उनकी बात नही समझेंगे या फिर उन्हें गलत समझेंगे। ऐसा अनुभव उन्हें चाइल्ड काउंसलर की बातों से नहीं होना चाहिए। आपके भीतर यह क्षमता होनी चाहिए कि आप बच्चों को यह विश्वास दिला सके कि आप उनकी बातों को सुनेंगे, जज नहीं करेंगे।

## योग्यता

इस क्षेत्र में कदम रखने के लिए 12वीं के बाद साइकोलॉजी में बैचलर डिग्री कर सकते हैं। साइकोलॉजी में ग्रेजुएशन करने के बाद आप साइकोलॉजी में मास्टर डिग्री या पीजी डिप्लोमा इन गाइडेंस व काउंसिलिंग कर सकते है। इसके बाद एमफिल या पीएचडी भी की जा सकती है।

## संभावनाएं

एक चाइल्ड काउंसलर के पास संभावनाओं की कमी नहीं है। वह स्कूल से लेकर हॉस्पिटल्स तक में काम कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त विभिन्न एनजीओ व बच्चों के लिए काम कर रही संस्थाओं में उनकी आवश्यकता होती है। वहीं आप स्पेशल स्कूल्स या बाल सुधार गृह में भी अपनी सेवाएं दे सकते हैं। वहीं आप खुद का सेंटर भी खोलकर काम कर सकते हैं।

## आमदनी

अगर वेतन की बात की जाए तो इसमें सैलरी से अधिक मानसिक संतुष्टि को महत्व दिया जाता है। वहीं एक स्कूल में नियुक्त काउंसलर 15000 से 20000 रूपए प्रतिमाह कमा सकता है। वहीं एक अनुभवी चाइल्ड काउंसलर की सैलरी एक बड़े स्कूल में 25000 से 30000 तक हो सकती है। इसके अतिरिक्त अगर आप किसी प्रतिष्ठित प्राइवेट हॉस्पिटल में काम कर रहे हैं तो आपकी सैलरी 30000 या उससे अधिक हो सकती है।

## प्रमुख संस्थान

- दिल्ली यूनिवर्सिटी, दिल्ली
- इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी, दिल्ली
- अंबेडकर यूनिवर्सिटी, दिल्ली
- पंजाब यूनिवर्सिटी, पंजाब
- जामिया मिलिया इस्लामिया, नई दिल्ली
- इंडियन इंस्टीटयूट ऑफ काउंसिलिंग, नई दिल्ली





# नैनोटेक्नोलॉजी के क्षेत्र में नौकरी के अवसर और स्कोप

नैनोटेक्नोलॉजी टेक्नोलॉजी की एक ब्रांच होती है। यह अत्यंत छोटी चीजों के अध्ययन से संबंधित है और इसका उपयोग अन्य सभी विज्ञान क्षेत्रों, जैसे कि रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, भौतिकी, सामग्री विज्ञान और इंजीनियरिंग में किया जा सकता है।

## नैनोटेक्नोलॉजी क्या होती है?

नैनोटेक्नोलॉजी विज्ञान और प्रौद्योगिकी का वह फील्ड है जिसमें नैनोकणों और सामग्रियों को विकसित किया जाता है, जिनका आकार नैनोमीटर की सीमा के भीतर होता है। नैनोटेक्नोलॉजी एक उभरता हुआ क्षेत्र है जो लगभग हर तकनीकी अनुशासन - रसायन विज्ञान से लेकर कंप्यूटर विज्ञान तक - अत्यंत सूक्ष्म सामग्रियों के अध्ययन और अनुप्रयोग में संलग्न है। यह अकादमिक और शोध से संबंधित शीर्ष रैंक वाले विषयों में से एक है। नैनोटेक्नोलॉजी टेक्नोलॉजी की एक ब्रांच होती है। यह अत्यंत छोटी चीजों के अध्ययन से संबंधित है और इसका उपयोग अन्य सभी विज्ञान क्षेत्रों, जैसे कि रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, भौतिकी, सामग्री विज्ञान और इंजीनियरिंग में किया जा सकता है। यह हमारे जीवन में क्रांति लाने और कृषि, ऊर्जा, पर्यावरण और चिकित्सा में हमारी समस्याओं के तकनीकी समाधान प्रदान करने की विशाल क्षमता के साथ अनुसंधान के क्षेत्र का तेजी से विस्तार कर रहा है।

### मास्टर पाठ्यक्रम

- नैनोटेक्नोलॉजी में एमएससी
- नैनो विज्ञान और प्रौद्योगिकी में एमएससी
- नैनोटेक्नोलॉजी में एमटेक
- सामग्री विज्ञान और नैनो प्रौद्योगिकी में एमटेक
- नैनो प्रौद्योगिकी और नैनो सामग्री में एमटेक

### डॉक्टरेट पाठ्यक्रम

- नैनोटेक्नोलॉजी में डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी
- नैनो विज्ञान और प्रौद्योगिकी में डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी

## नैनोटेक्नोलॉजी डिग्री क्या है?

यह भौतिकी, रसायन विज्ञान, गणित और आणविक जीव विज्ञान के साथ एक बहु-विषयक प्राकृतिक विज्ञान पाठ्यक्रम है।

## पाठ्यक्रम और पात्रता

नैनोटेक्नोलॉजी के क्षेत्र में शिक्षा स्नातकोत्तर स्तर और डॉक्टरेट स्तर पर प्रदान की जाती है। भारत में कोई भी संस्थान नैनोटेक्नोलॉजी में स्नातक पाठ्यक्रम प्रदान नहीं करता है। मैटेरियल साइंस, मैकेनिकल, बायोमेडिकल, केमिकल, बायोटेक्नोलॉजी, इलेक्ट्रॉनिक्स और कंप्यूटर साइंस में बीटेक डिग्री या भौतिकी, रसायन विज्ञान, गणित और जीवन विज्ञान में बीएससी रखने वाले उम्मीदवार नैनो टेक्नोलॉजी में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन कर सकते हैं। नैनोटेक्नोलॉजी में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए उम्मीदवार को किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से भौतिकी, रसायन विज्ञान, गणित और जीवन विज्ञान में बीएससी या सामग्री विज्ञान / यांत्रिक / जैव चिकित्सा / रसायन / जैव प्रौद्योगिकी / इलेक्ट्रॉनिक्स / कंप्यूटर विज्ञान में बीटेक उत्तीर्ण होना चाहिए।

पीएचडी कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए उम्मीदवार को मैकेनिकल, केमिकल, इलेक्ट्रॉनिक, बायोटेक्नोलॉजी, कंप्यूटर साइंस आदि में एमटेक या फिजिक्स, केमिस्ट्री, मैटेरियल साइंस, बायोटेक्नोलॉजी, कंप्यूटर साइंस आदि में एम.एससी पास होना चाहिए। उम्मीदवार 5 साल की अवधि के लिए नैनो टेक्नोलॉजी (डुअल डिग्री) में बीटेक + एमटेक भी चुन सकते हैं।

## नैनोटेक्नोलॉजी का स्कोप क्या है?

आने वाली पीढ़ियों में इसका बहुत बड़ा स्कोप है। आईटी और इंटरनेट की तुलना में यह तीसरा सबसे अधिक फलता-फूलता क्षेत्र है। भारत में बैंगलोर और चेन्नई आईटी और मेडिसिन के विनिर्माण केंद्र हैं। भारत सरकार ने पहले ही नैनोसाइंस और नैनो टेक्नोलॉजी और विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग जैसी विभिन्न फंडिंग एजेंसियों को शुरू कर दिया है।

## नैनोटेक्नोलॉजी के लिए करियर विकल्प क्या हैं?

नैनोटेक्नोलॉजी में विशेषज्ञ या वैज्ञानिकके के रूप में नौकरी मिल सकती है। जिन क्षेत्रों में नैनोटेक्नोलॉजिस्ट रोजगार की तलाश कर सकते हैं उनमें जैव प्रौद्योगिकी, कृषि, भोजन, आनुवंशिकी, अंतरिक्ष अनुसंधान, चिकित्सा आदि शामिल हैं। राष्ट्रीय भौतिक प्रयोगशाला, भारतीय खगोल भौतिकी संस्थान आदि में भी नौकरी के अवसर उपलब्ध हैं। पीएचडी वाले उम्मीदवार विश्वविद्यालयों और कॉलेजों या अनुसंधान क्षेत्रों में संकाय सदस्यों के रूप में भी शामिल हो सकते हैं।

### नैनोटेक्नोलॉजी में जॉब रोल्स क्या हैं?

- नैनोटेक्नोलॉजिस्ट
- वैज्ञानिक
- शोधकर्ता
- प्रोफेसर
- खाद्य वैज्ञानिक
- इंजीनियर चिकित्सा वैज्ञानिक

**उद्योग / कंपनियां / जो इन पेशेवरों को नियुक्त करते हैं:**

- इलेक्ट्रॉनिक्स / सेमीकंडक्टर उद्योग
- विनिर्माण उदयोग
- जैव प्रौद्योगिकी
- दवाइयों
- चिकित्सा क्षेत्र
- पर्यावरण
- विश्वविद्यालयों
- उत्पाद आधारित कंपनियां (खाद्य)
- अनुसंधान प्रयोगशाला

### वेतन

फ्रेशर के लिए लगभग 20,000/- से 30,000 रुपये प्रति माह और अनुभवी उम्मीदवारों के लिए 1 लाख रुपये प्रति माह के वेतन की उम्मीद की जा सकती है।

**नैनोटेक्नोलॉजी ऑफर करने वाले भारत के शीर्ष कॉलेज:**

- भौतिकी विभाग, आईआईएससी, बैंगलोर
- भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, दिल्ली
- भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर
- नैनो विज्ञान और प्रौद्योगिकी स्कूल, एनआईटी, कालीकट
- एमिटी इंस्टीट्यूट ऑफ नैनो-टेक्नोलॉजी, एमिटी यूनिवर्सिटी, नोएडा

# सेक्रेटेरियल प्रैक्टिस सेक्रेटरी से मैनेजर तक

**सेकेट्रेरियल प्रैक्टिस या ऑफिस मैनेजमेंट और पर्सनल सेकेट्रेरियल प्रैक्टिस कोर्स करके आप महत्त्वपूर्ण पदों पर बैठे अधिकारियों के पर्सनल सेक्रेटरी बनने का अवसर प्राप्त कर सकते हैं। इसके लिए अनेक शॉर्ट टर्म और डिग्री कोर्स उपलब्ध हैं।**

वैश्वीकरण के बाद जिस तेजी से ऑफिस की कार्यप्रणाली और स्वरूप बदला है, ऑफिस सेकेट्ररी और पर्सनल सेक्रेटरी की भूमिका भी अहम होती जा रही है। सेकेट्रेरियल प्रैक्टिस या ऑफिस मैनेजमेंट और पर्सनल सेक्रेटेरियल प्रैक्टिस कोर्स में दाखिला लेकर आप ऑफिस सेकेट्ररी या पर्सनल सेकेट्ररी बन कर एक अच्छा करियर बना सकते हैं। ऑफिस सेकेट्ररी किसी ऑफिस में प्रतिदिन होने वाले कार्यक्रमों को मैनेज करने में अहम भूमिका निभाता है। महत्वपूर्ण पदों पर बैठे व्यक्तियों के पर्सनल सेक्रेटरी बन कर आप उनके डेली रूटीन तथा ऑफिस शड्यूल को मैनेज करते हैं। देश के विभिन्न विश्वविद्यालय और प्राइवेट संस्थान सेकेट्रेरियल प्रैक्टिस या ऑफिस मैनेजमेंट और सेकेट्रेरियल प्रैक्टिस में शॉर्ट टर्म डिप्लोमा तथा डिग्री कोर्स ऑफर करते हैं।

## योग्यता तथा पढ़ाई

शॉर्ट टर्म कोर्स में प्रवेश लेने के लिए दसवीं तथा कुछ संस्थानों के लिए बारहवीं पास होना आवश्यक है। इस क्षेत्र में आगे की पढ़ाई मसलन डिग्री तथा डिप्लोमा कोर्स करने के लिए बारहवीं पास होना अनिवार्य योग्यता है। इन कोर्सों के लिए अच्छी कम्युनिकेशन स्किल का होना अतिआवश्यक है। इन कोर्सों का मुख्य उद्देश्य छात्र को सेक्रेटरी के उत्तरदायित्वों को समझाना, सेक्रेटेरियल कार्यों के लिए गुणों का विकास करना, संगठन या ऑफिस की कार्यप्रणाली को समझाना तथा कंप्यूटर, इंटरनेट, फैक्स आदि ऑफिस में प्रयोग होने वाले उपकरणों को ऑपरेट करना सिखाया जाता है। शॉर्ट टर्म कोर्स में शॉर्ट हैंड, टाइपराइटिंग, कंप्यूटर बेसिक्स, बिजनेस कम्युनिकेशन तथा पर्सनेलिटी डेवलपमेंट विषय पढ़ाए जाते हैं। लेकिन डिप्लोमा तथा डिग्री कोर्सो में इन विषयों के अलावा मैनेजमेंट, अकाउंट, कंपनी लॉ और बैंकिंग सर्विसेज विषयों के बारे में जानकारी दी जाती है।

## संभावनाएं

कोर्स करने के बाद सरकारी तथा प्राइवेट क्षेत्रों में सभी तरह के दफ्तरों में सेक्रेटरी की जॉब मिलती है। लेकिन हाल में मल्टीनेशनल, पब्लिक सेक्टर कंपनियों तथा होटल्स में स्किल्ड सेकेट्ररी और ऑफिस सेकेट्ररी के जॉब की अपार संभावनाएं हैं। बैंकों, वित्तीय संस्थानों, लॉजिस्टिक फर्म तथा ट्रैवल एजेंसी में भी सेक्रेटरी के रूप में जॉब कर सकते हैं। अपनी योग्यता तथा अनुभव से आप सेक्रेटरी से जॉब शुरू करके ऑफिस मैनेजर बन सकते हैं।



# दूध-दही-बादाम बनाएगा आपको जवान

*आप* जवान तभी रह सकते हैं जब आपके अंदर ताकत हो और ताकत और कसी और दमकती त्वचा दोनों का मेल होने के बाद ही इंसान जवान बना रह सकता है। ज्यादा ऑइली और तली हुई चीजें फास्ट फूड और तो और कोला जैसे पेय पदार्थ आपकी स्किन के लिए सबसे हानिकार होते हैं। यह आपको फैटी बनाती हैं और स्किन को ऑइली व डूलडूल बना देती है। यह एक सार्वभौमिक सत्य है कि कोई भी व्यक्ति हमेशा जवान नहीं रह सकता है। जैसे-जैसे उम्र बढ़ती है चेहरे की रौनक और चमक चली जाती है और झुर्रियां आदि पड़ने लगती हैं। कई महिलाएं और पुरु ष हमेशा यंग दिखने की फिराक में रहते हैं और इसके लिए वह कोई न कोई क्रीम आदि लगाते ही रहते हैं। जिससे की उनकी त्वचा पर और अधिक बुरा प्रभाव पड़ता है। कॉस्मेटिक आदि का इस्तेमाल त्वचा को बाहर से अच्छा बना देता है लेकिन उनमें अंदरूनी क्षमता नहीं रह जाती है। अगर आप अपनी त्वचा को अंदर से चमकदार बनाना चाहते हैं तो आपको अपनी फूडिंग हैबिट और लाइफ स्टाइल पर विशेष ध्यान देना होगा। साथ ही खुराक में कुछ विशेष सब्जियों, फल व फूड मैटर को शामिल करना होगा। आपको अपनी त्वचा को बेहतर फूड देने होंगे और अपनी सेहत पर ध्यान देना होगा।




## जवान बने रहने व चेहरा निखारने का नुस्खा

**पालक :** पालक में भरपूर मात्रा में कैल्शियम होता है साथ ही पौटेशियम और विटामिन की भरमार होती है। इसमें काफी ज्यादा मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट होता है जो शरीर की रक्षा करता है। इसके सेवन से ऊतकों और कोशिकाओं को ताकत मिलती है और वह स्वस्थ रहती हैं। खून को भी साफ रखने और मात्रा बढ़ाने में पालक कारगर होती है।

**बींस:** बींस में प्रोटीन और फाइबर होता है जिसमें कम कार्बोहाईड्रेट होने के कारण वसा नहीं होता है और शरीर स्वस्थ रहता है। यह एंटी-एजिंग सब्जी होती है।

**हल्दी :** हल्दी सबसे अच्छा एंटी-एजिंग एजेंट होता है। इसमें एंटीऑक्सीडेंट और एंटी-इंफ्लामेंट्री गुण होते हैं जो पाचन क्रिया को अच्छा रखते हैं और उम्र को थाम देते हैं।


**बादाम:** बादाम में विटामिन ''ई' होता है जो त्वचा और बालों के लिए बहुत अच्छा होता है। इसमें मैग्नीशियम भी होता है जो बढ़ती उम्र के लक्षणों को धीमा कर देता है।

**अखरोट :** अखरोट में प्रोटीन, विटामिन और ओमेगा 3 फैटी एसिड होता है जो आपकी स्किन के लिए जरूरी है।

**दूध-दही :** दूध-दही में प्रोटीन और कार्बोहाइड्रेट्स की मात्रा काफी अधिक होती है। जो आपको जवान रखने में मदद करते हैं।

# अब 6 महीनों में हेपेटाइटिस 'सी' का इलाज

**यकृत** से जुड़ी जानलेवा बीमारी हेपेटाइटिस ''सी' से ग्रसित मरीजों को एंटी वायरल इलाज के जरिए छह सप्ताह की अल्प अवधि में ही ठीक किया जा सकता है। यूरोपीय देश स्पेन के बार्सिलोना शहर में आयोजित अंतरराष्ट्रीय यकृत सम्मेलन के दौरान शोधकर्ताओं की ओर से प्रस्तुत अध्ययन में बताया गया कि सोफोसबुवीर और लेडिपासवीर के जरिए केवल छह महीनों में हेपेटाइटिस ''सी' से पीड़ित लोगों का इलाज किया जा सकता है। लिवर सिरोसिस और लिवर कैंसर का कारण बनने वाले हेपेटाइटिस ''सी' का इलाज इसके जरिए किया जा सकता है। 95 फीसदी मामलों में समय रहते इसके इस्तेमाल से हेपेटाइटिस ''सी' के इलाज में काफी फायदा मिला है। इन गोलियों के इस्तेमाल से हेपेटाइटिस ''सी' के शरीर पर दुष्प्रभाव तो कम होंगे ही इलाज की अवधि भी काफी कम हो जाएगी।यह हेपेटाइटिस ''सी' से प्रभावित लोगों का इसके अचानक शिकार हुए लोगों की तुलना में आम तौर पर दस से पन्द्रह फीसदी जल्दी ठीक करता है। विश्व भर में हेपेटाइटिस ''सी' के रोगियों की संख्या तेरह से पन्द्रह करोड़ के बीच है। प्रतिरोध से जुड़े विसंगति के अचानक उभरने के कारण हेपेटाइटिस ''सी' के मरीजों का इलाज अभी भी चुनौती बनी हुई है।इस शोध के अनुसार सोफोसबुवीर और लेडिपासवीर का संयोजन न केवल सुरक्षित है बल्कि हेपेटाइटिस के मरीजों के लिए यह सहनीय और प्रभावकारी भी है लेकिन अल्प अवधि के इलाज के दौरान इसके प्रभाव में यह नहीं दिखता है।



**95 फीसदी मामलों में समय रहते इसके इस्तेमाल से हेपेटाइटिस 'सी' के इलाज में काफी फायदा मिला है**

## अत्यधिक नमक लिवर खराब करता है

**पेइचिंग।** भोजन में अत्यधिक नमक प्रयोग करने से केवल रक्तचाप बढ़ने की ही समस्या पैदा नहीं होती, बल्कि इससे वयस्कों और विकसित भ्रूण का यकृत भी खराब हो सकता है। एक नए अध्ययन में यह चेतावनी दी गई है।अनुसंधानकर्ताओं ने कहा कि हमारे शरीर को बहुत कम मात्रा में नमक की आवश्यकता होती है। अमेरिकी सरकार सलाह देती है कि यदि आप एक स्वस्थ व्यस्क हैं तो आपको प्रति दिन एक छोटा चम्मच नमक लेने की आवश्यकता है। कुछ अनुसंधानकर्ताओं ने संकेत दिया है कि सोडियम के आवश्यकता से अधिक प्रयोग से उच्च रक्तचाप की समस्या के अलावा यकृत भी खराब हो सकता है। चीन की ''जिनान यूनीवर्सिटी' के शुएसोंग यांग और उनके सहकर्मी सोडियम के कोशकीय स्तर पर संभावित प्रभाव के बारे में पता करना चाहते थे।अनुसंधानकर्ताओं ने एक वयस्क चूहे को अत्यधिक नमकयुक्त आहार दिया और चूहों के भ्रूणों को एक खारे पर्यावरण में रखा। अत्यधिक सोडियम से अजीब आकार की कोशिकाएं विकसित होने, कोशिका समाप्ति में वृद्धि और कोशिका प्रसार में कमी समेत जीवों के यकृत में कई तरह के बदलाव हुए। अनुसंधानकर्ताओं ने पाया कि खराब कोशिकाओं का विटामिन ''सी' के माध्यम से उपचार करके अत्यधिक नमक के कारण हुए दुष्प्रभाव को आंशिक रूप से कम किया जा सकता है। यह अध्ययन ''जर्नल ऑफ एग्रीकल्चर एंड फूड केमिस्ट्री' में प्रकाशित किया गया है।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। पुराने मित्र से मिलन होगा। शुभांक-3-6-9

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। स्वविवेक से कार्य करें। समय का लाभ लें। शुभांक-4-7-9

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग। जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। शुभांक-4-6-8

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभकार्यों में अड़चनें व परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा। शुभांक-1-5-7

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। शुभांक-1-3-5

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): आत्मविश्वास बढ़ेगा। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। मांगलिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। शुभांक-4-6-8

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): अपने काम पर नजर रखिए। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। शुभांक-2-4-6

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। शुभांक-4-6-8

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। पारिवारिक विवाद टालें। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। यात्रा से लाभ। शुभांक-3-5-6

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। संतान-स्त्री पक्ष से लाभ होगा। शुभांक-3-4-6

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। आय के योग बनेंगे। यात्रा का योग है। शुभांक-3-5-6

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। शुभांक-3-5-6

## लॉफिंग ज़ोन

संपादक (प्रबंधक से) - अखबार में थोड़ी सी जगह बची है क्या लिखूं?
प्रबंधक - लिख दो, कल चांदनी चौक में डाका पडा, खून हो गया.
संपादक - थोड़ी सी जगह और है.
प्रबंधक - वहां लिख दो - बाद में पता चला यह सब अफवाह थी.

☺ ☺ ☺

वकील (मुजरिम से) - तुमने एक ही दुकान में दोबारा चोरी क्यों की?
मुजरिम - साहब जी, उस दुकान के बाहर लिखा था दोबारा जरूर आएं.


☺ ☺ ☺

मुकेश (ड्राइवर से) - यह टायर पंचर कैसे हुआ?
ड्राइवर - एक कांच की बोतल पर चढ़ गया था.
मुकेश - क्या तुम्हें बोतल दिखाई नहीं दी?
ड्राइवर - जी नहीं, बोतल उस आदमी की जेब में रखी थी जो गाड़ी के नीचे आ गया था!

☺ ☺ ☺


रमेश (नौकर से) - जरा देखना तो कितने बजे हैं?
नौकर - मुझे समय देखना नहीं आता.
रमेश - अच्छा कोई बात नहीं, यह देखकर बताओ कि बडी सुई कहां है और छोटी सुई कहां है?
नौकर - दोनों सुइयां घड़ी में हैं.

## काकुरो पहेली - 4057




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:




1+2 = 3
1+3 = 4
7+9 = 16
8+9 = 17

**काकुरो -4056 का हल**



## फिल्म वर्ग पहेली- 4057



**ऊपर से नीचे:-**

१. जैकीश्रॉफ, रवीना टंडन की फिल्म-२
२. 'तू प्यार का सागर है' गीत वाली फिल्म-२
३. 'कागज कलम दवात ला' गीत वाली अमिताभ, गोविंदा, रजनीकांत की फिल्म-२
४. जीतेंद्र, रामेश्वरी, सारिका की फिल्म-३
६. 'हम तो तेरे आशिक हैं' गीत वाली फिल्म-२
८. मिथुन, आयशा जुल्फा की 'थोड़ा इंतजार का मजा' गीत वाली फिल्म-३
१०. 'ये हसीं वादियां' गीत वाली फिल्म-२
११. राजेश खन्ना, टीना मुनीम की 'जिंदगी प्यार का गीत है, गीत वाली फिल्म-३
१२. 'तिरछी टोपी वाले' गीत वाली फिल्म-३
१३. सुमीत सहगल, शिखा स्वरूप की 'पीछे पीछे आजा मेरी' गीत वाली फिल्म-४
१४. 'गर तुम भुला न दोगे' गीत वाली धर्मेन्द्र शर्मिला टैगोर की फिल्म-३
१६. 'हवा में क्या है' गीत वाली फिल्म-३
१७. 'परदेसी तो हैं परदेसी' गीत वाली जीतेंद्र, रणधीर, राकेश रोशन, रेखा की फिल्म-३
२०. देव आनंद, माला सिन्हा की 'कोई सोने के दिलवाला' गीत वाली फिल्म-२
२१. 'हमारी ही मुट्ठी में' गीत वाली नाना पाटेकर, डिम्पल कपाड़िया की फिल्म-३
२२. अमिताभ, परवीन, आशापारेख कीफिल्म-३
२३. 'क्या मोहब्बत है' गीत वाली फिल्म-४
२४. शशिकपूर, शबाना आजमी की फिल्म-३
२७. 'मेरे ख्वाबों का' गीत वाली जॉन अब्राहम, बिपाशा बसु की फिल्म-२
२८. लक्की अली, गौरी कार्णिक की 'खोया है तूने जो' गीत वाली फिल्म-२

**बायें से दायें:-**

१. मनोजकुमार, हेमा की 'बाली उमरिया भजन करू कैसे' गीत वाली फिल्म-३
३. 'दिल तुझपे फिदा' गीत वाली सैफअली खान, काजोल की फिल्म-३
५. संजयदत्त, शरदकपूर, मनीषा, रवीना की 'ओ गोरी तू चली कहां' गीत वाली फिल्म-२
७. 'लकड़ी की काठी' गीत वाली नसीरूद्दीनशाह, शबाना की फिल्म-३
९. जीतेंद्र, परवीन बाबी की रविकांत निर्देशित एक एक्शन फिल्म-२
११. 'दीवाना तो कह दिया' गीत वाली विकास भल्ला, सुमीत सहगल, नीलम की फिल्म-२
१३. अजय देवगन, जूही चावला की 'लाल लाल होठों पें' गीत वाली फिल्म-४
१५. बोनीकपूर की फिल्म 'रूप की रानी चोरों का राजा' की नायिका थी-३
१६. अमिताभ, वहीदा, जीनत, परवीन की 'हर गोरी रानी यहां' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'बाबूजी जरा धीरे' गीत वाली विवेक ओबेराय, दीया मिर्जा की फिल्म-२
२१. अनिल कपूर, माधुरी की 'तू अपने दिल पे मेरा' गीत वाली फिल्म-४
२३. फिल्म 'कोशिश' में संजीवकुमार के साथ नायिका कौन थी-२
२४. फिल्म 'दिलजला' में जैकी श्रॉफ के साथ नायिका कौन थी-३
२५. 'क्या यही प्यार है' गीत वाली संजयदत्त, टीना मुनीम की फिल्म-२
२६. धर्मेन्द्र, हेमा मालिनी की 'जलता है बदन' गीत वाली फिल्म-३,३
२९. फिल्म 'जीवन मृत्यु' में धर्मेन्द्र के साथ नायिका कौन थी-२
३०. फिल्म 'पहला पहला प्यार' में ऋषिकपूर, के साथ नायिका थी-२

**फिल्म वर्ग पहेली-4056**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| खा | मो | शी | | आ | प | की | क | स | म |
| की | | शा | दी | | ड़ो | | भी | | स्त |
| | आ | | वा | प | स | | ना | | |
| प | ह | चा | न | | न | या | क | द | म |
| रा | | | गी | ता | | | भी | | ड |
| या | रा | ना | | ज | मा | ना | | स | र |
| ध | | य | ति | म | | | रा | नी | |
| न | म | क | | ह | म | रा | ज | | फ |
| | र्या | | | ल | | जे | | | रा |
| अ | दा | ल | त | | इं | द्र | कु | मा | र |

## सूडोकु -4057


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | | | | | | 4 | |
| | | 5 | | 3 | | | 7 | |
| | | | | | 8 | | | 2 |
| | | | | | 1 | 9 | | |
| | 2 | | | | | | 8 | |
| | | 6 | 7 | | | | | |
| 1 | | | 4 | | | | | |
| | 9 | | | 2 | | 5 | | |
| | 8 | | | | | | | 1 |

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु 4056 । हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 9 | 3 | 1 | 7 | 8 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 5 | 7 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 |

## शब्द पहेली - 4057



**बाएँ से दाएँ**
1.अनाथालय-5
4.जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर-4
7.कमरा,रूम-2
8.फिजूल-3
9.अंग्रेजी शराब-2
10.अनर्गल (अंग्रेजी-4)
11.लक्ष्मी,कमला-2
13.ध्वनिहीनता,शांति-4
14.देवता,देव-2
16.प्रणाम,नमस्कार-3
18.रुधिरहीन,कमजोर-3
19.प्रस्थान करना-3,2
21.पालने वाला,ईश्वर-5
24.प्रेम,चाहना-3
26.वन,अरण्य,जंगल-3
28.विदेशी मदिरा-2
29.छिड़कना-4
30.धूल,मिट्टी-2
32.अंगीकार करना-4
33.छापा,सतत वर्षा-2
35.विरुद्ध-3
36.सुबह,प्रातःकाल-2
37.जोकर,विदूषक-4
38.संन्यासी,साधु-3,2

**ऊपर से नीचे**
1.इसके सवाल युधिष्ठर ने हल किये थे -2
2.उदारता,बड़प्पन-4
3.पत्नी का नाना-2,3
4.दसवीं राशि -3
5.बहादुर,निडर-2
6.एक मुस्लिम महीना-4
7.कहानी लेखक-5
10.नाव चलाना-2,2
12.सम्मान-2
15.मारकाट,खून खराबा-4
17.पैगंबर, जीवन रक्षक-3
18.कुकर्म,दुष्कर्म-4
20.गाड़ी,यान-3
22.इंकार करना-4
23.रचना करनेवाला, रचयिता -5
25.जीवनसाथी-5
26.कारोबार,व्यवसाय-4
27.मादा का विलोम-2
29.निर्झरणशील-4
31.ढेर,काफी सारा (उर्दू-3)
34.मजा,आनंद-2
36.भोगने वाला,कामी-2

**शब्द पहेली 4056 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | स | ह | नी | य | | | क | लि | का | |
| प | र | | ला | | सा | ग | र | | बु | आ |
| ह | | | प | ह | रा | | ण | | | खे |
| र | स | खा | न | | | म | | क | प | ट |
| ण | | लि | | न | भ | च | र | | रा | |
| | आ | स | | सी | | ल | | ग | स्त | |
| | रा | | प | ह | न | ना | | रु | | ड |
| शा | म | त | | त | | | ता | र | ता | र |
| य | | | तै | | जा | हि | र | | | ल |
| द | म | | र | सी | ला | | पी | | ज | ग |
| | न | गी | ना | | | म | न | भ | र | ना |

## बडगाम से लश्कर के तीन आतंकवादी सहयोगी गिरफ्तार, हथियार और गोला-बारूद बरामद

एजेंसी

**बडगाम।** पुलिस ने मध्य कश्मीर के बडगाम जिले से लश्कर के तीन आतंकवादी सहयोगियों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आतंकी नेटवर्क को खत्म करने के चल रहे प्रयासों में बडगाम पुलिस ने प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) से जुड़े तीन आतंकवादी सहयोगियों को मगाम के कावूसा नरबल इलाके में गिरफ्तार किया गया है। इनकी पहचान मुजामिल अहमद, इश्फाक पंडित (दोनों अगलर पट्टन के निवासी) और मुनीर अहमद निवासी मीरीपोरा बीरवाह के रूप में हुई है। इनके कब्जे से एक पिस्तौल और एक हथगोला सहित हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया। इस संबंध में गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) की संबंधित धाराओं के तहत पुलिस स्टेशन मगाम में एक मामला एफआईआर संख्या 66/2025 दर्ज करके आगे की जांच शुरू की गई है। जांच के दौरान सामने आया कि गिरफ्तार किए गए सहयोगी सक्रिय लश्कर आतंकवादी आबिद कयूम लोन पुत्र अब्दुल कयूम लोन निवासी वुसन पट्टन के निकट संपर्क में थे, जो 2020 में पाकिस्तान भाग गया था। बाद में वह आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा संगठन में शामिल हो गया था।

## 23 अप्रैल से फंसे अफगानी ड्राईफ्रूट के ट्रकों की अटारी बार्डर से एंट्री शुरू

**चंडीगढ़।** भारत-पाकिस्तान तनाव के बाद हुए सीजफायर का असर अब धरातल पर दिखाई देने लगा है। लगभग 25 दिन बाद भारत-अफगान ट्रेड फिलहाल बहाल हो गया है। इसके तहत शुक्रवार की शाम सरहद पार फंसे 50 ट्रकों में से छह की एंट्री इंटीग्रेटेड चैक पोस्ट (आईसीपी) अटारी में हो गई। फिलहाल इस बदलाव से उम्मीद जताई जा रही है कि आने वाले दिनों में माहौल में नर्मी आ सकती है। आईसीपी और कस्टम के मुताबिक यह वही ट्रक हैं जो तनाव के चलते पाकिस्तानी सीमा में फंसे हुए थे। अटारी-वाघा बार्डर रूट से भारत-पाकिस्तान का ट्रेड 2019 में पुलवामा हमले के बाद बंद हो गया था। इस बीच भारत और अफगानिस्तान का ट्रेड वाया पाकिस्तान बदस्तूर जारी रहा। 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारत सरकार ने अफगान ट्रेड भी 23 अप्रैल से ही बंद कर दिया था। इसके बाद दोनों देशों के बीच माहौल अधिक तनावपूर्ण हो गया था। इन तमाम हालातों के चलते सरहद फंसे 50 के करीब ड्राईफ्रूट के अफगानी ट्रक वहीं फंसे रह गए थे। हालांकि बीच में थोड़ी तल्खी खत्म होने के बाद पाक ने ट्रकों को भेजने की बात कही थी, लेकिन उस पर अमल नहीं हुआ। फिलहाल अब ट्रकों का आना शुरू हो गया है। आज ड्राई फ्रूट से लदे ट्रकों ने भारत की सीमा में प्रवेश किया।

## जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष मोहन भारती को मिली जान से मारने की धमकी



एजेंसी

**हरिद्वार।** श्री पंच दशनाम जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमहंत मोहन भारती को जान से मारने की धमकी मिली है। यह धमकी उनके व्हाट्सएप नंबर पर दक्षिण कोरिया के मोबाइल नंबर 821098 192383 से दी गयी है। इस मामले में पुलिस को शिकायत दे दी गई है। इस धमकी में लिखा है तुम और तुम्हारे संत यती नरसिंहानंद गिरि बहुत बोल रहे हो। रामपुर उत्तर प्रदेश में तुम्हारा मंदिर जंगल में है। तू ज्यादा दिन का मेहमान नहीं है। संत समाज में इस धमकी की तीव्र प्रतिक्रिया हुई है। संतों ने केंद्र व प्रदेश सरकार से श्रीमहंत मोहन भारती की सुरक्षा की मांग की है। श्रीमहंत भारती ने इस पूरे प्रकरण की लिखित शिकायत पुलिस को दे दी है। इस संबंध में कोतवाल रितेश शाह ने बताया कि शिकायत प्राप्त हुई है।मामले की जांच की जा रही है।

## प्रधानमंत्री मोदी 22 मई को बीकानेर आएंगे



**बीकानेर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 22 मई को राजस्थान में बीकानेर के दौरे पर आएंगे। प्रधानमंत्री जिले से 32 किलोमीटर दूर देशनोक स्थित विश्वविख्यात करणी माता के दर्शन करेंगे। इसके बाद देशनोक में बने आधुनिक रेलवे स्टेशन का उद्घाटन करेंगे। भाजपा जिला मंत्री मनीष सोनी ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी के साथ केन्द्रीय रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव व केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे। जिला प्रशासन ने प्रधानमंत्री मोदी के कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया। हालांकि दौरे की तैयारियों का जायजा लेने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम बीकानेर आएंगे।

# ईडी ने वसई-विरार महानगरपालिका के अधिकारी वाईएस रेड्डी को गिरफ्तार किया

एजेंसी

**मुंबई।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने वसई-विरार में स्थानीय नगर निगम के अधिकारी के घर पर छापा मार कर 8.6 करोड़ की नकदी और 23 करोड़ का सोना बरामद किया है। इस मामले में ईडी की टीम वसई-विरार महानगरपालिका के अधिकारी वाईएस रेड्डी को गिरफ्तार करके उनसे गहन पूछताछ कर रही है। दरअसल, ईडी की टीम ने नालासोपारा में 41 अवैध इमारतों के मामले की जांच कर रही है। इस मामले में ईडी की टीम ने पूर्व पार्षद सीताराम गुप्ता व अनिल गुप्ता तथा उनके साथियों के दर्जनों ठिकानों पर बुधवार को एक साथ छापा मारा था। इस छापेमारी के दौरान ईडी को भारी मात्रा में डिजिटल और कागजात मिले, जिससे साबित हुआ कि इस मामले में स्थानीय नगर निगम का अधिकारी वाईएस रेड्डी भी शामिल हैं।



इसी वजह से ईडी ने रेड्डी के आवास पर छापा मारा और वहां से नगदी और सोना बरामद किया। इसके बाद रेड्डी को गिरफ्तार कर लिया गया है। जांच में यह भी पता चला है कि 2016 में रेड्डी को भ्रष्टाचार निरोधक दस्ते ने 25 लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा था। फिर मई, 2016 में रेड्डी की जांच शुरू की गई थी। नालासोपारा में 30 एकड़ क्षेत्र में 41 इमारतों का अवैध रूप से निर्माण किया गया था। यह सभी इमारतें किसी अन्य की जमीन पर अवैध तरीके से बनाई गई थीं। इन इमारतों पर कार्रवाई के लिए असली जमीन मालिकों ने हाई कोर्ट में गुहार लगाई थी। इसके बाद हाई कोर्ट ने इन इमारतों को तोडने् का आदेश दिया था। कोर्ट के आदेश के बाद वसई-विरार नगर निगम ने सभी अवैध इमारतों को तोड़ दिया था, जिससे करीब ढाई हजार लोग बेघर हो गए थे। इसके बाद ईडी ने पूर्व पार्षद सीताराम गुप्ता के खिलाफ मामला दर्ज किया और मामले की गहन छानबीन कर रही है।

## लद्दाख में शहीद जवान मनीष कुमार का पार्थिव शरीर पहुंचा पटना




एजेंसी

**पटना।** केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में ड्यूटी के दौरान शहीद नवादा जिले का लाल एवं भारतीय सेना के जवान मनीष कुमार का पार्थिव शरीर शुक्रवार शाम पटना एयरपोर्ट पहुंचा। यहां उप-मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी समेत तमाम नेताओं ने उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। इसके बाद पार्थिव शरीर को एयरपोर्ट से नवादा ले जाया गया है, जहां राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। भारतीय सेना के जवान मनीष कुमार (22) बिहार के नवादा जिले के रूपौ थाना अंतर्गत पांडेयगगौट गांव के रहने वाले थे। तीन महीने पहले उनकी शादी हुई थी। 14 मई को ड्यूटी के दौरान पाकिस्तान की ओर से हुई गोलीबारी में वे शहीद हो गये थे।

## मप्र के दमोह में बदमाशों ने शिक्षक से लाखों लूटने के बाद पेट्रोल डालकर जिंदा जलाया, मौत

एजेंसी

**दमोह।** मध्य प्रदेश के दमोह जिले में हटा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम हारट और बरोदा के बीच नहर के पास गुरुवार की रात एक शिक्षक को चार लाख रुपये लूटने के बाद जिंदा जलाने की घटना सामने आई है। अज्ञात बदमाशों ने नकदी लूटने के बाद शिक्षक पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। गंभीर रूप से झुलसे शिक्षक को परिजन तत्काल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। इस संबंध में पथरिया एसडीओपी रघु केसरी ने बताया कि शिक्षक राजेश पुत्र आरपी त्रिपाठी निवासी ग्राम सुनवाहा शासकीय स्कूल रूसंदो में प्राथमिक शिक्षक थे। उनके भाई मुकेश कुमार त्रिपाठी के अनुसार राजेश गुरुवार रात हटा आए थे और यहां से करीब चार लाख रुपये लेकर वह गुरुवार की रात वापस अपने गांव सुनवाहा जा रहे थे। हारट और बरोदा के बीच नहर के पास अज्ञात लोगों ने उनकी बाइक को रुकवाकर रुपये लूट लिए और मारपीट करने के बाद पेट्रोल डालकर आग लगा दी। राजेश ने फोन लगाकर अपने भाई मुकेश को सूचना दी और बताया कि कुछ लोगों ने उनके ऊपर पेट्रोल डालकर आग लगा दी है। घटना की जानकारी लगते ही वह अपने अन्य परिजनों के साथ मौके पर पहुंचे, तो उनके भाई गंभीर रूप से आग में झुलसे हुए मिले और पास ही उनकी बाइक खड़ी थी। इसके बाद और तत्काल ही हटा पुलिस को भी वारदात से अवगत कराया। हटा थाना प्रभारी मनीष कुमार ने बताया कि परिजनों के बताने के अनुसार शिक्षक के साथ चार लाख रुपये की लूट की



वह राजेश को हटा सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे।

डॉक्टर ने हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। यहां डॉक्टर ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। राजेश के भाई के मुताबिक घटनास्थल पर बाइक और उसमें लटका हुआ एक बैग बरामद हुआ है। घटना की सूचना पर रात में ही कोतवाली टीआई मनीष कुमार जिला अस्पताल पहुंचे थे। उन्होंने परिजनों से घटना की जानकारी ली गई है। इसके बाद उन्हें पेट्रोल डालकर जिंदा जलाया गया है। जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। शव को पोस्टमार्टम के उपरांत अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने घटनास्थल की जांच की। कोतवाली थाना पुलिस भी इस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। हर पहलू पर इस मामले की जांच और लूट के आरोपितों की तलाश की जा रही है।

## बिहार के गया शहर का नाम बदला, अब 'गया जी' नाम से जाना जाएगा, नीतीश कैबिनेट का फैसला

एजेंसी

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक में मोक्ष और ज्ञान की भूमि गया का नाम बदलकर गया जी रख दिया गया है। आज की बैठक में कुल 69 एजेंडों पर मुहर लगी है। कैबिनेट ने बिहार सरकार के कर्मचारियों के लिए डीए 53 प्रतिशत से बढ़ाकर इसे 55 प्रतिशत कर दिया है। बिहार सरकार पर सप्तम केंद्रीय पुनरीक्षित वेतन संरचना में वेतन पेंशन प्राप्त कर रहे सरकारी सेवकों और पेंशन भोगियों को 53 प्रतिशत से 55 प्रतिशत महंगाई भत्ता (डीए) करने पर 1070 करोड़ रुपये का भार पड़ेगा। मंत्रिमंडल ने ऑपरेशन सिंदूर में सशस्त्र सेना एवं केंद्रीय सशस्त्र पुलिस वलों के शहीद कर्मियों के निकटतम आश्रितों को अनुग्रह अनुदान के रूप में 50 लख रुपये देने की स्वीकृति दी गई है। पर्यटन मंत्रालय के स्वदेश दर्शन स्कीम 2.0 के अंतर्गत बौद्ध ध्यान एवं अनुभव केंद्र बोधगया के निर्माण के लिए 165 करोड़ 44 लाख 30000 रुपये की स्वीकृति दी गई। बिहार राज्य उड्डयन प्रशिक्षण संवर्ग भर्ती नियमावली 2025 के गठन की स्वीकृति दी गई। मंत्रिमंडल ने पंचम केंद्रीय वेतनमान में वेतन पेंशन प्राप्त कर रहे सरकार के सरकारी सेवकों और पेंशन भोगियों को 1 जनवरी



2025 के प्रभाव से 455 प्रतिशत के स्थान पर 466 प्रतिशत महंगाई भत्ता देने का फैसला किया है। षष्टम केंद्रीय वेतनमान में वेतन पेंशन प्राप्त कर रहे राज्य सरकार के सरकारी सेवकों और पेंशन भोगियों को 1 जनवरी 2025 के प्रभाव से 246 प्रतिशत के स्थान पर 252 प्रतिशत महंगाई भत्ता मिलेगा। कैबिनेट में गया शहर का नाम को बदलकर गया जी करने की स्वीकृति दी गई है। इसके अलावा किसान सलाहकार योजना के कार्यान्वयन के लिए वित्तीय वर्ष 2025- 26 में एक अरब 25 करोड़ 95 लाख 23 हजार रुपये निकासी और खर्च की स्वीकृति दी गई है। पटना उच्च न्यायालय में विभिन्न बहुमंजिलीय भवनों तथा प्रशासनिक एवं आईटी भवन ऑडिटोरियम एवं मल्टी लेवल कर पार्किंग और अन्य सुविधाओं के विकास के लिए 302 करोड़ 56 लाख रुपये की स्वीकृति दी गई है। सहकारिता विभाग में लिपिक संवर्ग में 333 पदों के सृजन की स्वीकृति दी गई है।

## मप्र के मंत्री विजय शाह को बर्खास्त करने की मांग को लेकर राजभवन के बाहर धरने पर बैठे कांग्रेस विधायक

एजेंसी

**भोपाल।** कर्नल सोफिया कुरैशी पर विवादित बयान देने पर मध्य प्रदेश के जनजातीय कार्य मंत्री कुंवर विजय शाह के खिलाफ कांग्रेस लगातार हमलावार है और उनके इस्तीफे की मांग कर रही है। मध्य प्रदेश विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के नेतृत्व में कांग्रेस विधायकों के प्रतिनिधिमंडल ने राजभवन पहुंचकर राज्यपाल मंगुभाई से मुलाकात की और उन्हें ज्ञापन सौंपकर मंत्री विजय शाह को बर्खास्त करने की मांग की। इस दौरान कांग्रेसी विधायक काले कपड़ों में राजभवन के बाहर धरने पर बैठ गए। हालांकि, पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया और बाद में उन्हें रिहा कर दिया गया।

इधर, इस मामले में उच्च न्यायालय में होने वाली सुनवाई टल गई है। दरअसल, मंत्री विजय शाह को मंत्रिमंडल से हटाने की मांग को लेकर कांग्रेस के विधायक काली एप्रेन पहनकर राज भवन पहुंचे और बाहर धरने पर बैठ गए। इसके पहले उन्होंने राज्यपाल से मिलकर भी अपनी मांग रखी। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि विजय शाह ने कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर जिस अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया है, वह स्वीकार नहीं की जा सकती है। उन्हें तत्काल मंत्रिमंडल से बर्खास्त किया जाना चाहिए। करीब एक घंटे तक धरने के बाद कांग्रेस विधायकों को पुलिस ने जबरन उठा दिया और गिरफ्तार कर वैन में बैठा लिया। बाद में उन्हें रिहा कर दिया गया। कांग्रेस विधायकों ने कहा कि सरकार का यही चेहरा है। पूर्व मंत्री सचिन यादव ने कहा कि सेना और महिला सम्मान के विरुद्ध सार्वजनिक बयान देने वाले मंत्री विजय शाह को गिरफ्तार करने की जगह पर सरकार कांग्रेस के विधायकों को गिरफ्तार कर देश की जनभावना और लोकतंत्र के खिलाफ काम कर रही है।

## भारत-बांग्लादेश सीमा पर बीएसएफ त्रिपुरा ने नाकाम की तस्करी की कोशिश




**अगरतला।** बीएसएफ त्रिपुरा के जवानों ने भारत-बांग्लादेश सीमा पर तस्करी की एक बड़ी कोशिश को नाकाम कर दिया। बीएसएफ के प्रवक्ता ने बताया कि यह कार्रवाई सीमा चौकी (बीओपी) विनोद के इलाके में की गई, जहां से तस्करों द्वारा बांग्लादेश भेजे जाने की कोशिश की जा रही 250 री-फर्बिश्ड मोबाइल फोन और 400 मोबाइल डिस्प्ले जब्त किए गए। जब्त किए गए इलेक्ट्रॉनिक सामानों की कुल कीमत करीब 35.87 लाख रुपये बताई जा रही है। बीएसएफ ने समय रहते कार्रवाई कर इस तस्करी को विफल कर दिया, जिससे सीमा सुरक्षा और अवैध व्यापार पर एक और करारा प्रहार हुआ है। बीएसएफ ने जब्त किए गए सामान को आगे की कार्रवाई के लिए संबंधित अधिकारियों को सौंप दिया है। मामले की जांच जारी है।

## अब मप्र के डिप्टी सीएम देवड़ा की फिसली जुबान, सेना को बताया प्रधानमंत्री मोदी के चरणों में नतमस्तक

एजेंसी

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह के कर्नल सोफिया को लेकर दिए गए विवादित बयान का मामला अभी शांत भी नहीं हो पाया है कि अब प्रदेश के डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा ने सेना को लेकर एक ऐसा बयान दे डाला, जिससे विपक्ष को सरकार घेरने का एक और मौका मिल गया है। जबलपुर में एक कार्यक्रम के दौरान देवड़ा ने कहा, पूरा देश, देश की सेना और सैनिक प्रधानमंत्री मोदी के चरणों में नतमस्तक है। इसे लेकर अब कांग्रेस नेता आक्रामक हो गए हैं और भाजपा पर निशाना साधा है। वहीं, भाजपा ने कहा है कि कांग्रेस देवड़ा के बयान को तोड़-मरोड़ कर पेश कर रही है। विवाद बढ़ने के बाद डिप्टी सीएम ने सफाई दी है। उन्होंने कहा, मेरे बयान को गलत ढंग से पेश किया जा रहा है। दरअसल उपमुख्यमंत्री जगदीश




देवड़ा का ये विवादित बयान उस समय सामने आया जब वो जबलपुर में सिविल डिफेंस वॉलिंटियर्स के प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में वे पहलगाम आतंकी हमले का बदला लेने के लिए मोदी की तारीफ कर रहे थे। तभी वो प्रधानमंत्री मोदी की तारीफ करते हुए सेना का अपमान कर बैठे। देवड़ा ने कहा कि पाकिस्तान के आतंकियों को तबाह करने के लिए पूरा देश, देश की सेना और सैनिक प्रधानमंत्री मोदी के चरणों में नतमस्तक हैं।' उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने कहा कि इसके लिए प्रधानमंत्री की जितनी तारीफ की जाए कम है। इस दौरान उन्होंने आतंकियों के ठिकानों को तबाह करने के लिए उपस्थित लोगों से तालियां भी बजवाई। डिप्टी सीएम देवड़ा का यह बयान सामने आने के बाद कांग्रेस हमलावर हो गई। कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट में कहा कि देश की सेना का अपमान, नहीं सहेगा हिंदुस्तान। मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह के बाद उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा का विवादित बयान। अब जगदीश देवड़ा बोले पूरा देश, देश की सेना, सैनिक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के चरणों में नतमस्तक है। भाजपा की सेना के प्रति जो सोच है वो सामने आ रही है। जगदीश देवड़ा के सेना को लेकर दिए बयान पर नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने भी निशाना साधा है।

## दिघा के जगन्नाथ मंदिर में 15 दिनों में चढ़ावा पहुंचा 9 लाख के पार, बनाए जा रहे हैं और दान पात्र

एजेंसी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के धार्मिक मानचित्र में हाल ही में जुड़ा दीघा का जगन्नाथ धाम मंदिर श्रद्धालुओं के बीच आस्था का नया केंद्र बन चुका है। समुद्र किनारे बसे इस मंदिर के द्वार आम लोगों के लिए खुलने के महज 15 दिनों में ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी है और चढ़ावे की राशि 9 लाख से अधिक हो चुकी है। जगन्नाथधाम ट्रस्ट कमिटी के मुताबिक, 13 मई को जब साप्ताहिक रूप से प्रणामी बॉक्स खोले गए, तो पाया गया कि कुल राशि 9 लाख से पार पहुंच गई है। इस दौरान दोपहर एक बजे से रात 8 बजे तक बैंक अधिकारियों, प्रशासनिक प्रतिनिधियों, ट्रस्ट के सदस्यों और स्वयंसेवकों की मौजूदगी में पैसे गिने गए। ट्रस्ट के सदस्य एवं इस्कॉन



कोलकाता के उपाध्यक्ष राधारमण दास ने बताया कि अधिकांश नोट 10 और 20 के हैं। दानदाताओं के उत्साह को देखते हुए मंदिर प्रबंधन ने 10 और नए स्टेनलेस स्टील के दान पात्र बनवाने का फैसला किया है, ताकि हर कोने से भक्त आसानी से दान कर सकें। राधारमण दास ने यह भी कहा कि मंदिर परिसर में भीड़ इतनी बढ़ गई है कि हज़ारों श्रद्धालु मुख्य दान बॉक्स तक पहुंच ही नहीं पा रहे हैं। ऐसे में अतिरिक्त बॉक्स मंदिर के विभिन्न स्थानों पर लगाए जाएंगे, जिनमें प्रत्येक में दो-दो ताले होंगे और इन्हें निश्चित ड्यूटी पर तैनात कर्मी संभालेंगे। इस मंदिर का उद्घाटन मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया के अवसर पर किया था। उद्घाटन के बाद महज 4-5 दिनों में ही दर्शनार्थियों की संख्या 10 लाख के पार पहुंच गई थी। अब तक यह संख्या लगातार बढ़ती जा रही है, और साथ ही भक्तों का श्रद्धा-भाव भी साफ तौर पर दिखाई दे रहा है। मंदिर ट्रस्ट ने यह भी जानकारी दी है कि जो लोग अधिक राशि का दान करना चाहते हैं, वे सीधे ट्रस्ट के बैंक खाते में भी जमा कर सकते हैं।

## त्रिपुरा में नई आईआर बटालियन के लिए केंद्र की 50 करोड़ की स्वीकृति

एजेंसी

**अगरतला।** केंद्र सरकार ने त्रिपुरा में एक नई भारतीय रिजर्व (आईआर) बटालियन की स्थापना के लिए 50 करोड़ रुपये की मंजूरी दे दी है। यह निर्णय राज्य की आंतरिक सुरक्षा को और मज़बूत करने तथा युवाओं के लिए रोज़गार के नए अवसर पैदा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। राज्य सरकार के अनुसार, इस नई बटालियन के गठन से न केवल सीमा सुरक्षा को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि स्थानीय युवाओं को बड़ी संख्या में भर्ती में अवसर भी मिलेंगे। केंद्र द्वारा स्वीकृत राशि का उपयोग बटालियन के ढांचे, प्रशिक्षण सुविधाओं और आवश्यक संसाधनों के विकास में किया जाएगा। राज्य के मुख्यमंत्री डॉ.



मानिक साहा ने इस मंजूरी के लिए केंद्र सरकार का आभार जताया है और कहा कि यह त्रिपुरा के विकास और सुरक्षा के लिए अहम साबित होगा।

## पाकिस्तानी जासूस नोमान इलाही के कैराना वाले घर से मिले संदिग्ध दस्तावेज

एजेंसी

**पानीपत।** पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार नोमान इलाही को लेकर पानीपत पुलिस उसके पैतृक घर उत्तर प्रदेश के शामली जिले के कस्बा कैराना पहुंची। पुलिस ने उसके घर से कुछ संदिग्ध दस्तावेज बरामद किए हैं। उनकी छानबीन की जा रही है। पानीपत पुलिस नोमान इलाही को साथ लेकर दो गाड़ियों से उत्तर प्रदेश के शामली जिले के कस्बा कैराना स्थित बेगमपुरा बाजार में पहुंची। इस दौरान नोमान इलाही के मुंह पर काला नकाब और हाथों पर हथकड़ी थी। इलाही के साथ पुलिस पहुंचने पर



स्थानीय लोगों की काफी भीड़ जुट गई। पुलिस ने मकान के अंदर से काफी देर तक जांच-पड़ताल की। पुलिस ने मकान के भीतर से काफी संख्या में अलग-अलग लोगों के पासपोर्ट व अन्य दस्तावेज बरामद किए हैं, जिन्हें पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है। काफी देर तक जांच-पड़ताल करने के बाद पुलिस इलाही को वापस पानीपत ले आई है। पुलिस जांच में यह खुलासा हुआ है कि भारतीय सेना के आपरेशन सिंदूर के दौरान नोमान को श्रीनगर भेजने की प्लानिंग थी।

उसके मोबाइल से मिली वॉट्सऐप चैट में यह खुलासा हुआ कि उसे सेना से जुड़ी गतिविधियों की जानकारी श्रीनगर से भेजने के निर्देश दिए गए थे। इसके बदले में नोमान को हर सूचना के लिए मोटी रकम देने और आर्थिक रूप से मालामाल करने का लालच दिया गया था। पुलिस के अनुसार आरोपित के पास पाकिस्तान से हवाले के जरिए पैसा आता था। पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में नोमान इलाही की गिरफ्तारी होने के बाद यमुना खादर का इलाका एक बार फिर सुर्खियों में आ गया है। पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई यमुना की खादर में स्लीपर सेल तैयार कर रही है। हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के युवा उनके सॉफ्ट टारगेट हैं।



# पत्नी को दें सम्मान

**अपने से बुरा व्यवहार किसी को पसंद नहीं आता, फिर घर की लक्ष्मी का तिरस्कार, कई मामलों में उसकी रूचि खत्म कर सकता है। यदि दोनों कामकाजी हैं तो अहम के टकराव के चलते तलाक तक हो सकता है।**

पति-पत्नी का रिश्ता बेहद नाजुक, किन्तु प्रेम से भरा होता है। दो अनजान लोग विवाह बंधन में बंधकरएक हो जाते हैं और पूरी उम्र साथ काटते हैं।

हमारे देश में विवाह सात जन्मों का बंधन माना जाता है, लेकिन इस रिश्ते को तोड़ सकती है तो केवल एक-दूसरे के प्रति सम्मान की कमी।

## क्या हो सकता है ?

अपने से बुरा व्यवहार किसी को पसंद नहीं आता, फिर घर की लक्ष्मी का तिरस्कार, कई मामलों में उसकी रूचि खत्म कर सकता है। यदि दोनों कामकाजी हैं तो अहम के टकराव के चलते तलाक तक हो सकता है।

## क्यों दें सम्मान?

दूसरे को सम्मान देना तो हमारी तहजीब व संस्कृति है, इसमें भला शर्म कैसी? पत्नी आपके सुख-दुख की बराबर की हकदार है।

आप अपने बच्चों के लिए अच्छा उदाहरण कभी नहीं बन पाएंगे। स्वयं की श्रेष्ठता प्रमाणित करने के लिए कभी अपशब्दों का सहारा लेने से काम नहीं बनेगा।

## क्या होता है ऐसे रिश्तों में

यदि पति पत्नी को सबके सामने या घर पर सम्मान नहीं देता तो इससे दाम्पत्य जीवन पर बुरा असर पड़ता है।

बच्चे भी मां को सम्मान नहीं देंगे।

संयुक्त परिवार है तो अन्य रिश्ते-नातों पर भी फर्क पड़ेगा।

पत्नी के मन में या तो कुंठा पलने लगेगी या विद्रोह पनपेगा।

पत्नी यदि जवाब देने लग जाए अथवा विरोध करेगी तो घर युद्ध का मैदान बन जाएगा।

बच्चों में अच्छे संस्कार नहीं पनपेंगे। उनकी भाषा भी असंयत हो जाएगी।

प्यार से बोल के तो देखें

पत्नी से प्यार से बोल कर तो देखें, उसे सम्मान देकर तो देखें, आपका दाम्पत्य गुलजार हो जाएगा।

सम्मान केवल बोली में ही नहीं, हाव-भाव आचार-व्यवहार में भी दिखना चाहिए।

गृहस्थी तो दो पहियों की गाड़ी है, यदि एक पहिया भी असंतुलित हुआ तो मुश्किल होगी। जीवन साथी को सम्मान देने से आप नीचे नहीं हो जाते है, बल्कि आपका बड़प्पन, शिक्षा व उसके प्रति चिन्ता झलकती है।

## कैसे बदलें आदत

यदि आप भी आज तक पत्नी को कमतर समझते आ रहे हैं तो प्रण कीजिए कि अपनी आदत बदलेंगे।

शुरूआत उसके हर काम को महत्व देने से करें।

शुक्रिया-धन्यवाद कहने से पत्नी का मनोबल बढ़ेगा।

यदा-कदा तारीफ करें तो बड़प्पन आपका ही झलकेगा।

पत्नी से ऊंची आवाज में बात करना या छोटी-छोटी गलतियों के लिए उसे डांटना बंद कर दीजिए।

बच्चों से भी मम्मी से ऊंची आवाज में बात करने को मना करें।

पत्नी की राय किसी मुद्दे पर आपसे अलग है तो धैर्यपूर्वक उसकी बात सुनें, हो सकता है वो सही हो।

शुरूआत मे हिचक हो सकती है, पर घबराए नहीं। आप सुदृढ़ दाम्पत्य की ओर ही कदम बढ़ाएंगे।



# आपके घर है पार्टी



**पार्टी में मेजबान की हैसियत से आपको मेहमानों को खाना भी सर्व करना पड़ सकता है। अगर आप एप्रिन नहीं पहनेंगी तो हो सकता है, खाना सर्व करते वक्त खाने की कुछ बूंदें आपके कपड़ों पर गिर जाएं और आपका पार्टी वियर खराब हो जाए।**

अगर आप अपने घर में पार्टी देने की सोच रही हैं और चाहती हैं कि हर कोई आपकी मेहमाननवाजी और आपकी तारीफ करे तो पार्टी के वक्त आपको इन छोटी-छोटी बातों पर जरूर ध्यान देना होगा।

## न पहनें भारी गहने

आप मेजबान हैं तो जाहिर तौर पर आपको खाना बनाना और सर्व करना भी होगा। ऐसे में भारी-भरकम गहने आपके लिए परेशानी का सबब बन सकते हैं। इसलिए आप हल्की और आसानी से पहनी जा सकने वाली ज्वैलरी को तरजीह दें।

## कपड़े के ऊपर पहनें खूबसूरत एप्रिन

पार्टी में मेजबान की हैसियत से आपको मेहमानों को खाना भी सर्व करना पड़ सकता है। अगर आप एप्रिन नहीं पहनेंगी तो हो सकता है, खाना सर्व करते वक्त खाने की कुछ बूंदें आपके कपड़ों पर गिर जाएं और आपका पार्टी वियर खराब हो जाए। एप्रिन पहनने से इस परिस्थिति से बचा जा सकता है। हां, एप्रिन आपका काफी सुंदर होना चाहिए।

## आस्तीन को करें ऊपर

अगर आपने पार्टी के दौरान ऐसा कपड़ा पहना है, जो पूरी आस्तीन का है तो आस्तीनों को थोड़ा मोड़कर कोई स्टाइलिश बटन या पिन लगा लें। इससे खाना सर्व करते वक्त आपके कपड़े खराब नहीं होंगे।



## टिकाऊ लिप ग्लॉस लगाएं

पार्टी के दौरान मेकअप ठीक करने का मौका आपको नहीं मिलेगा, इसलिए मेकअप करते वक्त आप लंबे समय तक चलने वाला ब्राइट रंग का लिप ग्लॉस लगाएं। इससे आपका चेहरा लंबे समय तक दमकता रहेगा। इसके अलावा वाटरप्रूफ मेकअप का इस्तेमाल करें, जो पसीने से खराब न हो।

## पहनें फ्लैट चप्पल

पार्टी के दौरान बहुत सारे काम होते हैं। इसलिए आप हील्स की जगह स्टाइलिश फ्लैट चप्पल पहनें। इससे आप आराम महसूस करेंगी और आसानी से हर काम भी कर पाएंगी।

**पुराना और काम में न आने वाला कद्दूकस फेंकने से पहले एक बार फिर सोच लें। इस पुराने कद्दूकस को आप अपने पसंदीदा रंग या नीले, गुलाबी रंग से पेंट करें। पेंट सूख जाने के बाद अपनी ड्रेसिंग टेबल पर रखकर अपनी ईयररिंग्स इस पर टांग सकती हैं।**

# इनसे बनाएं ज्वैलरी होल्डर्स



ज्वैलरी किसे पसंद नहीं होती, लेकिन अक्सर महिलाएं ज्वैलरी को इधर-उधर रख देती हैं। इस आदत का नुकसान तब उठाना पड़ता है, जब किसी जरूरी पार्टी में जाना हो और ज्वैलरी आसानी से न मिले। ऐसी परिस्थिति से बचने के लिए पुरानी चीजों से बनाएं ये अनोखे ज्वैलरी होल्डर।

## कद्दूकस ईयररिंग्स होल्डर


पुराना और काम में न आने वाला कद्दूकस फेंकने से पहले एक बार फिर सोच लें। इस पुराने कद्दूकस को आप अपने पसंदीदा रंग या नीले, गुलाबी रंग से पेंट करें। पेंट सूख जाने के बाद अपनी ड्रेसिंग टेबल पर रखकर अपनी ईयररिंग्स इस पर टांग सकती हैं।

## चॉपिंग बोर्ड होल्डर

किचन में इस्तेमाल होने वाले पुराने चॉपिंग बोर्ड से बढ़िया ज्वैलरी होल्डर शायद ही कोई हो। इसे पेंट करके कील की सहायता से लटकाएं। उसके बाद छोटे-छोटे हुक्स लगाकर आप नेकलेस, ईयररिंग्स और ब्रेसलेट को आसानी से टांग सकती हैं।

## फोटो फ्रेम होल्डर

पुराना फोटो फ्रेम खाली करें। रूई और कपड़े की मदद से छोटी-सी गद्दी बनाएं और फिर इसको पुराने फोटो फ्रेम के पीछे चिपकाएं। इसमें हुक आदि की मदद से ईयररिंग्स, चेन आदि टांगें। पुराने तकिए या कुशन की रूई गद्दी बनाने के काम में लें।



## हैंडल होल्डर

ड्रेसिंग टेबल पर या किसी भी ड्राअर की साइड में आप एक तरफ से खुला हैंडल लगवाएं। इस हैंडल पर आसानी से अपने बैंगल्स, कड़े, चेन आदि टांग सकती हैं। खासकर बच्चों की ज्वैलरी इस पर टांगें, उन्हें लेने-पहनने में आसानी होगी।

## हैंगर होल्डर

ड्रेसिंग टेबल के पास हैंगर को लटकाएं। इसके ऊपर ब्रेसलेट, मालाएं, नेकलेस और ईयररिंग्स, यहां तक कि अपने सनग्लासेस को भी आसानी से टांग सकती हैं। जब भी बाहर जाना हो, आसानी से इस पर से अपनी ज्वैलरी उतारें और पहनें।

## कप-प्लेट होल्डर

घर में क्रॉकरी सेट तो बहुत होंगे। उनमें से कई कप-प्लेट पुराने पड़ चुके हैं तो आप उन्हें छोटी-मोटी ज्वैलरी रखने के लिए ज्वैलरी होल्डर के रूप में इस्तेमाल कर सकती हैं। ये आपकी ज्वैलरी को धूल-गंदगी से भी सुरक्षित रखेंगे।

## एसीए की महिला क्रिकेट टीम घोषित

**एजेंसी**

**प्रयागराज।** कानपुर के कमला क्लब मैदान में 19 से 25 मई तक आयोजित होने वाली तीसरी डॉ. गौर हरि सिंघानिया राज्य महिला क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए इलाहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन की महिला क्रिकेट घोषित कर दी गई है। यह जानकारी इलाहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन की निदेशक डॉ. जूली ओझा ने दी। उनके अनुसार टीम इस प्रकार है - फलक नाज (कप्तान), कात्यायनी पाठक, शालिनी सिंह, शिवानी मौर्या, अंशिका अस्थाना, हसी सिंह, राधा पांडेय, भार्गवी पांडेय, सृष्टि (विकेटकीपर), प्रीति यादव, संध्या यादव, आस्था मिश्रा, वाणी शुक्ला, वंशिका, खुशी सिंह। आरक्षित-रानी यादव, प्रज्ञा सिंह, ओवि सिंह, नमस्या, क्रिस्टी। इलाहाबाद की टीम का पहला मुकाबला 19 मई को कानपुर रेड से और दूसरा मैच 20 मई को गाजीपुर से होगा।

## इंग्लैंड दौरे के लिए इंडिया 'ए' टीम का ऐलान, यशस्वी और ऋतुराज शामिल, अभिमन्यु ईश्वरन होंगे कप्तान

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने शुक्रवार (16 मई) को इंग्लैंड दौरे के लिए इंडिया ए' टीम की घोषणा कर दी है। इस 18 सदस्यीय मजबूत स्क्वॉड में यशस्वी जायसवाल और ऋतुराज गायकवाड़ जैसे बड़े नाम शामिल हैं। टीम की कमान अनुभवी बल्लेबाज अभिमन्यु ईश्वरन को सौंपी गई है, जबकि ध्रुव जुरैल को उप-कप्तान और विकेटकीपर की भूमिका सौंपी गई है। साई सुदर्शन और शुभमन गिल दूसरे मैच से जुड़ेंगेः इंग्लैंड दौरे पर इंडिया 'ए' टीम को दूसरे मुकाबले से पहले साई सुदर्शन और शुभमन गिल जैसे सितारों का साथ भी मिलेगा। हालांकि, अगर गुजरात टाइटंस फाइनल तक पहुंचती है, तो इन दोनों खिलाड़ियों को रेड बॉल क्रिकेट में ढलने का बहुत कम समय मिलेगा क्योंकि दूसरा मुकाबला 6 जून से शुरू होना है। पहला मुकाबला 30 मई को इंग्लैंड लायंस के खिलाफ खेला जाएगा। सरफराज की वापसी, शार्दुल ठाकुर को मिला इनामः लंबे समय तक चोट से जूझने के बाद सरफराज खान को टीम में चुना गया है। वहीं हालिया घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन करने वाले शार्दुल ठाकुर को भी टीम में जगह दी गई है। उनके अलावा करुण नायर, नितीश कुमार रेड्डी, तुषार देशपांडे, तनुष कोटियन और आकाश दीप जैसे खिलाड़ी भी टीम का हिस्सा हैं।

## बीसीसीआई के हाई परफॉर्मेंस कैम्प में हिस्सा लेंगे हिमाचल के दो क्रिकेटर

**धर्मशाला।** बीसीसीआई के सेंटर आफ एक्सीलेंस द्वारा बेंगलुरु में आयोजित किए जा रहे हाई परफॉर्मेंस क्रिकेट कैंप के लिए हिमाचल के दो युवा क्रिकेटरों का चयन हुआ है। अंडर 23 वर्ग के लिए आयोजित होने वाले इस कैम्प में हिमाचल से हमीरपुर के मृदुल सरोच और बिलासपुर के अनिकेत का चयन किया गया है। इस कैंप का आयोजन 26 मई से लेकर 14 जून तक बेंगलुरु में किया जाएगा। उधर हिमाचल के इन क्रिकेटरों के चयन पर हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव अवनीश परमार ने उन्हें बधाई देते हुए उनके बेहतर भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि एचपीसीए द्वारा खिलाड़ियों के लिए दी जा रही आधुनिक और बेहतर सुविधाओं के चलते ही हिमाचल के क्रिकेटर इस तरह के कैंप के लिए चयनित हो रहे हैं।



## वानखेड़े स्टेडियम में रोहित शर्मा के नाम पर रखा गया स्टैंड का नाम

**मुंबई।** मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) शाम 4:30 बजे वानखेड़े स्टेडियम में तीन नए स्टैंडों का उद्घाटन करेगा, जिसमें रोहित शर्मा, अजीत वाडेकर और शरद पवार को भारतीय क्रिकेट में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया जाएगा। दिवेचा पवेलियन लेवल 3 का नाम बदलकर रोहित शर्मा स्टैंड कर दिया गया है, जो भारत के वनडे कप्तान को उनके घरेलू मैदान पर सम्मान है। ग्रैंड स्टैंड लेवल 3 का नाम पूर्व बीसीसीआई अध्यक्ष शरद पवार के नाम पर होगा, जबकि ग्रैंड स्टैंड लेवल 4 पूर्व भारतीय कप्तान अजीत वाडेकर को समर्पित होगा। पिछले महीने आयोजित एमसीए की 86वीं वार्षिक आम बैठक के दौरान इस निर्णय की पुष्टि की गई। रोहित ने 2013 में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया और 2022 में पूर्णकालिक भारतीय कप्तान। सचिन तेंदुलकर, सुनील गावस्कर, दिलीप वेंगसरकर और विजय मर्चेंट के नाम पर वानखेड़े में पहले से ही स्टैंड हैं। उनके नेतृत्व में भारत ने 2024 में टी20 विश्व कप और मार्च 2025 में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीती। मुंबई के लिए उन्होंने 46 प्रथम श्रेणी मैच, 17 लिस्ट ए गेम और 25 टी20 खेले हैं। स्टाइलिश नंबर 3 बल्लेबाज और भारत के सबसे बेहतरीन स्लिप फील्डरों में से एक अजीत वाडेकर ने 1971 में वेस्टइंडीज और इंग्लैंड में ऐतिहासिक विदेशी टेस्ट सीरीज में भारत की अगुआई की। उन्होंने 1966 से 1974 के बीच 37 टेस्ट और 2 वनडे खेले और 1958-59 में प्रथम श्रेणी में पदार्पण किया। अगस्त 2018 में 77 वर्ष की आयु में उनका निधन हो गया।

# जूलियन वेबर ने 91.06 मीटर भाला फेंककर जीता दोहा डायमंड लीग, दूसरे स्थान पर रहे नीरज चोपड़ा

**एजेंसी**

**दोहा।** भारत के स्टार भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा ने दोहा डायमंड लीग 2025 में अपने करियर की पहली 90 मीटर से लंबी थ्रो की, लेकिन इसके बावजूद वह खिताब से चूक गए। जर्मनी के जूलियन वेबर ने अंतिम प्रयास में 91.06 मीटर का भाला फेंकते हुए प्रतियोगिता जीत ली।

**नीरज का नया नेशनल रिकॉर्ड, लेकिन दूसरी बार भी दूसरा स्थान**

नीरज ने 90.23 मीटर का शानदार भाला फेंककर 2022 में स्टॉकहोम डायमंड लीग में बनाया गया अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड (89.94 मीटर) तोड़ दिया। यह पहला मौका था जब नीरज ने 90 मीटर पार किया। प्रतियोगिता के बाद नीरज ने कहा, थोड़ा मिला-जुला अनुभव रहा। 90 मीटर पार करके



खुशी है, लेकिन दूसरी बार फिर से दूसरे स्थान पर रहना थोड़ा खलता है। ऐसा पहले भी टर्कू और स्टॉकहोम में हो चुका है। लेकिन मैं जूलियन के लिए भी खुश हूं। हम दोनों ने पहली बार 90 मीटर पार किया। ये सीजन की पहली प्रतियोगिता थी, आगे और बेहतर करने का भरोसा है।

**शुरू से ही लीड में थे नीरज, लेकिन वेबर ने पलटी बाज़ी**

नीरज ने अपनी पहली ही कोशिश में 88.44 मीटर फेंककर वर्ल्ड लीड हासिल कर ली थी। दूसरी कोशिश में उन्हें 'नो थ्रो' मिला, जबकि आगे की कोशिशों में उन्होंने 80.56 मीटर और 88.20 मीटर की थ्रो की। ऐसा लग रहा था कि नीरज जीत की ओर बढ़ रहे हैं, लेकिन जूलियन वेबर ने अंतिम प्रयास में 91.06 मीटर का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए बाज़ी पलट दी।

**किशोर जेना का प्रदर्शन रहा फीका**

भारत के ही एक अन्य प्रतिभागी किशोर जेना ने निराशाजनक शुरुआत करते हुए पहली बार में केवल 68.07 मीटर भाला फेंका। बाद में वह इसे सुधारकर 78.60 मीटर तक ले जा सके, लेकिन वह शीर्ष रैंक में नहीं आ पाए। इस प्रतियोगिता ने नीरज चोपड़ा और जूलियन वेबर के बीच आने वाले सीजन के रोमांच को और भी बढ़ा दिया है।

## अल्टीमेट टेबल टेनिस का 31 मई से अहमदाबाद में होगा धमाकेदार आगाज



**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) का छठा सीज़न 31 मई से शुरू हो रहा है। टूर्नामेंट की शुरुआत अहमदाबाद के ईकेए एरिना में डबल हेडर मुकाबलों के साथ होगी। पहले मैच में सीज़न 2 की चैंपियन डबंग दिल्ली टीटीसी का सामना श्रीजा अकुला की जयपुर पैट्रियट्स से होगा, जबकि दूसरे मैच में डिफेंडिंग चैंपियन डेम्पो गोवा चैलेंजर्स की टक्कर मेज़बान अहमदाबाद एसजी पाइपर्स से होगी।आयोजकों ने बताया कि सीज़न 6 में हर टीम कुल 5 मुकाबले खेलेगी। हर टाई में 5 मैच होंगे, 2 पुरुष सिंगल्स, 2 महिला सिंगल्स और 1 मिक्स्ड डबल्स। लीग चरण के अंत में शीर्ष 4 टीमें नॉकआउट में पहुंचेंगी। इस बार कुल 7 डबल हेडर मुकाबले तय किए गए हैं। डबल हेडर में पहले मुकाबले की शुरुआत शाम 5:00 बजे, और दूसरे मुकाबले की 7:30 बजे होगी, जबकि एकल मैचों की शुरुआत केवल 7:30 बजे से होगी।

## टाटा आईपीएल 2025 में केकेआर ने रचा इतिहास, घरेलू मैदान में सात मैचों में पेश किए 14 अनोखे प्रदर्शन

**एजेंसी**

**कोलकाता।** टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के दौरान कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने एक बार फिर साबित कर दिया कि 'सिटी ऑफ जॉय' सिर्फ नाम भर नहीं बल्कि क्रिकेट प्रेम और सांस्कृतिक उत्साह का जीवंत उदाहरण है। केकेआर ने इस सत्र अपने घरेलू मैदान ईडन गार्डन्स में दर्शकों के अनुभव को नई ऊंचाई दी और कुल सात घरेलू मुकाबलों में 14 अलग-अलग टिफो प्रस्तुत (अनोखे प्रदर्शन) कर भारतीय खेलों में एक नई सांस्कृतिक मिसाल कायम की।

**क्या होता है टिफो?:** टिफो आमतौर पर एक सुनियोजित और रचनात्मक दृश्य प्रस्तुति होती है, जिसमें बड़े-बड़े बैनर, झंडे या पोस्टर शामिल होते हैं। यह प्रस्तुति दर्शकों द्वारा मुकाबले से ठीक पहले स्टेडियम में की जाती है और यह टीम के प्रति उनके समर्थन और जुनून को दर्शाती है।

**चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ दिखे 7 प्रदर्शन, बना यादगार पल**

इस सत्र का सबसे यादगार क्षण तब देखने को मिला जब ईडन गार्डन्स में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ खेले गए बहुप्रतीक्षित मुकाबले में एक नहीं, पूरे सात




अलग-अलग दृश्य प्रदर्शन प्रस्तुत किए गए। ये प्रदर्शन न केवल खिलाड़ियों को समर्पित थे, बल्कि कोलकाता की संस्कृति, टीम के इतिहास और करबो, लरबो, जीतबो की भावना को भी पूरी शिद्दत से दर्शा रहे थे।

**प्रशंसकों के साथ गहरा जुड़ावः** हर एक प्रदर्शन केकेआर की टीम भावना, निडरता, रचनात्मकता और अपने शहर से गहरे जुड़ाव को दर्शाता था। इन प्रस्तुतियों के ज़रिए टीम ने न केवल अपने खिलाड़ियों का उत्सव मनाया, बल्कि ईडन गार्डन्स को बार-बार भरने वाले वफादार प्रशंसकों को भी विशेष सम्मान दिया। इन अनोखे और भव्य प्रस्तुतियों ने केकेआर के घरेलू मुकाबलों को एक उत्सव का रूप दे दिया। इससे यह भी स्पष्ट हो गया कि केकेआर सिर्फ मैदान पर नहीं बल्कि मैदान के बाहर भी दर्शकों के दिलों को जीतने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। टाटा आईपीएल 2025 की यह अनूठी पहल निःसंदेह कोलकाता नाइट राइडर्स को सिर्फ एक टीम नहीं बल्कि एक सांस्कृतिक आंदोलन बना चुकी है।

## आईपीएल 2025: मुस्तफिजुर रहमान को दिल्ली कैपिटल्स के लिए आखिरी तीन लीग मुकाबले खेलने की मिली अनुमति

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 (आईपीएल ) के प्लेऑफ की रेस में बनी हुई दिल्ली कैपिटल्स को एक राहत की खबर मिली है। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को 18 से 24 मई तक आईपीएल खेलने के लिए एनओसी दे दी है। वह दिल्ली कैपिटल्स के लिए लीग स्टेज के अंतिम तीन मुकाबलों में उपलब्ध रहेंगे। यूएई के खिलाफ पहला टी20 खेलकर टीम से जुड़ेंगेः बीसीबी ने अपने आधिकारिक बयान में कहा, बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने राष्ट्रीय टीम के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को 18 से 24 मई 2025 तक आईपीएल में भाग लेने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) जारी किया है।

रहमान 17 मई को शारजाह में यूएई के खिलाफ पहला टी 20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेंगे, जिसके बाद वे सीधे दिल्ली कैपिटल्स से जुड़ेंगे। दिल्ली को 19 मई को गुजरात टाइटंस के खिलाफ दिल्ली में मुकाबला खेलना है, जिसमें रहमान की उपलब्धता रहेगी।

**पाकिस्तान दौरे से पहले लौटना होगा**

29 वर्षीय मुस्तफिजुर रहमान वर्तमान में यूएई में हैं, जहां



बांग्लादेश दो मैचों की टी 20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज खेल रहा है। पहला मैच 17 मई और दूसरा 19 मई को होगा। इसके बाद बांग्लादेश टीम पाकिस्तान दौरे पर जाएगी, जहां 25 मई से फैसलाबाद में पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज शुरू होगी। रहमान को 24 मई तक ही आईपीएल खेलने की अनुमति मिली है, जिससे वह समय पर राष्ट्रीय टीम से जुड़ सकें।

**विदेशी खिलाड़ियों की कमी से जूझ रही दिल्ली**

दिल्ली कैपिटल्स की टीम पहले ही विदेशी खिलाड़ियों की अनुपस्थिति से जूझ रही है। ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क और दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज डोनोवन फरेरा ने व्यक्तिगत कारणों से टीम में वापसी करने से मना कर दिया है। ऐसे में रहमान की उपलब्धता दिल्ली के लिए अहम होगी, जो अब भी प्लेऑफ की दौड़ में बनी हुई है, लेकिन रहमान केवल लीग स्टेज तक ही टीम के साथ रहेंगे।

# आईपीएल 2025:प्लेऑफ की रेस में आरसीबी को चाहिए जीत, हारते ही बाहर हो जाएगी केकेआर

**एजेंसी**

**बेंगलुरु।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में प्लेऑफ की दौड़ अब निर्णायक मोड़ पर पहुंच चुकी है। आज शाम एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के बीच अहम मुकाबला खेला जाएगा, जहां एक तरफ आरसीबी की जीत उसे प्लेऑफ में पहुंचा देगी, वहीं हार केकेआर के लिए टूर्नामेंट का अंत बन सकती है। आरसीबी इस मुकाबले में जीत दर्ज करते ही प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की कर लेगी और टॉप-2 में पहुंचने की उम्मीदें भी जिंदा रखेगी। टीम फिलहाल शानदार लय में है और लगातार चार मुकाबले जीत चुकी है, जिनमें चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ दो रन से मिली रोमांचक



जीत भी शामिल है। उस जीत ने आरसीबी को खिताबी दावेदार की तरह पेश किया है।

**कप्तान पटीदार फिट, शेफर्ड भी पूरे टूर्नामेंट के लिए उपलब्ध**

आरसीबी के लिए राहत की बात यह है कि लगभग सभी विदेशी खिलाड़ी उपलब्ध हैं, सिवाय चोटिल जोश हेजलवुड के। कप्तान रजत पटीदार की चोट में भी सुधार हुआ है और वह इस मुकाबले के लिए फिट माने जा रहे हैं। वहीं, वेस्टइंडीज की वनडे टीम में चुने जाने के बावजूद ऑलराउंडर रोमारियो शेफर्ड 3 जून तक पूरे टूर्नामेंट के लिए उपलब्ध रहेंगे। सीएसके के खिलाफ जीत में उन्होंने अहम भूमिका निभाई थी। केकेआर के लिए करो या मरो की स्थितिः दूसरी ओर, गत विजेता कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए हालात काफी मुश्किल हैं। उसे न सिर्फ अपने बचे हुए दोनों मुकाबले जीतने हैं, बल्कि अन्य टीमों के नतीजों पर भी निर्भर रहना होगा। टीम के विदेशी खिलाड़ी (रोवमैन पॉवेल और मोईन अली को छोड़कर) अब स्क्वॉड से जुड़ चुके हैं, लेकिन अब भी टीम को हर विभाग में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की दरकार है।

## प्रो कबड्डी लीगः बंगाल वॉरियर्ज ने नवीन कुमार को बनाया हेड कोच

**एजेंसी**

**मुंबई।** प्रो कबड्डी लीग की दिग्गज टीम बंगाल वॉरियर्ज ने आगामी सीजन के लिए नवीन कुमार को अपना नया हेड कोच नियुक्त किया है। हरियाणा से ताल्लुक रखने वाले नवीन कुमार कबड्डी के एक अनुभवी खिलाड़ी और कोच रह चुके हैं और उन्हें खेल में गहरी समझ, रणनीतिक सूझबूझ और विजयी सोच के लिए जाना जाता है। नवीन कुमार का कबड्डी में शानदार करियर रहा है। उन्होंने भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए कई बड़े टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक जीते हैं, जिनमें 10वें दक्षिण एशियाई खेल (2006), 15वें एशियाई खेल (2006), द्वितीय वर्ल्ड कप (2007) और द्वितीय इंडोर एशियन गेम्स (2007) शामिल हैं। उनकी जीत की आदत और मजबूत मानसिकता निश्चित रूप से बंगाल वॉरियर्ज को मजबूती प्रदान करेगी, जो प्रो कबड्डी लीग की स्थापना से जुड़ी टीमों में से एक है। कोच के रूप में भी नवीन कुमार ने खुद को एक शानदार रणनीतिकार और नेतृत्वकर्ता के रूप में स्थापित किया है। वे युवा प्रतिभाओं को तराशने और उन्हें उच्च स्तर तक पहुंचाने में माहिर माने जाते हैं। उन्होंने भारतीय नौसेना और स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया जैसी प्रमुख टीमों की कोचिंग की है और उन्हें कई बार पोडियम तक पहुंचाया है। अपनी नियुक्ति पर प्रतिक्रिया देते हुए नवीन कुमार ने एक आधिकारिक बयान में कहा, मैं बंगाल वॉरियर्ज का हेड कोच बनकर सम्मानित महसूस कर रहा हूं। यह एक शानदार मौका है एक मजबूत और प्रतिस्पर्धी टीम तैयार करने का।

# चेल्सी और एस्टन विला ने घर में जीत के साथ चैंपियंस लीग की उम्मीदें ज़िंदा रखीं

**एजेंसी**

**बर्मिंघम।** चेल्सी और एस्टन विला ने अपने-अपने घरेलू मुकाबलों में जीत दर्ज कर अगली चैंपियंस लीग के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीदें बरकरार रखीं। एस्टन विला ने टॉटनहैम हॉटस्पर को 2-0 से हराया, जबकि चेल्सी ने मैनचेस्टर यूनाइटेड के खिलाफ 1-0 की कड़ी जीत दर्ज की।

**कोंसा और कमारा ने दिलाई विला को जीत**

विला पार्क में खेले गए मुकाबले में मेज़बान टीम ने शुरुआत से ही दबदबा बनाए रखा, लेकिन पहला गोल करने में उन्हें 59वें मिनट तक का इंतजार करना पड़ा। जॉन मैकगिन के कॉर्नर पर ओली वॉटकिंस ने हेडर से गेंद को आगे बढ़ाया जिसे बिना किसी मार्किंग के खड़े एज़्री कोंसा ने गोल में बदल दिया।इसके बाद 76वें मिनट में बूबाकार कमारा ने पेनल्टी बॉक्स के किनारे से लो ड्राइव मारकर



विला की बढ़त को दोगुना कर दिया। यह कमारा का प्रीमियर लीग में 69वें मैच में पहला गोल था। फ्रेंच मिडफील्डर कमारा ने स्काई स्पोर्ट्स से कहा, हम जानते थे कि आज जीतना बेहद ज़रूरी है। हम फिर से चैंपियंस लीग खेलना चाहते हैं।

**चेल्सी की जीत में कुकरेला का गोलः** दूसरी ओर स्टैमफोर्ड ब्रिज पर चेल्सी और मैनचेस्टर यूनाइटेड के बीच मुकाबला पहले हाफ में फीका रहा। लेकिन दूसरे हाफ में चेल्सी ने रफ्तार पकड़ी और 71वें मिनट में रीस जेम्स के क्रॉस पर स्पैनिश डिफेंडर मार्क कुकरेला ने हेडर से गोल करते हुए टीम को जीत दिलाई।

**अंकतालिका में कांटे की टक्करः** इस जीत के साथ चेल्सी 66 अंकों के साथ चौथे स्थान पर पहुंच गई, जबकि एस्टन विला गोल अंतर के आधार पर पांचवें स्थान पर है। लीग विजेता लिवरपूल के अलावा बाकी चैंपियंस लीग की चार जगहों के लिए आर्सेनल (68), न्यूकैसल (66), मैनचेस्टर सिटी (65) और नॉटिंघम फॉरेस्ट (62) की टीमें भी दौड़ में बनी हुई हैं। स्पर्स और मैनचेस्टर यूनाइटेड दोनों ही टीमें अगले हफ्ते होने वाले यूरोपा लीग फाइनल को ध्यान में रखते हुए कुछ प्रमुख खिलाड़ियों को आराम दिया। हालांकि, अच्छी खबर यह रही कि दोनों ही टीमों को कोई नई चोट की समस्या नहीं हुई।

## शुभमन पर सवाल उठाने वाले देखें उन्होंने कितने रन बनाए हैं : रवि शास्त्री

**एजेंसी**

**मुंबई ।** भारतीय टीम के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने रोहित शर्मा के संन्यास के बाद शुभमन गिल और ऋषभ पंत का समर्थन करते हुए कहा कि इनमें से किसी एक को टेस्ट टीम के कप्तान की जिम्मेदारी दी जानी चाहिए। आईसीसी पोटर्ल से बातचीत में शास्त्री ने चयनकर्ताओं से भविष्य की सोच अपनाने का आग्रह किया और कहा कि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पर नेतृत्व का दबाव नहीं डाले जाना चाहिए। शास्त्री ने कहा कि मेरे लिए, ऑस्ट्रेलिया के बाद जसप्रीत स्पष्ट विकल्प होता। लेकिन मैं नहीं चाहता कि जसप्रीत को कप्तान बनाया जाए और फिर आप उसे गेंदबाज के रूप में खो दें। उन्होंने तेज गेंदबाज की पीठ की चोट का जिक्र करते हुए कहा कि उन्हें एक बार में एक खेल के लिए अपने शरीर पर ध्यान देना होगा।

## दोहा डायमंड लीग- पारुल ने तोड़ा राष्ट्रीय रिकॉर्ड, वर्ल्ड चैंपियनशिप के लिए क्वालिफाई

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारतीय एथलीट पारुल चौधरी ने दोहा डायमंड लीग 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए महिलाओं की 3000 मीटर स्टीपलचेज स्पर्धा में छठा स्थान प्राप्त किया। इस दौरान उन्होंने न सिर्फ अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा, बल्कि आगामी वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए भी क्वालिफाई कर लिया।

**खुद का राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा**

सुहेम बिन हमद स्टेडियम में हुई इस प्रतियोगिता में पारुल ने 9ः13.39 का समय निकाला। यह उनके ही 2023 विश्व चैंपियनशिप (बुडापेस्ट) में बनाए गए पुराने राष्ट्रीय रिकॉर्ड 9ः15.31 से बेहतर रहा।

**वर्ल्ड चैंपियनशिप के लिए किया क्वालिफाई**

पारुल चौधरी ने 9:18.00 की क्वालिफिकेशन समय सीमा के भीतर दौड़ पूरी करके इस साल होने वाली वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए



भी अपनी जगह पक्की कर ली है।

**केन्या की चेरेटिच रहीं पहले स्थान पर**

प्रतियोगिता में केन्या की फेथ चेरेटिच ने 9ः05.08 के समय के साथ पहला स्थान हासिल किया। वहीं कतर की विनफ्रेड यावी ने 9ः05.26 के समय के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया। इथियोपिया की सेम्बो अल्मायेव ने 9ः09.27 के समय के साथ तीसरे स्थान पर रहते हुए पोडियम पूरा किया।पारुल का यह प्रदर्शन पेरिस ओलंपिक 2024 से पहले भारतीय एथलेटिक्स के लिए एक सकारात्मक संकेत है।

# जैनिक सिनर ने इटालियन ओपन फाइनल में बनाई जगह, कार्लोस अल्कराज से होगा सामना

**एजेंसी**


**रोम।** तीन महीने के डोपिंग प्रतिबंध के बाद वापसी कर रहे जैनिक सिनर ने इटालियन ओपन के फाइनल में धमाकेदार एंट्री कर ली है। खेले गए सेमीफाइनल मुकाबले में उन्होंने अमेरिका के टॉमी पॉल को 1-6, 6-0, 6-3 से हराकर खिताबी मुकाबले का टिकट कटाया। अब फाइनल में उनका सामना स्पेनिश स्टार कार्लोस अल्कराज से होगा, जिन्होंने लोरेंजो मुसेटी को 6-3, 7-6(4) से हराकर पहली बार रोम फाइनल में जगह बनाई।

**1976 के बाद पहली बार इतालवी खिलाड़ी के पास खिताब जीतने का मौका**

सिनर अब इतिहास रचने से सिर्फ एक कदम दूर हैं। यदि वे जीतते हैं, तो 1976 में एड्रियानो पानाटा के बाद रोम मास्टर्स खिताब जीतने वाले पहले इतालवी पुरुष खिलाड़ी बन जाएंगे। इससे पहले, सिनर ने क्वार्टरफाइनल में कैस्पर रूड को करारी शिकस्त दी थी। हालांकि सेमीफाइनल के पहले सेट में वह अस्थिर नजर आए, लेकिन इसके बाद उन्होंने जबरदस्त वापसी करते हुए मैच अपने नाम कर लिया।

**फिटनेस को लेकर चिंता, लेकिन जोश में कमी नहीं**

मैच के अंत में सिनर अपनी जांघ पकड़ते और दर्द में नजर आए।



उन्होंने बाद में खुलासा किया कि तीसरे राउंड से उनके पैरों में ब्लिस्टर (छाले) हो गए हैं, जिससे मूवमेंट में परेशानी हो रही है। हालांकि उन्होंने कहा, कोई बहाना नहीं है। फाइनल में एड्रेनालिन के साथ काफी एनर्जी होगी। मैं पूरी तरह तैयार हूं।

सिनर और अल्कराज के बीच यह मुकाबला बीजिंग ओपन फाइनल (अक्टूबर 2024) के बाद पहली भिड़ंत होगी, जहां अल्कराज ने तीसरे सेट के टाईब्रेकर में जीत दर्ज की थी। दोनों के बीच अब तक 10 मुकाबले हुए हैं, जिनमें अल्कराज 6-4 से आगे हैं और उन्होंने पिछले तीन मैच लगातार जीते हैं। हालांकि, खास बात यह है कि बीजिंग में हारने के बाद से सिनर एक भी मैच नहीं हारे हैं और वे 26 मैचों की विजयी लय में हैं। ऑस्ट्रेलियन ओपन जीतने के बाद यह उनका पहला टूर्नामेंट है।

**अल्कराज भी जबरदस्त फॉर्म में, लगातार तीसरे क्ले-कोर्ट फाइनल में पहुंचे**

यह सीजन अल्कराज के लिए भी शानदार रहा है। उन्होंने मोंटे कार्लो मास्टर्स जीता, बार्सिलोना ओपन में रनर-अप रहे, और अब रोम फाइनल में हैं। हालांकि मड्रिड ओपन से उन्होंने चोट के कारण नाम वापस ले लिया था। फिलहाल वे दाहिने पैर पर एक लंबा ब्लैक ब्रेस पहनकर खेल रहे हैं, लेकिन खेल पर उसका खास असर नहीं दिख रहा।

**महिला वर्ग में गॉफ और पाओलिनी के बीच टक्कर**

महिला फाइनल में अमेरिका की कोको गॉफ और इटली की जैस्मिन पाओलिनी आमने-सामने होंगी। वहीं, डबल्स में पाओलिनी और सारा एर्रानी की जोड़ी भी फाइनल में पहुंच गई है। उन्होंने रूस की मिर्रा अंद्रेएवा और डायना श्नाइडर को 6-4, 6-4 से हराया।

## 17 साल पहले बनीं इंटरनेशनल क्रश, 'जन्नत गर्ल' के नाम से हुईं मशहूर, अब कहां हैं

# सोनल चौहान



आज से 17 साल पहले 2008 में एक फिल्म आई, जो सट्टे पर आधारित थी, लेकिन उसमें एक लव स्टोरी भी दिखाई गई. फिल्म का नाम 'जन्नत'. ये फिल्म इमरान हाशमी की थी लेकिन इसमें लीड एक्ट्रेस सोनल चौहान थीं, जो रातों-रात नेशनल क्रश बनकर फेमस हो गई थीं. उन्हें 'जन्नत गर्ल' कहा जाने लगा था. सोनल चौहान ने इसके बाद कई फिल्में की, लेकिन उन्हें आज भी 'जन्नत' के लिए ही जाना जाता है.

सोनल चौहान ने बतौर मॉडल करियर की शुरुआत की थी और सबसे पहले ये हिमेश रेशमिया के म्यूजिक वीडियो में नजर आई थीं. सोनल चौहान की डेब्यू फिल्म कौन सी थी और आजकल ये क्या कर रही हैं, आइए जानते हैं.



**सोनल चौहान का फिल्मी करियर**

16 मई 2008 को सोनल चौहान का जन्म दिल्ली में हुआ था. सोनल ने नोएडा के दिल्ली पब्लिक स्कूल से पढ़ाई की और दिल्ली यूनिवर्सिटी के गार्गी कॉलेज से फिलॉसफी सबजेक्ट में पोस्ट ग्रेजुएशन किया. सोनल चौहान ने 2005 में मिस वर्ल्ड टूरिज्म का खिताब जीता था. सोनल पहली बार हिमेश रेशमिया के गाने 'समझो ना' में बतौर एक्ट्रेस नजर आई थीं.

सोनल चौहान की डेब्यू बॉलीवुड फिल्म 'जन्नत' थी, जो सुपरहिट हुई. इस फिल्म के गाने खूब पॉपुलर हुए थे और आज भी सोनल को 'जन्नत गर्ल' के नाम से पुकारा जाता है. बॉलीवुड फिल्मों के अलावा सोनल ने साउथ सिनेमा की भी कुछ फिल्में की, जो सफल रहीं. पिछली बार सोनल फिल्म 'आदिपुरुष' (2023) में नजर आई थीं, जिसमें इन्होंने मंदोदरी का रोल प्ले किया था. सोनल ने 'बुड्ढा होगा तेरा बाप', 'लेजेंड', 'अ किलर कनेक्शन', 'डिडेक्टर', 'द घोस्ट', 'जैक एंड दिल' जैसी फिल्मों में काम किया है.

**आजकल क्या कर रही हैं सोनल चौहान ?**

सोनल चौहान ने 21 अप्रैल को अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की थीं जब वो आईपीएल में मुंबई इंडियंस टीम को सपोर्ट करती नजर आईं. इसके अलावा उनकी किसी फिल्म की कोई जानकारी फिलहाल नहीं है. सोनल इंस्टाग्राम पर काफी एक्टिव रहती हैं, जहां उन्हें 8.1 मिलियन लोग फॉलो करते हैं. सोनल चौहान ने ढेरों फिल्में की हैं, लेकिन आज भी उन्हें फिल्म 'जन्नत' के लिए ही याद किया जाता है और उनकी खूबसूरती की तारीफ आज भी फैंस उनके पोस्ट पर करते हैं.

## नई नवेली दुल्हन संग तुर्की में हनीमून मनाने वाला था ये एक्टर, कश्मीर की वादियों में घूमने का भी था प्लान



आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में जब भारत पड़ोसी देश पाकिस्तान को खदेड़ रहा था तो तुर्की पाक की मदद कर रहा था. ऐसे में भारत ने तुर्की को भी सबक सिखाने का मन बनाया. सभी क्षेत्रों से भारतीय तुर्की का बायकॉट कर रहे हैं. इंडियन फिल्म इंडस्ट्री ने भी तुर्की में भारतीय फिल्मों और शो की शूटिंग पर बैन लगा दिया है. जबकि, अब टीवी एक्टर सिद्धांत इस्सर ने तुर्की में अपना हनीमून कैंसिल कर दिया है. वहीं वो अप्रैल में कश्मीर भी घूमने के लिए जाने वाले थे, लेकिन उनकी ये प्लानिंग भी पहलगाम आतंकी घटना के चलते टल गई.सिद्धांत इस्सर बॉलीवुड के जाने माने अभिनेता और महाभारत में दुर्योधन के किरदार में नजर आए पुनीत इस्सर के बेटे हैं. हाल ही में उन्होंने एक्ट्रेस सुरभि शुक्ला से शादी की थी. दोनों 21 अप्रैल को शादी के बंधन में बंधे थे. न्यूली वेड कपल तुर्की में हनीमून मनाने जा रहा था, हालांकि अब उन्होंने देश के साथ खड़े होकर तुर्की में हनीमून मनाने का ख्याल छोड़ दिया और तुर्की की यात्रा कैंसिल कर दी. फिलहाल वो सुरभि के साथ गोवा में अपने घर पर हैं. जल्द ही अभिनेता मुंबई लौटेंगे और फैमिली के साथ अपना बर्थडे भी सेलिब्रेट करेंगे.


**सिद्धांत ने कैंसिल किया तुर्की में हनीमून**

सिद्धांत ने टाइम्स ऑफ इंडिया से बातचीत में कहा, हम 23 अप्रैल को कश्मीर जाने वाले थे. फिर दो मई को मुंबई में अपने रिसेप्शन के लिए वापस आने वाले थे, मई में तुर्की भी जाना था. लेकिन, कश्मीर तुरंत चार्ट से बाहर हो गया और यहां तक कि तुर्की भी अब चार्ट से बाहर हो चुका है.

**गोवा में बिता रहे वक्त, ग्रीस जाने का है प्लान**

इन दिनों सिद्धांत और सुरभि गोवा में है. उन्होंने बताया कि गोवा में उनके पास 15 सालों से फैमिली होम है. सिद्धांत ने कहा, हम यहां छोटा हनीमून मना रहे हैं. हमारा असली हनीमून अभी भी बाकी है. हम यहां 15 दिनों से हैं और हम 19 मई को मेरे बर्थडे पर मुंबई वापस जाएंगे और परिवार के साथ इसे सेलिब्रेट करेंगे. उन्होंने आगे ये भी कहा कि तुर्की का हनीमून प्लान कैंसिल होने के बाद वो ग्रीस में हनमीमून प्लान कर रहे हैं.

## 85 करोड़ की फिल्म ने जब कूटे 800 करोड़, 11 साल पहले आया था आमिर खान का बवंडर



हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के मशहूर अभिनेता आमिर खान जल्द ही फिल्म 'सितारे जमीन पर' में नजर आने वाले हैं. लंबे समय बाद पर्दे पर उनकी वापसी हो रही है. आमिर खान बॉलीवुड के एक ऐसे अभिनेता हैं जिनकी फिल्मों का फैंस को बेसब्री से इंतजार रहता है. आमिर कम फिल्में करते हैं, लेकिन जब बॉक्स ऑफिस पर आते हैं तो छा जाते हैं. अपने करियर में आमिर ने कई ब्लॉकबस्टर फिल्में दी हैं. उनकी फिल्मों को देखने के लिए फैंस का हुजूम उमड़ पड़ता है.आमिर खान की ब्लॉकबस्टर फिल्मों की लाइन लंबी है. आज हम आपको उनकी 11 साल पहले आई एक ऐसी फिल्म के बारे में बता रहे हैं जिसने बॉक्स ऑफिस पर गजब की सफलता हासिल की थी. इसका बजट सिर्फ 85 करोड़ रुपये था,लेकिन बॉक्स ऑफिस पर ये फिल्म बजट से 9 गुना से भी ज्यादा कमाई करने में कामयाब हुई थी. चलिए जान लेते हैं कि एक दशक पहले आई ये फिल्म कौन सी है जिसने न सिर्फ भारत में बल्कि विदेशी बॉक्स ऑफिस पर भी ताबड़तोड़ नोट बटोरे थे और ऑल टाइम ब्लॉकबस्टर फिल्मों की लिस्ट में शामिल हो गई.

**85 करोड़ में बनी थी 'पीके'**

जिस फिल्म की यहां बात हो रही है उसका नाम है का. 'पीके' न सिर्फ आमिर की बल्कि हिंदी फिल्म इंडस्ट्री की सबसे कामयाब फिल्मों में से एक है. इस फिल्म ने विवादों के बीच भी फैंस का दिल जीता था. 'पीके' 19 दिसंबर 2014 को रिलीज हुई थी.

आमिर का साथ दिया था फिल्म में एक्ट्रेस अनुष्का शर्मा ने. इस पिक्चर का हिस्सा बोमन ईरानी, सौरभ शुक्ला और परीक्षित साहनी, सुशांत सिंह राजपूत जैसे कलाकार भी थे. 'पीके' राजकुमार हिरानी के निर्देशन में बनी थी, जिस पर मेकर्स ने 85 करोड़ रुपये की रकम खर्च की थी.

**कमा डाले थे 800 करोड़**

'पीके' ने आते ही बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा दी थी. इंडियन बॉक्स ऑफिस पर पहले दिन 26.63 करोड़, दूसरे दिन 30.34 करोड़ और तीसरे दिन 38.44 करोड़ कमाकर ये पिक्चर खुद को साबित कर चुकी थी. चार दिनों में 100 करोड़ से ज्यादा कमाने वाली 'पीके' ने भारत में टोटल 340 करोड़ रुपये कमाए थे. वहीं वर्ल्डवाइड इसने 792 करोड़ रुपये की कमाई की और ये पिक्चर ऑल टाइम ब्लॉकबस्टर साबित हुई.

## डेढ़ महीने में सनम जौहर ने छोड़ा शो,


# भाविका शर्मा

## की हुई वापसी!



स्टार प्लस का मशहूर सीरियल 'गुम है किसी के प्यार' में दर्शकों के बीच काफी पसंद किया जाता है. जल्द ही टीवी के इस पॉप्युलर टीवी सीरियल में बड़ा बदलाव देखने मिलेगा. इस बदलाव के चलते 'गुम है किसी के प्यार' में अहम किरदार सनम जौहर अब इस सीरियल का हिस्सा नहीं रहेंगे. उन्होंने इस शो को अलविदा कह दिया है. लगभग डेढ़ मैंने पहले शो में आए हुए लीप के बाद





सनम जौहर की इस में एंट्री हुई थी.'गुम है किसी के प्यार' में सनम जौहर महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे थे, उनके इस तरह से अचानक शो छोड़ने से उनके फैंस थोड़े निराश हो गए हैं. हालांकि, सनम की एग्जिट के बाद सीरियल में एक और बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा. खबर है कि एक्ट्रेस भाविका शर्मा, जिन्होंने पहले भी इस शो में काम किया था, उनकी इस शो में दोबारा एंट्री होने जा रही है. भाविका के वापस आने से कहानी में नया मोड़ आने की उम्मीद है.

**अलग अंदाज में नजर आएंगी भाविका**

भाविका शर्मा के किरदार को दर्शकों ने पहले भी पसंद किया था और उनकी वापसी से शो को नई एनर्जी मिल सकती है. भाविका इस बार पूरी तरह से अला अंदाज में नजर आने वाली हैं. निश्चित रूप से दर्शकों के लिए एक नया अनुभव होगा. अब देखना ये है कि ये बदलाव शो की टीआरपी पर क्या असर डालते हैं और कहानी किस दिशा में आगे बढ़ती है.

**टीवी शो में चल रहा है लीप का ट्रेंड**

सिर्फ 'गुम है किसी के प्यार' में ही नहीं बल्कि इस महीने कई टॉप टीवी शो में बड़े लीप देखने मिलने वाले हैं. रुपाली गांगुली का सीरियल 'अनुपमा' भी जल्द ही कुछ साल आगे जाने वाला है. अनुपमा के अलावा 'ये रिश्ता क्या कहलाता हैं' में भी अब 5 -6 साल का लीप देखने मिलेगा. भाग्यलक्ष्मी और झनक में भी जल्द जेनरेशन लीप देखने मिल सकता है.